www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, रविवार, 6 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक –98 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
आज़ादी का अमृत महोत्सव

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

## छत्तीसगढ़ के 7 स्टेशनों का भी होगा पुनर्विकास

बिलासपुर जं.




रायपुर जं.




दुर्ग जं.



### ₹25 हजार करोड़ की लागत से 508 स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास
### छत्तीसगढ़ के 7 स्टेशन ₹1459.6 करोड़ की लागत से बनेंगे आधुनिक

- स्टेशन का शहर के सिटी सेंटर के रूप में होगा विकास, जहाँ होंगे रूफ प्लाज़ा, शॉपिंग ज़ोन, फूड कोर्ट, चिल्ड्रन प्ले एरिया जैसी कई सुविधाएँ
- यात्रियों की सहूलियत के लिए होंगे अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, मल्टी-लेवल पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवलेटर, एग्जीक्यूटिव लाउंज, वेटिंग एरिया, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएँ
- कनेक्टिविटी के मल्टी-मॉडल एकीकरण से पुनर्विकसित स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक प्रगति के केंद्र

**छत्तीसगढ़ के पुनर्विकसित होने वाले रेलवे स्टेशन**

अकलतरा | भिलाई पावर हाउस | बिलासपुर जं. | दुर्ग जं. | महासमुन्द | रायपुर जं. | तिल्दा - नेवरा

परियोजना का शिलान्यास

## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) 6 अगस्त, 2023, सुबह 11 बजे



**गरिमामयी उपस्थिति**

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**रावसाहेब पाटिल दानवे**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल, कोयला और खान मंत्रालय

**दर्शना जरदोश**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल एवं वस्त्र मंत्रालय

DD NEWS पर कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखें

# चीफ़ जस्टिस रमेश सिन्हा ने किया केंद्रीय जेल रायपुर का निरीक्षण

## जेल में संचालित पहली से 12 वीं तक का स्कूल भी देखा



**बिलासपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा से आज रायपुर स्थित पहुना गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय सहित अधीनस्थ न्यायालयों के विभिन्न विषय जो कि शासन के समक्ष लंबित है, उन पर औपचारिक चर्चा हुई। उपरोक्त मीटिंग के तुरंत बाद मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा औचक निरीक्षण हेतु केन्द्रीय जेल, रायपुर पहुंचे और वहां उन्होंने पुरूष बंदीगृह के सभी बैरकों का निरीक्षण किया तथा महिला बंदीगृह का भी निरीक्षण किया। उनके द्वारा जेल के अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। जेल में स्थायी रूप से चिकित्सक की नियुक्ति होना पाया गया। चिकित्सक से उन्होंने बंदियों को दी जा रही चिकित्सा सुविधा व दवाईयों की जानकारी ली तथा बंदियों से भी इस संबंध में पूछताछ की गई।

चीफ़ जस्टिस ने जेल में वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम, विधिक प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। जेल की कैंटीन, बंदियों द्वारा संचालित प्रिंटिंग प्रेस, सिलाई बुनाई कक्ष, शिक्षा केन्द्र इत्यादि का भी निरीक्षण किया। बंदियों से बातचीत करते हुए जानकारी प्राप्त की कि उन्हें जेल मेन्युअल के अनुरूप सुविधाएँ मिल रही है या नहीं। बच्चों के साथ रहने वाले महिला बंदियों के बारे में उन्होनें जेल अधीक्षक से महिला बंदियों के बच्चों को मिलने वाली सुविधाएँ जैसे कि स्वास्थ्य, शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास हेतु व्यवस्था की जानकारी ली। जेल अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि जेल में पहली कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई हेतु शासन से मान्यता प्राप्त स्कूल संचालित है, जिसमें संस्कृत की शिक्षा भी दी जा रही है।

मुख्य न्यायाधीश द्वारा स्कूल का भी निरीक्षण किया गया। जेल में शिक्षा, स्वास्थ्य व साफ-सफाई की सुविधा पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के समय वहां जेल अदालत चल रही थी। भूपेन्द्र कुमार वासनीकर, सीजेएम रायपुर द्वारा प्रकरणों में सुनवाई की जा रही थी। उन्होने जेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी बंदी की अपील न्यायालय के समक्ष दो बार प्रस्तुत की गई है तो उस विषय की जानकारी त्वरित रूप से संबंधित न्यायालय को अवगत कराये।

साथ ही उनके द्वारा यह भी जानकारी ली गयी कि कितनी बंदियों को विधिक सेवा प्रदान की जा रही है।

जेल अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में जेल की क्षमता कुल 1586 बंदियों की है जबकि जेल में बंदियों की कुल संख्या 3267 है जिसमें से पुरूष बंदियों की संख्या 3117 तथा महिला बंदियों की संख्या 150 है। निरीक्षण के समय कमिश्नर डॉ संजय कुमार अलंग, आईजी रतनलाल डांगी, डीआईजी जेल सह केन्द्रीय जेल अधीक्षक एस.एस. तिग्गा, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल, जेलर एमएन प्रधान मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा, विधि विभाग, रायपुर के प्रमुख सचिव रजनीश श्रीवास्तव एवं एडिशनल रजिस्ट्रार सह पीपीएस एम. वी. एल. एन. सुब्रहमन्यम भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि माननीय मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा के मात्र 03 माह के कार्यकाल में ही अनेकों न्यायालयों व जेलों का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश जारी कर चुके हैं जिसके सकारात्मक परिणाम भी मिलने शुरू हो गये हैं।

## 6 साल से फरार धोखाधड़ी के आरोपी

रायगढ़ 05 अगस्त (देशबन्धु)। घरघोड़ा पुलिस ने कोयले की हेराफेरी करने वाले 6 साल से फरार ट्रेलर ड्रायवर विश्वजीत डेहरी पिता रामेश्वर डेहरी उम्र 42 वर्ष सा. अर्जुंदा (बाझीपाली थाना अम्बाभौना जिला बरगढ (उडिसा) को मुखबिर लगाकर पकड़ा गया है। आरोपी लगातार अपना लोकेशन बदल कर रहा था।

### क्या था मामला

जानकारी के मुताबिक 04 दिसंबर 2017 एवं 05 दिसंबर 2017 को जामपाली घरघोड़ा में ट्रेलर क्रमांक एनएल 02 एन 4517 एवं सीजी 13 एलए 5199 में कोयला लोडिंग के लिये प्रवेश किये। दोनों वाहन कोयला लोडिंग पश्चात कांटा होने के बाद एग्जिट बेरियर जाने के बजाये फिर कोयला लोडिंग पाइंट में गया और कोयला लोड ड्रायवर एवं लिफ्टर से मिलकर निर्धारित वजन से अत्याधिक कोयला लोड कर लिये। दोनों वाहनों के चालक एवं लिफ्टर द्वारा छल कपट कर बेईमानी से दोबरा कोयला लोड कराना पाये जाने पर एस.ई.सी.एल. सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा के आवेदन पर 07 दिसंबर को थाना घरघोड़ा में आरोपी वाहन चालक, लिफ्टर लड्डू महतो, विश्वजीत डेहरी, शेर सिंह चैहान के विरूद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना दरम्यान आरोपी शेरसिंह चैहान (28 साल) निवासी कुडुमकेला थाना घरघोड़ा एवं आरोपी लड्डू महतो पिता का महतो उम्र 36 साल निवासी जिला वैशाली (बिहार) हा मु. लैलूंगा रोड चिन्नू सेठ का मकान घरघोड़ा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था।

# केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीति के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

## भूपेश सरकार हर समय किसानों के साथ - अरुण



**बिलासपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीति के खिलाफ पूरे प्रदेश में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम के तहत बिलासपुर में भी धरना प्रदर्शन एवं पुतला जलाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बिलासपुर संभाग प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव अरुण गुड्डू यादव संभाग सह प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव योगेश शर्मा उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन में संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी अरुण गुड्डू यादव ने कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हर समय किसानों के साथ खड़े है केंद्र सरकार ने छत्तीस गढ़ में किसानों के खेती में उपयोग होने वाली मसीनो में जो 12 प्रतिसत जीएस्टी टैक्स था उसको बड़ाकर 28 प्रतिसत किया उससे किसान बहुत दुखी है। वह कृषि उपकरण नही खरीद पा रहा है यादव ने कहा केंद्र सरकार द्वारा किसान निधि की रासी किसानों को दी जाती रही है उसको भी किसानों से वापस मागा जा रहा है किसानों के घर वसूली में भेजा जा रहा यह सब छत्तीस गढ़ के किसानों के साथ ही क्यों किया जा रहा है।

यह सब प्रधानमंत्री मोदी जानबूझकर किसानों को परेशान कर रहे है किसान हर एक तकलीफ का जवाब फिर से देगा उन्होंने कहा की जो किसानों के हित की बात करेगा वही छत्तीसगढ़ में राज करेगा संभाग सह प्रभारी योगेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा केंद्र सरकार के रवैयए से छत्तीस गढ़ के किसान,मजदूर सभी परेशान है किसान है तो हम है केंद्र सरकार हमेशा से ही छत्तीस गढ़ के किसानों को दुखी करती आई है जो की बहुत ही ज्यादा निंदनीय है जिला किसान काग्रेस अध्यक्ष योगेश यादव ने केंद्र सरकार को तानाशाह सरकार बताते हुए कहा की आज किसानों के साथ साथ आम जनता भी बहुत दुखी है महंगाई चाहे पेट्रोल की हो या गैस सैलेंडर की प्रदेश महासचि नीरज सोनी ने भी केंद्र की सरकार को भ्रष्ट बताते हुए किसान विरोधी सरकार बताया व आने वाले लोकसभा चुनाव में किसानों के द्वारा भाजपा को उखाड़ फेंकने की बात कही।

## केंद्र सरकार किसानों का शोषण कर रही - राजेंद्र

बेलतरा के छाया विधायक राजेंद्र साहू (डब्बू) ने कहा केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुवे कहा की जो सरकार किसान की आय को दुगनी करने की बात करती थी। वही सरकार किसानों की रासायनिक खाद बीज यंत्रों में बारह परसेंट जी एस टी को सीधा अठाईस परसेंट कर के किसानों की शोषण कर रही हैं।

# वी क्लब पदाधिकारियों ने ली शपथ

गौरेला पेंड्रा मरवाही (देशबन्धु) जिले के वी क्लब लक्ष्य के द्वारा नए पदाधिकारियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था, शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि जिला सचिव वी क्लब लक्ष्य के जिला सचिव अलका फरमानिया के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में शपथ ग्रहण के साथ-साथ फ्रेंडशिप डे, एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। जिला सचिव अलका फरमानिया ने जानकारी देते हुए कहा कि यह क्लब महिलाओं का संचालित करने वाली एक संस्था है जिसमें हमारा क्लब सेवा, समर्पण, सहयोग का आदर्श है। जिसमें हम सब मिलकर कार्य कर रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि हम महिलाएं भी मानती हैं कि अगर हमने ममता करुणा है तो हममे शक्ति भी है। यदि हम खुशी के पल में मुस्कुरा देते हैं या आनंदित हो जाते हैं तो दुख के समय हम अविरल हो जाते हैं यह पालन करने वाले हाथ पूरे विश्व को बदलने की ताकत रखते हैं यह हम महिलाएं मानती हैं वही हमारे संस्था का एक ही उद्देश्य सेवा समर्पण और सहयोग करना है। वही हम आपसे यह अपेक्षा रखते हैं कि जिस तरह से सेवा समर्पण एवं सहयोग से अपनी संस्था एक विशाल बरगद की तरह होता है उसी तरह हम भी एक जरूरतमंद लोगों की सहायता कर रहे हैं। ताकि लोगों को उसकी छाया जरूरतमंद लोगों को मिल सके। हम सदैव तत्पर रहते हैं कि किसी के आंखों में आंसू ना हो सभी खुशहाल जीवन जीने में समर्थ हो। वही पत्रकारों ने भी क्लब के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की, साथ ही महिलाओं के द्वारा किए जा रहे कार्य एवं जिस तरह से महिलाएं आगे आकर जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रही हैं वह कहीं ना कहीं सराहनीय कार्य है। वही इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सचिव अलका फरमानिया, अध्यक्ष कविता थदलानी, सचिव सुमन सोनी, कोषाध्यक्ष गुलाब द्विवेदी, चित्रारानी जायसवाल, नीतू जैन, सविता गुप्ता, ज्योति बंसल आरती अग्रवाल, नेहा गोयनका, रेशू अग्निहोत्री, प्रिया त्रिवेदी, लक्ष्मी अग्रवाल, कार्यक्रम में जिले के पत्रकार सहित वी क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## युवती से छेड़छाड़ का आरोपी गया जेल

रायगढ़ 05 अगस्त (देशबन्धु)। कामकाजी युवती से छेड़खानी करना युवक को उस समय भारी पड़ा जब युवती की शिकायत पर घरघोड़ा थाना प्रभारी शरद चंद्रा द्वारा आरोपी युवक पर छेड़खानी के गैर जमानती धाराओं में कार्यवाही कर उसे रिमांड बाद जेल जाना पड़ा।

घटना को लेकर 02 अगस्त को थाना घरघोड़ा में पीड़ित कामकाजी युवती आवेदन लेकर थाने पहुंची और अपनी रिपोर्ट दर्ज कराते हुये बतायी कि पिछले माह 15 तारीख को प्रतिदिन की तरह काम से घर लौट रही थी। रास्ते में मनचला युवक योगेश भोय जबरदस्ती उससे बातचीत करने का प्रयास कर हाथ बाह पकड़ कर छेड़छाड़ कर रहा था, जब इसका विरोध की तो आरोपी उससे गाली गलौज और मारने पीटने की धमकी देने लगा।

# चोरी गई मोटरसाइकल बरामद आदतन बदमाश गिरफ्तार



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 5 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस ने आदतन चोर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। गौरेला थाना क्षेत्र में दिनांक 30/07/2023 को मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट प्राप्त हुई थी थाना गौरेला प्रभारी के द्वारा इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में साइबर सेल एवं थाना प्रभारी गौरेला ने थाना प्रभारी गौरेला एवं साइबर सेल की टीम के द्वारा चोरी गए मोटर साइकिल बजाज पल्सर की पतासाजी की जा रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अमन कुमार साहू निवासी सगरा टोला के पास उक्त मोटरसायकल देखा गया है। जिस पर अमन कुमार साहू को थाना तलब कर तस्दीक कर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ किए जाने पर आरोपी अमन कुमार साहू द्वारा उक्त मोटर साइकिल चोरी करना बताया जिसे गौरेला पुलिस के द्वारा आरोपी के कब्जे से बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

संपूर्ण कार्यवाही में गौरेला थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मनोज हनौतिया, सहायक उप निरीक्षक, अरविंद मिश्रा थाना गौरेला, आरक्षक कौशलेंद्र बघेल, आरक्षक दुष्यंत साइबर सेल, आरक्षक राजेश शर्मा साइबर सेल आरक्षक रवि त्रिपाठी साइबर सेल आरक्षक रामलाल खुराना साइबर सेल आरक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा, आरक्षक चौपाल कश्यप साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# बिलासपुर भाजपा प्रभारी ने कहा-चुनाव की तैयारियों में लग जाएं



## समय के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को भी जोड़ कर रखें - बांधी

**बिलासपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा जयराम नगर गतौरा मंडल, मल्हार, व लोहरसी मंडल की बैठक में बिलासपुर जिला प्रभारी मोती लाल साहू ने सभी पदाधिकारियों से दोटूक कहा कि अब संगठन की गतिविधियों पर ध्यान रखना है। इसी तरह हमारे कार्यकर्ताओं को भी जोड़कर रखना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपनी सक्रियता दिखाते हुए अग्रिम पंक्ति में आकर कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें। प्रदेश में अर्स्ण साव के नेतृत्व में अग्रिम पंक्ति का दस्ता तैयार किया गया है। वे केंद्र सरकार की योजनाओं व कांग्रेस सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।

साहू ने पदाधिकारियों से कहा कि जनमानस से निरंतर संपर्क बनाए रखें। भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को समझते हुए नीति तैयार करें और निरंतर जनसंपर्क करें। अपने लक्ष्य निर्धारित कर सामाजिक व भौगोलिक दृष्टि से कार्ययोजना तैयार कर मैदान में डटे रहें।

शनिवार को उन्होने जय राम नगर गतौरा,मल्हार व मस्तुरी व लोहर्सी मंडल कार्यसमिति व बीएलओ 2 की बैठक ली। इसमें उन्होंने आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की। डॉक्टर. बांधी ने कहा अब हमें समय के साथ कार्यकर्ताओं को बांधकर रखना है और खुद के साथ ही उन्हें भी अपडेट रखना है। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यों को सभी पदाधिकारी अपनी दिनचर्या के रूप में शामिल कर लें, जिससे कार्यकर्ता भी संगठन के प्रति जुड़े रहेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को पार्टी की बैठकों में नियमित रूप से आने की नसीहत भी दी बैठक में उन्होंने प्रदेश की भूपेश सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रदेश सरकार की खामियों को उजागर कर कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता तक पहुंचाने की बात कही बैठक में विधानसभा प्रभारी कार्तिकेश्वर स्वर्णकार द्वारा बीएलओ 2 को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**प्रदेश में जगह-जगह लगाई ...**

रही है। राज्य की सियासत के लिहाज से आदिवासी समुदाय को लुभाए रखना भी राजनीतिक दलों के लिए जरूरी है, उसी का नतीजा है कि वर्तमान सरकार भी आदिवासियों में सम्मान का भाव जागृत करने के प्रयास कर रही है। इसी क्रम में रानी दुर्गावती की प्रतिमाएं जगह-जगह स्थापित हो रही हैं।

**2018 में कांग्रेस ने किया था शानदार प्रदर्शन**

राजनीति के जानकारों का मानना है कि राज्य में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित 29 सीटों में से 28 सीटों पर जीत हासिल हुई थी और पार्टी अपने इस प्रदर्शन को आगे भी बरकरार रखना चाहती है। इसके लिए जरूरी है कि आदिवासियों के मान-सम्मान के साथ उनके पूर्वजों को खास अहमियत दी जाए इसीलिए कांग्रेस की सरकार इस वर्ग के लिए कार्यक्रम, समारोह तो आयोजित कर ही रही है, साथ में विशेष सुविधाएं भी मुहैया करा रही है।

**फॉर्म नंबर यूआरसी - 2**

अधिनियम के अध्याय XXI के भाग । के तहत पंजीकरण के बारे में सूचना देने वाला विज्ञापन (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (बी) और कंपनी (पंजीकरण के लिए अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4 (1) के अनुसार]

1. इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुसरण में, इसके पंद्रह दिनों के बाद लेकिन इसके बाद तीस दिनों की समाप्ति से पहले बिलासपुर में रजिस्ट्रार को एक आवेदन किया जाना प्रस्तावित है। **मेसर्स आर आर इंजीनियर एंड सर्वेयर्स** एक साझेदारी फर्म को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग । के तहत शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।

2. कंपनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं:
इंजीनियरिंग, खरीद और कमीशनिंग, डिजाइन, स्थापना, निर्माण, बिछाने, परामर्श और प्रबंधन सेवाएं प्रदान करना या सभी वोल्टेज स्तरों के लिए ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन के निर्माण, स्थापना, बिछाने, कमीशनिंग के लिए टर्नकी परियोजनाएं शुरू करना जिसमें पीएलसीसी सिस्टम, स्काडा और ऑप्टिकल शामिल हैं। फाइबर और अन्य वितरण नेटवर्क। बिल्डरों, रियल एस्टेट डेवलपर्स, सिविल, मैकेनिकल और बिल्डिंग और निर्माण इंजीनियरों, सलाहकारों, डीलरों, आयातकों, निर्यातकों के रूप में व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए। व्यक्तिगत रूप से या किसी अन्य कंपनी/फर्म/व्यक्ति/सलाहकार, चाहे वह स्थानीय हो या विदेशी के साथ संयुक्त उद्यम के रूप में परियोजनाओं के विकास, रखरखाव और संचालन का व्यवसाय चलाना। उत्पादन और प्रसंस्करण और निर्माण और संयोजन, मरम्मत, विकल्प, खरीद, आयात, विपणन, बिक्री और निर्यात सहित विनिर्माण के व्यवसाय को आगे बढ़ाने और अन्यथा सभी प्रकार के इलेक्ट्रिक घटकों में काम करना।

3. प्रस्तावित कंपनी के ड्राफ्ट मेमोरेंडम और आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन की एक प्रति का निरीक्षण **प्लॉट 442, इंदिरा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, टी. पी. नगर, कोरबा (सी.जी.) 495677** स्थित कार्यालय में किया जा सकता है।

4. सूचना दी गई है कि इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामले संस्थान (आईआईसीए), प्लॉट 57 नंबर 6, 7, 8, सेक्टर, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड - 122050 में रजिस्ट्रार को लिखित रूप में अपनी आपत्ति बता सकता है। इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिनों के भीतर, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में एक प्रति भेजें।

**आवेदक का नाम**
1. श्री मुकेश माहेश्वरी
2. श्री रजत माहेश्वरी
3. श्रीमती. हर्षिता माहेश्वरी

**दिनांक: 06 अगस्त, 2023**
**रविवार का दिन**

**आम- सूचना**

हम एम.मसीह आयु 63 वर्ष पिता स्व. अमूल्या एवं श्रीमती एस.मसीह आयु 64 वर्ष पति श्री एम.मसीह निवासी जरहाभाठा तह.जिला बिलासपुर (छ.ग.) के है, जो निम्नानुसार कथन शपथ पूर्वक करते हैं कि -

यह कि आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित हो कि हमने अपने पुत्र होप संकेत आयु 33 वर्ष, पुत्र वधू शिविका मसीह आयु 30 वर्ष दोनों को अपने चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, इसलिए आज दिनांक 28/07/2023 से इनसे हमारा कोई रिश्ता नहीं है, भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था, इनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन, व्यापार या कोई रिश्ता करता है, तो उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**हस्ताक्षर- मनोहर मसीह**
**हस्ताक्षर- एस.मसीह**
**जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
**नाम परिवर्तन के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती पूनम सिंह पति स्व. श्री अर्जुन सिंह निवासी विद्या नगर कृष्णा अपार्टमेंट के पास बिलासपुर (छ.ग.) की निवासी है तथा वर्तमान में मेरी पक्षकार उपरोक्त नाम से जानी-पहचानी, लिखी-पढ़ी, समझी एवं पुकारी जाती है।

यह कि मेरी पक्षकार अपना पुराना नाम बिन्दुल पिता जलेश्वर देव पति स्व. श्री अर्जुन सिंह को त्यागकर नया नाम श्रीमती पूनम सिंह पति स्व. श्री अर्जुन सिंह रख ली है।

अतः आज दिनांक से मेरी पक्षकार के समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम श्रीमती पूनम सिंह पति स्व. श्री अर्जुन सिंह से ही जाना व पहचाना जावें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक ......

सो सूचना जानें।

तेजपाल सिंघ (अधिवक्ता)
सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)
मो. नंबर-9691716622

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं यश गुरवानी पिता संजय कुमार गुरवानी निवासी D-/15 चंदेला विहार, तालापारा, प्रियदर्शिनी नगर, बिलासपुर, नगर निगम, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम यश गुरुवानी को त्याग कर नया नाम यश गुरवानी रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम यश गुरवानी पिता संजय कुमार गुरवानी से ही जाना पहचाना जाये

**यश गुरवानी**
पिता संजय कुमार गुरवानी
D-/15 चंदेला विहार,
तालापारा, प्रियदर्शिनी नगर,
बिलासपुर, नगर निगम,
बिलासपुर, छत्तीसगढ़

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2022-23
पक्षकार - हरीश कुमार पारवानी पिता कन्हैयालाल पारवानी वगैरह.... आवेदकगण
बनाम
नलिन जेम्स पिता स्व. नेलसन जेम्स .... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीश कुमार पारवानी पिता कन्हैयालाल पारवानी वगैरह निवासी रामावैली रायपुर रोड नगर पंचायत एवं तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा शीट नं.5, प्लाट नं. 14/21 रकबा 3328 व.फु. में से रकबा 1000 व.फु. भूमि को अनावेदक नलिन जेम्स पिता स्व.नेलसन जेम्स से दिनांक 13.07.2023 का पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 23/08/2023 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 04/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

विवाह प्रकरण क्रमांक 133/
दिनांक 18.07.2023
ग्राम - मेढ़ापाली, तहसील- डभरा

आवेदक ज्वाला सिंह खूंटे, पिता श्री बूंदराम, उम्र 25 वर्ष जाति सतनामी, निवासी ग्राम मेढ़ापाली थाना व तहसील डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका किरण साव, पिता श्री पिताम्बर साव, उम्र 25 वर्ष जाति तेली, निवासी तरकेला, थाना जूटमिल तहसील रायगढ़, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम मेढ़ापाली तहसील डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्वाला सिंह खूंटे, पिता श्री बूंदराम, उम्र 25 वर्ष जाति सतनामी, निवासी ग्राम मेढ़ापाली थाना व तहसील डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)एवं आवेदिका किरण साव, पिता श्री पिताम्बर साव, उम्र 25 वर्ष जाति तेली, निवासी तरकेला, थाना जूटमिल तहसील रायगढ़, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रुप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 18.08.2023 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
**विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पंचायत डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**

क्रमांक 1155/ निर्माण/ न.पं./ 2023
डभरा, दिनांक 04/08/2023

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा नगर पंचायत डभरा हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में समक्ष उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ एजेंसी से त्रि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से वर्तमान में प्रचलित **CGPWD 01-01-2015 (Building / Road)** पर प्रतिशत दर (कम/ बराबर/ अधिक) पर निविदाएं रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट से उल्लेखित तिथि तक बंद लिफाफा में मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. आवेदन की अंतिम तिथि - 28.08.2023 सांयं 4:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 31.08.2023 सायं 4:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि - 05.08.2023 दोपहर 3.30 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 05.08.2023 सायं 4.00 बजे

| क्र. | सामग्री/ कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (FDR) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01 अग्रसेन भवन रोड से मुन्ना टी स्टॉल तक सी. सी.रोड एवं आर.सी.सी.नाली, नवीन कुर्रे घर के पास पुलिया निर्माण कार्य | 9.53 | 10000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 02 नहर पुल से बलभद्र घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 9.19 | 9500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 3 | वार्ड क्र. 04 में चबूतरा का रंग रोगन एवं सौन्दर्यीकरण एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य | 8.42 | 8500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 4 | वार्ड क्र. 05 गुरू कसेर घर से शनि मंदिर तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य एवं देवनंदन घर से दया शंकर घर तक पेवर ब्लॉक कार्य। | 15.22 | 15500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 5 | वार्ड क्र.07 सुरज गेरेज से अडोलिया घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य एवं किरन टंडन घर के पास पुलिया निर्माण कार्य | 8.43 | 9000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 6 | वार्ड क्र. 08 वट सावित्री चौक से मेन रोड व्हाया मोहन साहूल घर तक सी.सी.रोड एवं चबुतरा निर्माण कार्य | 17.35 | 17500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 7 | नगर पंचायत कार्यालय का रेनोवेशन कार्य | 6.24 | 6500.00 | 750.00 | 1 माह |
| 8 | वार्ड क्र. 11 पटेल घर से रमेश चौहान घर तक सी.सी.एवं चंद्रहासिनी मंदिर से नवधा चौक तक रोड निर्माण | 7.10 | 7500.00 | 750.00 | 2 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा सामान्य शर्तें, विस्तृत विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा में देखी जा सकती है। यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत डभरा**

CMYK

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 6 अगस्त 2023

वर्ष - 33 | अंक -98 | पृष्ठ - 12

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करे :-
bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

कर्नाटक में दो सौ यूनिट बिजली फ्री पृष्ठ 11

मड़ई
▸ चंदखुरी के प्राचीन शिव मंदिर के निरमान होय हे छमासी रात म पृष्ठ 4

▸ वापसी के लिए भारत का लक्ष्य बल्लेबाजी विभाग में करना होगा बेहतर प्रदर्शन
▸ ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में प्रणय पृष्ठ 10

देश विदेश
▸ भारत सरकार पर लगाए थे युद्ध अपराध के आरोप
▸ कंबोडिया में संसदीय चुनावों में सत्तारुढ़ सीपीपी जीती
▸ जुलाई में विश्व में गेहूं की कीमतें बढ़ीं : एफएओ
पृष्ठ 9

## राहुल की संसद सदस्यता का मामला


# मंगलवार तक सदस्यता बहाल न होने पर कोर्ट जाएगी कांग्रेस

- लोकसभा सदस्यता जल्द बहाल न करने की हो रही साजिश
- एनसीपी सांसद फैजल के फैसले को नजीर बनाएगी कांग्रेस

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दोषसिद्धि पर रोक लगाने के बावजूद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जल्द बहाल न करने की साजिश हो रही है। वरिष्ठ पार्टी नेता व राहुल गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहाकि पार्टी इंतजार कर रही है। मंगलवार तक उनकी सदस्यता बहाल नहीं हुई तो पार्टी न्यायालय का रुख करेगी।

कांग्रेस पार्टी एनसीपी के लक्षदीप लोकसभा क्षेत्र से सांसद मोहम्मद फैजल पीपी के फैसले को नजीर बनाकर कोर्ट जाने की तैयारी कर रही है। जिनको हत्या से जुड़े एक मामले में 10 साल की सजा सुनाए जाने के बाद संसद की सदस्यता



से अयोग्य ठहरा दिया गया था। लेकिन 25 जनवरी 23 को केरल हाईकोर्ट ने सजा पर रोक लगा दी। इसके बाद उन्होंने सदस्यता बहाली को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। लेकिन 29 मार्च को सुनवाई से ठीक पहले उनकी सदस्यता बहाल कर दी गई।

**लोकसभा अध्यक्ष को किया था फोन**

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी की आरोप है कि राहुल की सदस्यता जल्द न बहाल करने की साजिश हो रही है। उन्होंने

> पार्टी की मांग है कि जितनी तेजी से राहुल की सदस्यता खत्म हुई थी,उतनी ही तेजी बहाल की जानी चाहिए : अधीर रंजन चौधरी, लोकसभा में कांग्रेस के नेता

कल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की थी,जिसके बाद शनिवार को समय का दिया गया। आज जब लोकसभा अध्यक्ष को फोन किया गया तो उन्हें महासचिव से बात कर पेपर जमा कराने को कहा।

महासचिव ने कार्यालय बंद होने की बात कर कागजात लोकसभा अध्यक्ष के पास जमा कराने को कहा। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने पत्र पर हस्ताक्षर तो कर दिया है लेकिन मुहर नहीं लगी है। ऐसे में पार्टी की मांग है कि जितनी तेजी से राहुल की सदस्यता खत्म हुई थी,उतनी ही तेजी बहाल की जानी चाहिए।

## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अगली बैठक 31 से

**मुंबई**। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि पार्टी 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में 26 राष्ट्रीय विपक्षी दलों आई.एन.डी.आई.ए (इंडिया) के अगले सम्मेलन की मेजबानी करेगी। आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों की रणनीति तैयार करने के लिए पटना और बेंगलुरु में आयोजित पहले दो सम्मेलनों के बाद यह तीसरा सम्मेलन होगा। संजय राउत ने कहा कि यहां अगली बैठक की मेजबानी शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे करेंगे, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी हमारे साथ हैं। संजय राउत ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए यह बयान दिया।

इस बैठक में एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार, सांसद सुप्रिया सुले, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, पृथ्वीराज चव्हाण, अशोक चव्हाण और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

# जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

## सीएम बघेल की स्टाइपेंड बढ़ाने की घोषणा के बाद लिया गया फैसला

**रायपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। जूडो ने पांच दिन से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद स्थगित कर दिया है।जूनियर डॉक्टर्स की शिष्यवृत्ति में वृद्धि की गई है।इसकी जानकारी भूपेश बघेल ने ट्वीट करते हुए दी है।

जूडो के अध्यक्ष डॉ मनु प्रताप और यूडीएफ के अध्यक्ष डॉ हीरामणि ने बताया, फिलहाल ब्रांड समस्या का समाधान नहीं हुआ है और बॉन्ड में जाने वाले डॉक्टरों की सैलरी का डिफरेंस अब लगभग 20,000 का बढ़ गया. इसे लेकर विभाग और सरकार से चर्चा करेंगे। भरोसा है कि हमारी मांगे सुनी जाएगी, क्योंकि पिछले पांच सालों से कोई समाधान नहीं हुआ था. फिलहाल हड़ताल स्थगन की सूचना डीन को दे दी गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऐलान करते हुए कहा है कि, जूनियर डॉक्टर्स का स्टाइपेंड बढ़ाया जा रहा है। स्टाइपेंड की मांग को लेकर कई बार जूनियर डॉक्टर विरोध कर चुके थे। जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश ने ट्वीट कर यह जानकारी साझा करते हुए कहा संतोष हो रहा है कि हमने जूनियर डॉक्टर्स का स्टाइपेंड बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस प्रकार पी जी फर्स्ट ईयर करने वाले जूनियर डॉक्टर्स को 67500 रुपए मिलेंगे, इससे पहले इन्हें 53,550 रुपए मिल रहे थे। पी जी सेंकड ईयर करने वाले जूनियर डॉक्टर्स का स्टाइपेंड 56700 से बढ़ाकर 71450 किया गया है।पी जी थर्ड ईयर करने वाले जूनियर डॉक्टर्स का स्टाइपेंड बढ़ाकर 59200 से 74600 किया गया है।एम बी बी एस करने वालों को 15900 मिलेंगे। उन्हें इससे पहले 12600 स्टाइपेंड मिल रहा था।

**सबसे कम मानदेय था**

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट मनु प्रताप सिंह ने बताया था कि राज्य में जूनियर डॉक्टर्स को मिलने वाला स्टाइपेंड दूसरे राज्यों के मुकाबले बेहद कम है। उन्होंने बताया कि आस-पास के स्टेट एमपी, झारखंड से भी कम स्टाइपेंड प्रदेश के जूनियर डॉक्टर्स को मिलता है। दूसरे प्रदेशों में जहां 95 हजार रुपए तक दिया जाता है। वहीं छत्तीसगढ़ में 50-55 हजार रुपए ही मिलते हैं। किसी भी प्रदेश में 2 साल का बॉन्ड नहीं भरवाया जाता है। केवल छत्तीसगढ़ में ही ऐसा हो रहा है।

***3 हजार से ज्यादा डॉक्टर हड़ताल पर थे*** *- प्रदेश में जूनियर डॉक्टर्स की संख्या 3 हजार से ज्यादा है। ये सभी प्रदेश अलग-अलग जिलों के मेडिकल कॉलेज में पढ़ते हैं। इसके साथ ये लोगों का इलाज भी करते हैं। 4 दिन पहले भी इन लोगों ने हड़ताल किया था। सुबह से ओपीडी में रहने वाले जूनियर डॉक्टर नहीं थे। उनकी जगह रेगुलर स्टाफ ही अपनी सेवाएं दे रहे थे।*

## सार संक्षेप

### ईडी की सेंथिल के सहयोगी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी, नकदी और कीमती सामान जब्त

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में जेल में बंद तमिलनाडु के मंत्री टी. सेंथिल बालाजी के एक करीबी सहयोगी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। इस दौरान ईडी ने 22 लाख रुपए नकद, 16.6 लाख रुपये मूल्य का कीमती सामान और 60 बेनामी संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए।

### ज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे फिर शुरू

**वाराणसी**। ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने से रोकने की अंजुमन इंतजामिया मसाजिद समिति की याचिका शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद शनिवार को मुस्लिम पक्ष एएसआई टीम के समर्थन में आगे आया और मस्जिद परिसर का ताला खुलवाकर सर्वे के काम को शुरू कराया। एएसआई टीम के 30 से अधिक सदस्य सुबह लगभग आठ बजे मस्जिद परिसर पहुंचे थे।

### कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा**। राजस्थान के कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में एक ओर कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस महीने के पहले चार दिन में शहर में किसी कोचिंग छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत की यह दूसरी घटना है।

### महबूबा ने घर में नजरबंद करने का आरोप लगाया

**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश में सामान्य स्थिति के केंद्र के दावों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि उन्हें उनके घर में नजरबंद कर दिया गया है। केंद्र ने वर्ष 2019 में आज ही के दिन संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था जिससे जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त हो गया था।

## तोशाखाना मामला

# इमरान को 3 साल की जेल

**इस्लामाबाद**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना केस में गिरफ्तार कर लिया गया है। लाहौर पुलिस ने पीटीआई नेता को उनके जमान पार्क स्थित घर से गिरफ्तार किया। इस्लामाबाद की ट्रायल कोर्ट ने उन्हें 3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही अगले 5 साल तक वो चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। कोर्ट ने पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री पर एक लाख पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के वक्त कोर्ट ने कहा कि पीटीआई चेयरमैन इमरान ने तोशाखाना मामले में पाकिस्तान के चुनाव आयोग को गलत जानकारी दी थी। वो भ्रष्टाचार में लिप्त थे।

**लाहौर हाईकोर्ट पहुंची इमरान की पार्टी**

इमरान खान की गिरफ्तारी के खिलाफ पीटीआई ने लाहौर हाई कोर्ट



- 5 साल चुनाव नहीं लड़ पाएंगे पूर्व प्रधानमंत्री
- एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया

में याचिका दायर की है। तहरीक-ए-इंसाफ के नेता उमर खान नियाजी ने लाहौर हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। दायर याचिका में आईजी पाकिस्तान के पंजाब, सीसीपीओ लाहौर और अन्य को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा है कि इमरान खान को पुलिस ने अवैध तरीके से हिरासत में लिया था।

### देश के लिए संघर्ष कर रहा हूं : इमरान

इमरान खान ने गिरफ्तारी के बाद अपना एक वीडियो ट्वीट किया है। इसमें खान ने बताया है कि उन्हें गिरफ्तारी की पहले से ही जानकारी थी। इसलिए उन्होंने वीडियो को पहले ही रिकॉर्ड कर लिया था। खान ने कहा है कि वो देश को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। खान ने अपने समर्थकों से कहा कि मैं आपसे गुजारिश करता हूं कि आप चुप नहीं बैठें। जो संघर्ष मैं कर रहा हूं वो मेरे लिए नहीं है। ये देश के लिए है। आप के बच्चों के भविष्य के लिए है। खान ने कहा कि अगर आप अपने हकों के लिए नहीं खड़े होंगे तो आप गुलामी की जिंदगी जीएंगे।

## सरकार ने तीन अफसरों के बदले प्रभार

**रायपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने एक आईएएस अफसर समेत राज्य प्रशानिक सेवा के दो अफसरों के प्रभार में फेरबदल किये है। इन अफसरों को उनकी वर्तमान ज़िम्मेदारियों में कुछ परिवर्तन करने के साथ, अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

जिसमें आईएएस पुष्पा साहू, संयुक्त सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (अतिरिक्त प्रभार-वन विभाग) को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं राज्य प्रशानिक सेवा के अफसर राजीव अहिरे, उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग (अतिरिक्त प्रभार-चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग) को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश पर्यन्त उप सचिव, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। इसके आलावा कमलेश बंसोड़, उप सचिद, पशुधन विकास तथा मछली पालन विभाग (अतिरिक्त प्रभार- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश पर्यन्त उप सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है।

## विश्व चैंपियनशिप में अदिति ने जीता स्वर्ण




**बर्लिन**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। युवा भारतीय तीरंदाज अदिति स्वामी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप की महिला कंपाउंड एकल प्रतियोगिता में शनिवार को क्रमश: स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किए। पिछले महीने जूनियर विश्व चैंपियन बनने वाली अदिति फाइनल में मेक्सिको की आंद्रेया बेकेरा को 149-147 से हराकर सीनियर विश्व चैंपियनशिप में एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयीं। ज्योति ने कांस्य पदक मैच में तुर्कीये की इपेक तोमरुक को 150-146 से मात दी।

# भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया को दो साल की सजा

**आगरा**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में आगरा की एक विशेष अदालत ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी सांसद रामशंकर कठेरिया को एक निजी कंपनी के अधिकारी से मारपीट करने और बलवा करने के आरोप में दोषी करार करते हुए दो साल की कैद और 50 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जिले की एमपी/एमएलए कोर्ट ने इटावा के सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री कठेरिया को टोरंट कंपनी



के अधिकारी से मारपीट और बलवा करने का दोषी माना। दो साल की सजा होने के बाद रामशंकर कठेरिया संसद की सदस्यता जा सकती है। मामला 16 नवंबर, 2011 का है। उस समय कठेरिया आगरा संसदीय क्षेत्र से सांसद थे। अदालत ने सांसद को दोषी पाते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 147 में दो वर्ष कैद एवं 323 में एक वर्ष की कैद से दंडित किया। दोनों सजाएं साथ चलेंगी।

# कश्मीर में आतंकियों से मुठभेड़ में 3 जवान शहीद

**जम्मू**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कुलगाम के जिस जंगल में 4 से 5 आतंकियों के साथ सेना की मुठभेड़ चल रही है, उसमें लिप्त आतंकियों को ढेर करने की खातिर सेना ने अब सैंकड़ों छाताधारी सैनिकों को मैदान में उतारा है। साथ ही बीसियों ड्रोनों को तलाशी अभियान में झौंक दिया है। हालांकि इस मुठभेड़ में फंसे एक आतंकी को मार डालने का दावा किया जा रहा है। यह मुठभेड़ कल देर शाम उस समय आरंभ हुई थी जब कुलगाम के मंजगाम के हालन क्षेत्र में छुपे इन आतंकियों ने घात लगा कर सेना के तीन जवानों की जान ले ली थी। फिलहाल सेना ने शहीद होने वाले जवानों के नाम जाहिर नहीं किए हैं। सेना द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि तीनों जवान उस समय गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे जब 4 से 5 की संख्या में जंगलों में छुपे आतंकियों ने तलाशी अभियान के दौरान भारी गोलीबारी करने के साथ ही ग्रेनेड हमले किए थे। हालांकि बाद में मोर्चा संभालते हुए सेना ने उनमें से एक आतंकी को मार गिराने का दावा किया है। अतिरिक्त जवानों के मौके पर पहुंचने तक आतंकी जंगल के और भीतरी दुर्गम क्षेत्र में चले गए थे। जिस इलाके में यह मुठभेड हो रही है, वह अत्यंत दुर्गम है और आतंकियों ने पहाड़ी पर एक ऊंची जगह पेड़ों के बीच पोजीशन ले रखी है। इसके अलावा वर्षा के साथ धुंध होने के कारण मुठभेड़ लंबी खिंच रही है।

- सेना ने सैंकड़ों छाताधारी सैनिक और ड्रोन भी उतारे

**कहर बरपाना चाहते थे आतंकी**

प्रवक्ता के बकौल, सूचनाओं के अनुसार, जिन आतंकियों से अभी भी मुठभेड़ चल रही है उनमें अधिकतर विदेशी आतंकी हैं और उन्हें अनुच्छेद 370 की बरसी पर कहर बरपाने का टास्क दिया गया था। याद रहे आज यानि 5 अगस्त को अनुच्छेद 370 हटाए जाने की पांचवी बरसी है और पिछले कई दिनों से यह सूचनाएं मिल रही थीं कि आतंकी पाकिस्तान के दबाव के चलते कुछ बड़ा करने की कोशिशों में हैं।

# तस्करी से सरकारी खजाने को लग रहा चूना

**नई दिल्ली**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पिछले एक दशक में 2010 से 2020 तक तस्करी से केंद्र सरकार को होने वाला नुकसान चिंताजनक रूप से 163 प्रतिशत बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। 'अवैध बाजार' शीर्षक से जारी 2022 फिक्की कैस्केड अध्ययन के अनुसार, केंद्र सरकार को तस्करी के कारण भारी कर हानि का सामना करना पड़ता है। वर्ष 2010 से 2020 तक इसमें 163 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है। पांच महत्वपूर्ण उद्योगों पर तस्करी का वित्तीय प्रभाव 22,230 करोड़ रुपये से बढकर 58,521 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इनमें मादक पेय, मोबाइल फोन, एफएमसीजी-घरेलू और व्यक्तिगत सामान, एफएमसीजी-पैक खाद्य पदार्थ और तंबाकू उत्पाद शामिल हैं।

- पिछले एक दशक में नुकसान 163 प्रतिशत बढ़ा
- जागरूकता पैदा करने के लिए ऑटो रैली निकाली

इस बीच, अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाजी के खिलाफ फिक्की समिति (कैस्केड) ने अवैध व्यापार के खिलाफ अपना मुहिम तेज कर दिया है। अभियान के हिस्से के रूप में लोगों से जुड़ने और अवैध व्यापार के हानिकारक परिणामों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक ऑटो रैली का आयोजन किया गया। तानसेन मार्ग पर फिक्की हाउस से 250 से अधिक ऑटो रिक्शा एक निर्धारित मार्ग से गुजरे। ऑटो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए फिक्की यंग लीडर्स फोरम, यूपी चैप्टर के अध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा 'तस्करी और जालसाजी न केवल आर्थिक प्रगति में बाधा डालती है, बल्कि हमारे युवाओं के भविष्य को भी खतरे में डालती है। पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और अंतत: दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हमें एकजुट होना होगा और इस महत्वपूर्ण मुद्दे के खिलाफ जागरूकता बढ़ानी होगी। मैं इस अभियान को शुरू करने के लिए फिक्की कैस्केड के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं और अपने सभी ऑटो चालक भाइयों को दिल से धन्यवाद देता हूं जो इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए आगे आए हैं।' रिपोर्ट के अनुसार, 2010 से 2020 के दशक के दौरान अवैध शराब उद्योग से सरकार को होने वाले कर घाटे में 508 प्रतिशत से अधिक की भारी वृद्धि देखी गई, जबकि एफएमसीजी पैकेज्ड फूड उद्योग से कर घाटे में 201 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई और तम्बाकू उद्योग से नुकसान 113 प्रतिशत आंका गया था।

# मणिपुर में ताजा हिंसा में तीन की मौत

## मरने वालों में एक बुजुर्ग और उसका बेटा शामिल



**इंफाल**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शनिवार को हिंसा की एक ताजा घटना में एक बुजुर्ग और उसके बेटे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने क्वाक्टा लमखाई गांव पर धावा बोला और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।]

हमले में कुछ लोग घायल भी हुए हैं। अपुष्ट खबरों में कहा गया है कि उग्रवादियों ने दो ग्रामीणों का भी अपहरण कर लिया है। पुलिस अतिरिक्त बल के साथ इलाकों में पहुंच गई है और शवों को बरामद कर लिया है। मृतकों की पहचान युमनाम पिशाक मैतेई (67) और उनके बेटे युमनाम प्रेमकुमार मैतेई (39) और एक पड़ोसी युमनाम जितेन मैतेई (46) के रूप में की गई।

**भीड़ ने कई रास्ते जाम किए**

ये हिंसक झड़प टेराखोंगसांगबी कांगवे और थोरबुंग में हुई हैं। यह इलाका कुकी-मैतेई के बीच का बॉर्डर है, जो बफर जोन कहलाता है। तीन लोगों की मौत के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया। थोरबंग एरिया में पहाड़ों से सुबह से फायरिंग हो रही है। मोर्टार से भी हमला किया गया। भीड़ ने कई रास्ते जाम कर दिए हैं।

# प्रदेश में जगह-जगह लगाई जा रहीं वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमाएं

**रायपुर**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की राजनीति में सत्ता हासिल करना या सत्ता में बने रहने के लिए आदिवासी वर्ग को खुश रखना जरूरी है। इस मामले में तमाम दल पीछे नहीं रहना चाहते। छत्तीसगढ़ की वर्तमान भूपेश बघेल सरकार भी आदिवासियों के बीच अपनी गहरी पैठ बनाए रखने के लिए जगह-जगह वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमाओं की स्थापना कर रही है। गोंडवाना राज्य की रानी के तौर पर सबसे ज्यादा सम्मान पाने वाली रानियों में दुर्गावती प्रमुख हैं। इन्हें आदिवासी समुदाय देवी के तौर पर भी पूजता है। लिहाजा रानी को सम्मान दिलाकर राजनीतिक दल इस वर्ग को अपना हितैषी बताने की हरसंभव कोशिश करते हैं।

**राज्य में 34 फीसदी मतदाता आदिवासी**-बात छत्तीसगढ़ की करें तो यहां आदिवासियों के समर्थन के बगैर सत्ता हासिल करना किसी भी दल के लिए आसान नहीं है। इसकी वजह भी है क्योंकि राज्य में लगभग 34 फीसदी मतदाता इसी वर्ग के हैं। विधानसभा की 90 सीटों में से 29 सीटें इस वर्ग के लिए आरक्षित हैं। बड़ी तादाद में ऐसी विधानसभा सीटें हैं, जहां आदिवासी वोट बैंक निर्णायक है। बीते लगभग एक वर्ष की गतिविधियों पर नजर दौड़ाई जाए तो एक बात साफ हो जाती है कि इस वर्ग को लुभाने में भूपेश बघेल सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। एक तरफ जहां आदिवासी संस्कृति के प्रचार-प्रसार का अभियान चल रहा है। दूसरी ओर रानी दुर्गावती की प्रतिमाएं भी स्थापित हो रही हैं।

- छत्तीसगढ़ में 'रानी' के सहारे 'राज' को मजबूत करने की जुगत
- आदिवासियों के बीच अपनी गहरी पैठ बनाए रखने की कोशिश

बीते कुछ समय में कांकेर के अंतागढ़ में रानी दुर्गावती के साथ गुंडाधुर और वीर गैंद सिंह की मूर्तियों का अनावरण किया गया। इसी तरह महासमुंद के कलेक्ट्रेट में महारानी दुर्गावती की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई। गरियाबंद के मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कोकडी में भी वीरांगना रानी दुर्गावती की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि छत्तीसगढ़ के लोगों में छत्तीसगढ़ी अस्मिता का भाव जागृत करने की वर्तमान सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है और यही कारण है कि वह तीज, त्योहारों को खास अहमियत दे ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

KOTHIWAL DENTAL COLLEGE & RESEARCH CENTRE
Moradabad (U.P.),



All India NEET qualified candidates are invited for (BDS/MDS) admission through UPNEET UG/PG 2023 counselling

BDS

MDS

### हाना

दीखत म इंद्रावन, चीखे म करू।
इंद्रावन एक प्रकार के जंगली फल होथे दिखे म सुंदर रहिथे फेर खाबे त करू।वइसने मनखे मन दिखे म सुंदर, सभ्य रहिथे फेर मन म ईर्ष्या, द्वेष भरे रहिथे तेखर बेर ये हाना ल केहे जाथे।

### शब्द अरथ

1. चुंदियई- बाल पकड़ कर खींचने की क्रिया
2. चुंदियाहा- बाल पकड़ कर खींचा हुआ
3. चुंदियाना- बाल पकड़ कर खींचना
4. चुंदियै- चुंदियई
5. चुंदियैया- चुंदियइया
6. चुंदी- बाल, केश
7. चुकइया- ऋण वापस करने वाला
8. चुकई- ऋण वापस करने की क्रिया या भाव
9. चुकचुक ले- सुंदर, शोभायमान
10. चुकता- पूरा, संपूर्ण।

# मित्रता दिवस भुलभुलैया

आजकल जेब म राखी सरिख धागा धर के मित्रता दिवस मनाये बर निकल जाथें। येला 'फ्रेंडशिप बैंड' कहिथें। ये एक धागा सालभर बर दोस्ती के गैरंटी देथे। पूरा दिन शहर तो शहर गांव मन म घलो युवा मन घूमत रहिथें। फ्रेंडशिप डे ल लेके कई तरह के कहानी चलन म हावय। फ्रेंडशिप डे मनाये के शुरुआत परागुआ ले होय रहिस हे अइसे बताथें- एक कहिनी अउ हावय के फ्रेंडशिप डे के विचार पहली बेर साल 1958 म डॉ. रमन आरटियो ब्रोको के मन म आइस। ये बात ल अपन दोस्त मन ल बताइस। उही बछर ले दोस्त मन वर्ल्ड मैत्री क्रूसेड नाव ले मनाना शुरु कर दिन।

येला दोस्त के महत्व ल बताये बर मनाना शुरु करे रहिन हें। दोस्त के बिना जीवन अधूरा लगथे। अपन मन के बात काखर ले करे? ये सवाल हमेशा आगू म रहिथे। जेन ह ओखर बात के राजदार घलो राहय। जेखर संग अपन सुख दुख बांट सकय। एक दूसर के मदद कर सकय। ये सब उद्देश्य ल ले के मित्रता दिवस के शुरुआत करे गे रहिस हे।

फेर ये मित्रता के स्वरूप ह बदलगे हावय। ये मित्रता दिवस म प्रेम के अंकुरण होय ले लगगे। शायद दूनों के अंतर ह साफ-साफ पता नइ चलिस होही। आज मित्रता म ग्राफ्टिंग होगे हावय अउ प्रेम पनपना शुरु होगे हे तब मित्रता के रक्षा करे बर पुलिस ल आगू आये बर परत हे। ये ग्राफ्टिंग ठीक से पनपत नइ रहिस हे। खरपतवार के भी पौधा ऊपर म पनपे ले लगगे जेखर उमर कुछ समय के रहिस हे तब शासन ल कठोर होय बर परिस। ये मित्रता के कोई मायने नइ दिखत हावय 'चार दिन के चांदनी,पाछू अंधियारी रात।'

छत्तीसगढ़ के मितानी के रूप ही अलग हावय। विश्व म 1958 म विचार.अइस फेर छत्तीसगढ़ म तो आदिकाल ले.चलत हावय। त्रेता द्वापर सबो युग म येखर रूप देखे बर मिलिस। आज तक ये चलत हावय। एक मितानी बदेस त तीन पीढ़ी परिवार जुड़े रहिथे। सुख दुख म परिवार छोड़ दिही फेर मितान अउ ओखर परिवार नइ छोड़य। बर-बिहाव म, मरिया म सब म चार दिन पहिली ले आके मितान संग कंधा जोर के खड़े हो जाये। गजामूंग, महापरसाद, तुलसीदल, दौनापान एक नरियर देके अउ कान म दूबी खोंच के बन जायें। नर अउ नारी दूनों बर मितान के रद्दा खुले हावय। आपस म परिवार म सगा बन के जावंय त देना-लेना घलो होथे।

आज के मित्रता दिवस तो सिर्फ दिवस आये। ओ पीढ़ी दर पीढ़ी के मया कहां? शायद ही मनाये के बाद कोनों सुख-दुख म ये मित्रता ल सुरता करत होही तभे तो ये प्रेम के रूप लेवत रहिस हे। सीमा के पार मित्रता जावत हावय। ये मित्रता अउ प्रेम के बीच म भुलभुलैया सरिख घूमत हावय। अब सब लहुटव अपन मितानी प्रथा डाहर।

सुधा वर्मा

# चंदखुरी के प्राचीन शिव मंदिर के निरमान होय हे छमासी रात म

मंदिर पहुंचे बर रद्दा रइपुर सहर ले मंदिर हसौद हो के चंदखुरी, दूसरा रद्दा रइपुर सहर ले पंडरी मोवा विधानसभा नरदहा होके मंदिर पहुंचे जा सकत हे।

रइपुर जिला ले 25 किलोमीटर दूरिहा म विकासखंड आरंग के बड़का गांव चंदखुरी में पटेल पारा बस्ती के बीचोंबीच म 12 सौ बरस जुन्ना सोमवंसी काल, 8वीं ईस्वी के छमासी रात म पखरा के बने प्राचीन शिव मंदिर स्थापित हे। राम के ननिहाल चंदखुरी, माता कौशल्या देवी के मायके घलो हरे इहां जलसेन तरिया के बीचोंबीच माता कौशल्या के भव्य मंदिर बने हे। संस्कृति अऊ पुरातत्व विभाग के खनन म प्राचीन शिव मंदिर के तीर तखार म टूटे-फूटे अब्बड़ अकन पखरा के मुरति निकलेहे, जेला मंदिर के तीरे-तीरे रखे गेहे। जुन्ना पीपर पेड़ मंदिर के बाजू म हे जेकर नीचे अऊ तीर म घलो मूर्ति मन रखाय हे।



इतिहास के जानकार पोसन मारकंडे ह बताइस मंदिर छमासी रात के अंधियार म बने हे अंजोर होय के सेती दिन म काम बंद कर दिस उही बखत ले मंदिर आधा अधूरा हे, तीन भाग म ऊपर भाग अभी भी आधा हे ते पाय के लोगन मन फुटहा मंदिर भी बोले जाथे। सोमवंसी राजा हाथी म लाद के बड़े-बड़े पखरा ले जोड़ के मंदिर बनवाय हे, पटेल पारा के तीर तखार खेत मन में नागंर जोते म जुन्ना पखरा के मुरति अवसेस घलो निकलथे। ओ समय सावन म पूजा होय, एक बखत तो चैत्र नवरात्रि म जंवारा घलो बोवाय रहिस। पुरातत्व विभाग दुवारा संरक्षित होय के बावजूद शिव मंदिर अपन प्राचीन पहिचान ल खोवत जात हे।

मंदिर के प्रमुख दुवार के आजू-बाजू म गंगा-जमुना मैया बिराजे हे, ऊपर बेढ़ा खम्भा म गजलक्ष्मी बइठे हे, येमे बाली सुग्रीव के मल्ल युद्ध में बाली के मरे के बाद गोद म लेके रोवत तारा के करूण दृस्य ल पखरा म उंकेरे गेहे। ऊपर म गुम्बद नई बने हे तेकर पाय के मंदिर अधूरा लगथे, अंदर गर्भगृह म आधा अधूरा शिव लिंग दिखत हे। जानकार बताथे शिवलिंग बड़ कीमती रहिस जेला आधा काट के चोर दुवारा ले गिन। मंदिर ल छत्तीसगढ़ संस्कृति अऊ पुरातत्व विभाग दुवारा संरक्षित करे गेहे। बखत-बखत म अधिकारी मन आके निरीक्षन करत रहिथे। बड़े-बड़े पखरा म बने अद्भुत कलाकारी दिखथे, इतिहास प्रेमी एक बार जरूर आवव।

**देव हीरा लहरी ( साहित्यकार )**
**चंदखुरी फार्म रायपुर**

# बरसात स्पेशल

आज मेंहा बरसात के दिन म होवईया स्पेसल सब्जी के बारे म गोठ बात करहूं। जेन ह पुरा बरसात भर स्पेसल रहिथे।

बरसात के दिन बादर ह आगे हे। अब बाजार हाट म हमन ल नवा-नवा सब्जी देखे ल मिलही। ओमन म मेंहा कुछ स्पेसल सब्जी मनके बरनन करहूं जेन ह पूरा बरसात भर स्पेसल रहिथे। अड़बड़ झन ए सब्जी मन ल खाये बर अड़बड़ उत्साहित मन ले बरसात के मउसम के अगोरा करत रहिथे। ए सब्जी मन के वरनन कुछ अइसन हे-

फुटू- हमर छत्तीसगढ़ ह वन बाहुल्य राज्य आए, बरसात के दिन म एक घांव बारिस अऊ जमीन, जुन्ना पेड़ मन म आने-आने प्रकार के मशरूम उगथे, जेला हमन अपन स्थानीय भाखा म फुटू कहिथन। एला हमन भोज्य पदार्थ के रूप म सेवन करथन।

फुटू ह आने-आने प्रकार के होथे। माने जाथे कि रूख म होवईया फुटु मन ह बेसुवाद अऊ जहरीला होथे। एला खाये बर उपयोग म नई करे जाए।

भुंइयां (जमीन) म होवईया फुटु ह तको आने आने प्रकार के होथे। जइसे डेंगुर फुटू ,पान फूटु, हारादुला फूटु आदि। डेंगुर फुटु जेन ह दिंयार के बाम्बी के तीर तखार म उगथें,ओहा अड़बड़ सर्वश्रेष्ठ माने जाथे।

खेत म उगने वाला फुटू ल मनई फुटु केहे जाथे।

बांस के करिल-

बरसात के दिन म बांस के अंकुरण ह जबर पइमाना म होथे। हमर छत्तीसगढ़ के स्थानीय मनखे मन ए बेरा म भोजन के रूप म खाथे। बांस के करिल ह नवा अंकुरित होवत बांस के पातर-पातर डंठल ल नान्हे-नान्हे चिप्स असन काट के बनाये जाने वाला सब्जी हरे, स्थानीय भाखा म एला बास्ता तको केहे जाथे। एला रसहा अऊ सुख्खा साग असन पकाए जाथे। एला दार अऊ आने-आने सब्जी सन मिला के तको पकाये जाथे। एहा हम छत्तीसगढ़िया मन के अड़बड़ प्रिय भोजन आए।

बस्तर के प्रोटीन: बोढ़ा

बोढ़ा ह आलू असन दिखे जाने वाला एक प्रकार के कांदा आए। जेन ह सरई पेड़ के जंगल म बरसात के मौसम म उगथे। पहिली बरसात के तुरंत बाद एहा अपने आप जमीन के भीतरी ले उपजेला लगथे।

बोढ़ा के उप्पर के छिलका ह थोरकुन कड़ा रहिथे। जेकर भीतरी म अड़बड़ स्वादिस्ट अऊ अऊ पौष्टिक गुदा रहिथे। एला पहिली आदिवासी अऊ स्थानीय मनखे मन ह खात रिहिसे। अब एहा शहर मन म तको बिके ल लग गेहे। जेकर ले एकर कीमत ह बाढ़ गे हे।

बोढ़ा ह दू प्रकार के होथे- 1) जात बोढ़ा पहिली बरसात के बाद उगने वाला बोढ़ा,जेकर गुदा ह सफेद होथे,ओला जात बोढ़ा कहिथे। एहा अड़बड़ स्वादिस्ट होथे। 2) राखड़ी बोढ़ा- एकर बाद कुछ समय बाद जेन बोढ़ा ह ऊगथे ओकर गूदा ह थोरकुन करिया रंग के होथे। ओला राखडी बोढ़ा कहिथे। एहा ओतिक सवादिस्ट नई राहय। ऐला रसा अऊ सुखा सब्जी असन पकाए जाथे।

**गनेश्वर पटेल**
**ग्राम पोटियाडिह, धमतरी**

# अंग्रेजी के बुखार

आज जेन मनखे ला देख तेन ला अंग्रेजी के बुखार चढ़े हे।गोठियावत हे तेनो अंग्रेजी,धमकावत हे तेना अंग्रेजी,पहिरत ओढ़त हन तेनो अंग्रेजी अउ ते अउ संझौती बेरा में धड़कावत हे तेनो अंग्रेजी ।माने मनखे ला अब देशी नी भावत हे तभे सोझ अंग्रेजी में झपावत हे।

वाह रे मनखे के चरित्तर ।तइहा समय में खान-पान अतेक बढ़िया रिहिस हमर देश के कि मनखे सौ साल तक स्वस्थ मस्त नानी नतरा देख के परान तियागे ।अब तो भरे जवानी में मनखे निपट जावत हे ।लइका अनाथ हो जावत हे ।मोमोज,चाऊमिन,बर्गर अउ पिज्जा के दुकान मन में लोगन के भीड़ देखके अचरित लागथे ।सादा सर्वदा खान-पान ल छोड़ के अरबन चरबन खावत मनखे अपन स्वास्थ्य के सत्यानाश करत हे।

कलाकार, खिलाड़ी अउ नेता मन गिटपिट अंग्रेजी गोठियाव में गरब महसूस करथे ।पहिरई ओढ़ई में आज के नवा पीढ़ी विदेशी पहिनावा के नकल करत हवै।

पढ़ाई लिखाई के मामला में घलो लोगन अपन लइका मन ला अंग्रेजी माध्यम में पढाय बर तरी ऊपर होवत रथे। इहां तक कि हमर छत्तीसगढ़ में शासन घलो अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोल डरिस कि गरीबहा मनखे मन घलो अपन लोग लइका ल अंग्रेजी माध्यम में पढ़ा सके ।फेर का करबे ये स्कूल में गरीब मनखे के लइका कम पैसावाले मनखे मन के लइका मन ज्यादा पढ़थे ।देखब में आथे कि अइसन मनखे मन फीस के पैसा बचाय बर अपन लइका मन ला नीजी अंग्रेजी स्कूल ले निकाल के सरकारी अंग्रेजी स्कूल में भर्ती करवा डरिन अउ गरीबहा मनखे के लइका मन ला ओतका लाभ नी मिलिस जतका मिलना रिहिस या शासन के जेन मंशा रिहिस वो पूरा होवत नइ दिखत हे ।शिक्षा के बैपार मनमाने फलत फूलत हे ।जे जतका पैसा लगात हे वतकी मनमाने कमात हे ।पहिली पढ़े रेहेन विद्यार्थी ला सुख नहीं अउ सुखार्थी ला विद्या नहीं। आजकल सुखियार लइका के सुख सुविधा के पूरा ध्यान रखे जावत हे ।नीजी स्कूल वाले मन एयरकंडीशन कक्षा के विज्ञापन देवत रथे ।जेकर कना जतेक ज्यादा पैसा वो वतकी महंगा स्कूल में अपन लइका मन ला पढ़ावत हे ।आजकल के देखावा मा जम्मो झपात हे।

अंग्रेजी विषय के उपयोगिता ला नकारे नइ जा सके ।आजकल बहुत जरुरी है हवै ।फेर अपन बोली भाखा ला घलो उचित सम्मान देना चाहिए ।अंग्रेजी माध्यम में पढाय के भेंड़िया धसान घलो ठीक नोहय।

**-रीझे यादव, टेंगनाबासा( छुरा, )**

# ज्ञान के दिया

एक गांव म बुधियार नाव के किसान रिहिस। ओखर दू झन बेटा एक एक बेटी रिहिस। बेटा मन के नाव चैतू अउ इतवारी अऊ बेटी के नाव रिहिस मनभौती। बुधियार हा अबड़ ईमानदार अऊ मेहनती रिहिस। चुन के गोठियाय अऊ नीत के रद्दा म रेंगय तेकर सेती इलाका भर के मन बुधियार के अबड़ इज्जत करयं।

बात ओ समे के आय जब सिरजाय के खातिर जीबोन गा ... रखवारी के खातिर मरबोन ... गीत सुन के उम्हिया जांय देश के बनिहार भुतिहार मजदूर किसान अऊ जम्मो भाई-बहिनी मन। गांव-गांव म सुराज के अलख जगात देश के सपूत मन रात अऊ दिन ला एके कर दे रहयं।

तइहा तइहा गांव मन म मदरसा नइ रहय। तीन-चार कोस ले रेंगत-रेंगत जाके पढ़यं-लिखयं चेतलगहा लइका मन। चैतू, इतवारी बारा बछर के रिहिन। यहू मन पढ़े बर बड़े फजर ले उचके नहा-धो के बासी-चटनी खा के स्कूल जावंय अऊ पढ़के बेरा ढरकत त कभू-कभू मुंधियार ले घर आवयं।

गुलाल बंदन लगात भारत मैया के जै-जैकार करत गांव के मन बुधियार ला गली-गली किंजारत रहयं। चैतू, इतवारी खुशी के मारे नाचे लगिस। ददा के मान बड़ाई होवथे कहिके निही हमर देश म सुराज आही सोंच के। घर म अमरे के पाछू थोकिन बेर म तिर म जाके नोनी पूछथे -सुराज कतेक पिछवाय हे ददा। तोरे संग आ जतिस ते हमू मन चिन लेतेन सुराज ला। ओतका सुन बुधियार के आंसू नइ थेम्हाइस। गदगद-गदगद बोहाय लगिस। मन ला सबर करके लइका ला बात बताना जरूरी समझिस बुधियार हा। बुधियार ह तीनों लइका मन ल अपन तिर म बलइस अऊ केहे लगिस- सुराज हा अवइया हे बेटा। चैतू पूछिस- का का तैयारी करे बर लागही ददा सुराज ला परघाये बर। हम तुरते करत हन। बता भलुक? चिटिक देरी नइ करन। बुधियार किथे- सुनव बेटा .. सुराज के आतेच साठ ओकर पांव ला पखारे लागही पछीना म। कुरबानी के भोग लगा के, अपन जिनगी ला जला के ऊंखर आरती उतारे ला लागही। बात के अरथ ला नान नान लइका मन समझ नइ पावत रिहिन। फेर जतका समझ पइन समझत पूछे लागिन- सुराज आही तहन खुश हो के हमर गांव म स्कूल खोलही ना ददा। गांव म ज्ञान के दिया के अंजोर होतेच साठ हमर गांव के गरीब मन ला भूखन लांघन रेहे बर नइ लागही ना ददा। अतका पूछ के चैतू इतवारी मगन होगे। अपन बेटा के बात सुनके बुधियार के छाती फूलगे। ओला जनागे कि मोर पाछू मोर बेटा-बेटी मन मोर बाना ला उठा लिही । बुधियार केहे लगिस- चैतू-इतवारी अऊ मनभौती तीनों झन अपन-अपन जम्मो संगवारी मन ला झटकुन सकेल के मोर तिर लानव। मेंहा जम्मो लइका मन ले एक ठन बात कइहूं।

संगवारी मन ला तुरते सकेल के लान के ठाड़ कर दिन तीनों लइका मन अपन ददा के आगू म। उघरा नंगरा धुर्रा माटी गोटी म सनाय भुखाय-दुबराय लइका मन ला बुधियार हा अइसे देखे लागिस जइसे अपन देश के नक्शा ला देखत हाबय। बुधियार के मन थोकिन उदास होये कस लागिस। सपना ले जागे बरोबर झकना के कथे- सुनों रे बेटा हो, काली सबो झन बेरा बुड़त अपन- अपन घर ले एक-एक ठन दिया लान के गौरा गुड़ी म मढ़हाहू । अंजोर करहू। भुलाहू झन।

दूसर दिन सिरतोन मा गांव भर के एक एक ठन दिया म गौरा गुड़ी जगमगागे। सुरहुत्ती कस लागिस ओ संझा हा... फेर थोकिन बेर म दिया मन बुतागे। अंधियार होगे। चैतू ला अंधियार अच्छा नइ लागिस। चैतू कथे- ददा, अइसने रोज सांझ-सांझ के दिया बार के मढ़ाबोन गौरा गुड़ी म हमन। अबड़ बेर ले बरत रहय अइसे अबड़ अकन तेल डार के बार बो दिया ला। मनभौती पूछथे-कभू नइ बुझाय तइसन दिया कतिहां मिलही ददा। इतवारी हाँसत कथे- कहूं नइ मिलय नोनी अइसन दिया। चैतू कथे- हमर दई कथे दुनिया म कोन्हो बात असम्भव नइये। चलव उही ला पूछथन। तीनों लइका मन महतारी तिर अइसन दिया के बात बताये के जिद कर दिन जेकर तेल कभू नइ सिरावय। बाती कभू नइ लेसावय... जेला हवा पानी नइ बुझा सकय।

> कुछ बछर म तीनों लइका के अपन-अपन घर बस गिस। बुधियार अऊ बुधियारिन दुनिया ले बिदा हो गिन। चैतू अऊ इतवारी ला धुन सवार रहय गांव ले अज्ञान के अंधियारी ला भगा के ज्ञान के अंजोर म सबो के सुंदर चेहरा देखे के। ओमन अपन महतारी बाप के सुरता म अपन ब्यारा ला स्कूल खोले बर दान कर दिस। गांव म स्कूल खुलगे। ज्ञान के अंजोर बगरे लगिस।

मया अऊ ज्ञान के मूर्ति रिहिस... महतारी बुधियारिन हा। ओहा बताये लगिस-तेल पोनी वाला माटी के दिया हा सबर दिन बर अंधियार ल नइ भगा सकय बेटा। फेर एक ठन दिया अइसे हाबे जे कभू नइ बुझाय। इतवारी ला लक्करी छाय रथे। वोहा बिगन पूरा बात सुने केहे लगिस- कति तिर मिलथे बता दई अभीच्चे बिसातेन? बुधियारिन कथे- ओहा बेंचाय निही बेटा। ओहा ज्ञान के दिया आय... जेहा कभू नइ बुझाय।

कुम्हार मन बिगन पइसा के दे दिहीं तेमा दई? मनभौती पूछिस। बुधियारिन कथे- येहा गुरू रूपी कुम्हार तिर मिलथे बेटा। मनभौती कभू स्कूल नइ गे रहय। ओहा गुरू के बारे म नइ जानय। ओहा पूछिस- कति तिर रहिथे गुरू कुम्हार हा दई? महतारी ह कुछु कहितिस तेकर पहिली चुट ले मारत इतवारी कथे- ददा हा एक दिन बताय रिहिस नोनी के लइका मन के पहिली गुरू महतारी आय ... सही बात हय ना दई। चैतू कथे - हव थोक-थोक महू ला सुरता हे। बात आइस गिस निपट गिस। फेर महतारी हा ओतके बेर ले मने मन संकल्प लेके लइका मन ला ज्ञान के बात बतावत स्कूल के महत्ता ला खेल-खेल म बतावत गिस। कुछ समे म तीनों लइका मन ज्ञान अऊ गुरू के महत्ता ला जान समझ डरिन अऊ अपन ददा ला अपन गांव म स्कूल खोले बर जिद करे लगिन। स्कूल नइ खुल सकिस फेर ओकर ज्ञान हा जगा-जगा बगरे लगिस।

कुछ बछर म ... तीनों लइका के अपन- अपन घर बस गिस। बुधियार अऊ बुधियारिन दुनिया ले बिदा हो गिन। चैतू अऊ इतवारी ला धुन सवार रहय... गांव ले अज्ञान के अंधियारी ला भगाके ... ज्ञान के अंजोर म सबो के सुंदर चेहरा देखे के। ओमन अपन महतारी बाप के सुरता म अपन ब्यारा ला स्कूल खोले बर दान कर दिस। गांव म स्कूल खुलगे। ज्ञान के अंजोर बगरे लगिस।

**गजानंद प्रसाद देवांगन**
**छुरा**

# सावन के झड़ी

धुंक-धुंक के गिरत हे झिमिर-झिमिर पानी।
गरजत हे बादर, छम-छम नाचे बरखा रानी।।
हाथ-पांव ह ठिठुरगे, देंह ह कंपकंपावत हे।
मनखे मन के सादा दांत ह किनकिनावत हे।।

सुक्खा नदिया, नरवा मन दउंड़े ल धरलिन।
खंचवा,डबरा,बांधा अउ तरिया मन भरगिन।।
डोलिया अउ बहरा के मुंही-पार ह भंगलागे।
कोंवर-कोंवर पाना दिखे रूख-राई हरियागे।।
मछरी मन नाचे लगिन, केकरा बाजा बजावय।
बिला के अहिरू, बिछरू सुन के जम्मो आवंय।।
घुरघुरा गुरतुर बंसुरी बजाथे घपटे रात अंधियारी।
होली खेलत हें मेचका मन धरे हवयं पिचकारी।।
नांगर जोतागे खेत-खार, किसान के भाग जागे।
खुमरी पहिन के बनिहार, रोपा लगये ल आगे।।
चना, तिवरा के होरा अउ जोंधरी म पेट टन होगे।
आंसो सावन के झड़ी म सिरतोन मन मगन होगे।।

**-अशोक कुमार यादव**
**जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम इकाई,मुंगेली।**

# आलस

बइठे ठलहा मनखे, आलस आय।
बिना बुता के खावय, पेट बढ़ाय।।

सुस्त रहे ले तन मा, बाढ़य रोग।
दया करय नइ कोनो, हांसय लोग।।

अस्पताल के चक्कर, बारम्बार।
खरचा होथे कतको, लाख हजार।।

काम बड़े ना छोटे, सुन संसार।
भाग्य बदलथे मिहनत, करव विचार।।

आलस करके राजा, होथे रंक।
तन बर ये बिख जइसे, बिच्छी डंक।।

सुखी रहे बर मनखे, आलस छोड़।
योग-ध्यान कसरत मा, जिनगी जोड़।।

**-तुषार शर्मा 'नादान'**
**राजिम , गरियाबंद**

# बिन पेंदी के ढूंड़वा, कभू एती उलंड़थे त कभू ओती उलंड़थे

## सल्लग नंदावत जिनिस डूड़वा

आज हमन जानबोन हमर नंदावत परम्परा डूड़वा के बारे म ।का हरे डूडवा अउ का हे एकर उपयोगिता तेला।

आज के आधुनिकता के दौर म हमन हमर सबो पुराना परम्परा मन ल बिसरावत जात हन। पुरखा मन के देवल आविस्कार मन ह सल्लग नंदावत जात हे, कारण आज सबला सस्ता म बिना कुछू मेहनत के अउ टिकाऊ समान चाही। हमर पुरखा मन के आविस्कार मन ह सुघ्घर वैज्ञानिक सम्मत राहय। चाहे एमा डेंकी ल कहिके, जाता कहिले, बइला गाड़ी, नांगर, ठेलवा, घानी, गोरसी, आदि सबो जिनिस मन ह एक के बड़के एक आविस्कार आए। फेर ऐला बनाये म अड़बड़ मेहनत लागथे, बेरा लागथे। आज मनखे ह अइसन जिनिस मन ल अपनावत हे जेन ह सरलता के उपलब्ध हो जाये, बनाये वनाए के झंझट नई पालना चाहे, रेडीमेंट मिल जाय कहिथे। अइसन सबो फेक्टर के सेती हमर पुरखा मन के परम्परा आविस्कार मन ह सल्लग नंदावत जात हे। अइसने नन्दावत परम्परा मन म एक जिनिस डूड़वा तको हरे, यहू जिनिस ह सल्लग नंदावत जात हे।

आवव जानन का हरे डूड़वा-डूड़वा हमर पुरखा मन के आविस्कार एकठन सुघ्घर अउ अनोखा जिनिस आए। डूड़वा ह माटी ले बने जीनिस हरे। एकर आकर ह कछवा पेटी असन गोल रहिथे, एकर आजू बाजू म दू ठन हेंडल बने रहिथे। इही हेंडल म रस्सी बांध के ऐला मियार म या छानही म बांधे जाथे। ए डूड़वा म हमर पुरखा मन ह तेल रखे बर उपयोग करे। ऐला बनाये म अड़बड़ मेहनत लागथे। माटी ल एकदम ले सहि आकार म ढलना ह एकठन सुघ्घर कला आए। ए कला ल सिखेबर जबर धिरज के बुता आए। आज ए कला ह तको सल्लग नंदावत जात हे। सरकार ह तको ए परमपरा ल बचाय बर कोनो उदीम तको नई करत हे।

डूड़वा के उपयोगिता-डूड़वा के एकठन जबर उपयोगिता ए हे कि ए पात्र म रखे तेल म कीरा मकोरा, अउ चाँटी नई आ सकय।

डूड़वा म एकठन हाना तको बने हावय-नंदावत जिनिस डूड़वा म एकठन छत्तीसगढ़ी हाना तको बने हावय, ए हाना कुछ ए प्रकार ले हे-

बिन पेंदी के डूड़वा,
कभू एती ऊलंड़थे
कभू ओती ऊलंड़थे।।

ए हाना ह ओ मनखे मन बर अड़बड़ फिट बईठथे जेन ह कभू बेरा म दूसर डाहन त, कभू दूसर डाहन हो जाथे, मतलब ए मनखे ह ऐती ओती ओतेच रहिथे। ए हाना ह पार्टी बदलइया कार्यकर्ता मन बर तको फिट बईठथे। डूड़वा के पेंदी नई राहय तेकर सेती ऐला भुइंयां म नई मढ़ा सकन। एकरे सेती एला रस्सी म बांध के ऊपर स्थान म रखे जाथे।

### उपाय

भ्रस्टाचार बहुत जादा बाढ़ चुके रिहिस। येकरे सेती देश म महंगई हा पदोवत रिहिस। देश के गरीब मनखे के जीना दूभर हो चुके रिहिस। सरी पार्टी के मन येला मेटाये बर बहुत जादा चिंतित रिहिन। ओमन अपन विरोधी पार्टी के भ्रस्ट मनखे ला गिन-गिन के कोसे लगिन अऊ सरी जनता ला बताय लगिन के येकरे मन के सेती भ्रस्टाचार हा पनपे हे। इही मन भ्रस्टाचार बगराय के कारन आय। इनला चिन्हव अऊ जतेक जल्दी हो सके सत्ता ले वंचित करव।

जनता काय कर सकही सबो जानत हे। ते पायके बपरा मन खुदे भ्रस्टाचार ला जड़ ले उखाने बर भिड़ गिन। बड़ उपाय तलासिन। उपाय बहुत आसान रिहिस। कुछ दिन पाछू ... एक पार्टी के भ्रस्ट मन ला दूसर पार्टी वाले मन अपन म संघेर लिन या अपन मन ओकरे संग संघर गिन। भ्रस्टाचार ला मेटाये के फिकर सबो झन ला रिहिस तेकर सेती दूसर अऊ तीसर पार्टी वाले मन घला अइसने करिन। अब इहीच मन ओला मेटाये के ठेका थोरेन लेहे तेमा? तेकर सेती सबो पार्टी वाले मन भिड़ गिन ।गऊकिन, भ्रस्टाचार हा अपने अपन जड़सुद्धा मेटा के कहां फेंकइस ... पता नइ चलिस।

**हरिशंकर गजानंद प्रसाद देवांगन**
**छुरा**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
रविवार 6 अगस्त 2023

उल्टा पुल्टा

भिखारी- कुछ खाने को दे दो
लड़की- टमाटर खाओ
भिखारी- रोटी दे दो
लड़की- टमाटर खाओ
भिखारी- अच्छा लाओ टमाटर ही दे दो
लड़की की मां- अरे तुम जाओ बाबा ज्ये तोतली है।
कह रही है - कमाकर खाओ!!!

## छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की आम सभा व सम्मान समारोह आज

**बिलासपुर**, 5 अगस्त ( देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की आम सभा एवं जिला शाखा बिलासपुर के सेवानिवृत्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह दिनांक 06 अगस्त 2023 दिन रविवार को जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में आयोजित है। जिसके मुख्य अतिथि रामशरण यादव, महापौर नगर पालिक निगम बिलासपुर, अध्यक्षता - जी.आर. चंद्रा, प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, विशिष्ट अतिथि पी.आर.यादव, मुख्य संरक्षक अजय तिवारी, संरक्षक छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, प्रदेश महामंत्री एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष होंगे।

# बिलासपुर स्टेशन में एयरपोर्ट जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेगी

### बिलासपुर रेल मंडल के 17 स्टेशनों को दिया जाएगा न्यू लुक- डीआरएम





**बिलासपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। 32 महीने बाद बिलासपुर रेलवे स्टेशन में यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं मिला करेंगी। स्टेशन भवनों का डिज़ाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। बिलासपुर स्टेशन हाईटेक यात्री सुविधाओं के साथ टेक्नोलॉजी, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक केंद्र बनेंगे।इसके साथ ही चौथी लाइन शुरू किया जाएगा और दो नए प्लेटफार्म का भी निर्माण किया जाएगा। उक्त बातें डीआरएम प्रवीण पांडे ने पत्रकारवार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि रेलवे देश भर में लोगों के परिवहन का पसंदीदा साधन है।इसको देखते हुए रेलवे अत्याधुनिक सार्वजनिक परिवहन के प्रावधान पर जोर देते रहे हैं।अब रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया जा रहा है। देश भर में 1309 स्टेशनों के पुनर्विकास किया जाना इसके तहत बिलासपुर रेल मंडल के 17 स्टेशनों का भी पुनर्विकास किया जाएगा। जिसमे बिलासपुर, उसलापुर, अकलतरा, नैला, बाराद्वार, चंपा, बेलपहाड़, रायगढ़, ब्रजराजनगर, कोरबा, पेंड्रारोड, शहडोल, अनुपपुर, उमरिया,बिजुरी, बैकुंठपुररोड, अंबिकापुर जैसे स्टेशन शामिल है। इन स्टेशनों का विकास आने वाले 70 साल को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

अभी इन स्टेशनों पर सभी मूलभूत सुविधाएं मिलती हैं, लेकिन पुनर्विकास के बाद स्टेशनों में व्यापक यात्री सुविधाओं का विस्तार हो जाएगा। इसमें आधुनिक यात्री सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ अच्छी तरह से डिजाइन किए गए यातायात परिसंचरण, अंतर-मॉडल एकीकरण और यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए अच्छी तरह से डिजाइन किए गए साइनेज को सुनिश्चित करेगा। स्टेशन भवनों का डिज़ाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। रेल्वे की इस योजना के अंतर्गत स्टेशनों पर निम्नलिखित यात्री सुविधाओं का विस्तार की जाएगी आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त फुटओवर ब्रिज का प्रावधान, लिफ्ट एवं एस्कलेटर का प्रावधान, सर्कुलटिंग एरिया का उन्नयन, वेटिंग हाल और टायलेट्स का उन्नयन, स्टेशन लाईटिंग में सुधार, साइनेज, ट्रेन एवं कोच इंडिकेटर बोर्ड्स की सुविधा /उन्नयन, पार्किंग एरिया में वृद्धि, प्लैटफ़ार्म एरिया का विस्तार / शेड द्वारा कवरिंग, स्थानीय कला और संस्कृति के अनुसार स्टेशन के वाह्य स्वरूप का उन्नयन वहीं जो मुख्य स्टेशन है उन स्टेशनों में आधुनिक यात्री सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ अच्छी तरह से डिजाइन किए गए यातायात परिसंचरण, अंतर-मॉडल एकीकरण और यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए अच्छी तरह से डिजाइन किए गए साइनेज को सुनिश्चित करेगा। स्टेशन भवनों का डिज़ाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। बिलासपुर स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य में निम्नलिखित विशेषताएं शामिल रहेंगी स्टेशन बिल्डिंग के दोनों तरफ से शहर व्यापक एंट्री का प्रावधान, लिफ्ट एवं एस्कलेटर का प्रावधान इक्यूवेलेंट क ार पार्किंग की सुविधा, पूर्ण ग्रीन बिल्डिंग, यात्री सुविधायुक्त विशाल कान्कोर्स, विशाल छत आवरण, नए बड़े फुट ओवर ब्रिज, स्टेशन की छतों पर सोलर पैनल, रेनहार्वेस्टिंग, प्रस्तावित स्टेशन बिल्डिंग में हेरिटेज महत्व के साथ साथ स्थानीय कला और संस्कृति का समावेश रहेगा। बिलासपुर स्टेशन के पुनर्विकास से जुड़े कामों के पूरा होने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं मिला करेंगी। शहर के दोनों किनारों के उचित एकीकरण के साथ इन स्टेशनों को 'सिटी सेंटर' के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जा रहे हैं। यह एकीकृत दृष्टिकोण रेलवे स्टेशन के आसपास केंद्रित शहर के समग्र शहरी विकास की समग्र दृष्टि से प्रेरित है। पुनर्विकास के बाद बिलासपुर स्टेशन हाईटेक यात्री सुविधाओं के साथ टेक्नोलॉजी, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक केंद्र बनेंगे . यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ रोजगार बढ़ने की व्यापक संभावना विकसित होगी जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा।

### प्रधानमंत्री आज करेंगे शिलान्यास



कल 6 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 508 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इस योजना के तहत बिलासपुर स्टेशन में पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास भी शामिल है। प्रात: 09.30 बजे से बिलासपुर स्टेशन में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## सार-संक्षेप

### विधायक शैलेष ने 15 युवकों को कराया कांग्रेस प्रवेश



**बिलासपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। शहर विधायक शैलेष पांडेय की उपस्थिति में कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित तालापारा के 15 युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ इस मौके पर नगर विधायक शैलेष पांडेय ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले युवाओं को सम्मानित करते हुए कहां कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम करती है। कांग्रेस में शामिल होने वाले युवाओं में शेख अलीमउद्दीन, दिलीप प्रजापति, अब्दुल अहद, अजहर खान, अजय, बबलू एवम अन्य 10 लोगो ने कांग्रेस में शामिल हुए। उक्त सदस्यता दिलाने में शमीम रिज़्वी, आदिल, अमीन श्रीवास्तव, इजहार खान ,जानिसार की अहम भूमिका रही। इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद सदस्यता इंग्रिड मेक्लाउड, ब्लाक अध्यक्ष मोती थावरानी, पार्षद जुगल गोयल, रामा बघेल, एल्डरमैन शैलेंद्र जयसवाल, दीपांशु श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद अखिलेश बाजपेयी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सीयू ने सुनील टाइगर को दी पत्रकारिता में पीएचडी उपाधि



**बिलासपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सुनील टाइगर को पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। इनके शोध का विषय वन क्षेत्र की महिलाओं पर सोशल मीडिया के प्रभाव का अध्ययन (विशेष सन्दर्भ - फेसबुक, व्हाट्सएप, यूट्यूब) है। सुनील ने अपना पीएचडी शोध कार्य सीयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ अमिता के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। शोध के दौरान इनके द्वारा पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं और विषयों पर शोध पत्र लेखन भी किया गया है। इनकी पीएचडी की खुली मौखिको 24 जुलाई 2023 को आयोजित हुई। जिसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर सुनील को आधिकारिक रूप से पत्रकारिता में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। सुनील टाइगर जांजगीर के ग्राम खोखरा के निवासी हैं। सुनील की स्कूली शिक्षा जांजगीर में संपन्न हुयी है। उनके पिता तेरसराम टाइगर क्षेत्र के सम्मानीय नागरिक हैं। सुनील ने काफी समय तक मीडिया के क्षेत्र में कार्य किया है, वे बिलासपुर आकाशवाणी में छत्तीसगढ़ी कम्पीयर रह चुके है, साथ ही एक निजी चैनल में इनपुट एडिटर के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं, वर्तमान में पत्रकारिता शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों के साथ-साथ जांजगीर और बिलासपुर के मीडिया के साथियों में हर्ष व्याप्त है।

### 62 ऑटो चालकों पर कार्यवाही

बिलासपुर,5 अगस्त ( देशबन्धु) । सुगम यातायात व्यवस्था हेतु ऑटो पर माह जुलाई में अलग-अलग अभियान चलाकर शहर के चौक चौराहों व पेट्रोलिंग के दौरान बेतरतीब खड़ी आटो,तेज रफ्तार से,नोपार्किंग में,खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वालो से,रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले आटो वाहनों पर कड़ाई से कार्यवाही की गई,जिसमे माह जुलाई 2023 में 62 आटो से 64,500 के चलान कटे गए।

## रसायन शास्त्र के क्षेत्र में कार्य करने वाले छात्रों का भविष्य सुनहरा-संजय

### नेशनल चैंपियनशिप के लिए सीएमडी कॉलेज के रसायन शास्त्र विभाग के 5 विद्यार्थी चयनित



**बिलासपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर अंचल के प्रतिष्ठित सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के उत्कृष्ट रसायन शास्त्र विभाग द्वारा शासी निकाय के अध्यक्ष पंडित संजय दुबे के मार्गदर्शन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आईआईटी खड़गपुर के साथ मिलकर 2 और 3 अगस्त को किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन रीसेंट ट्रेंड इन केमिस्ट्री थीम पर किया गया साथ ही कार्यशाला में आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञ वैज्ञानिक द्वारा एमएससी रसायन शास्त्र के 5 विद्यार्थियों का चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया गया। इस कार्यशाला के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ जयति चटर्जी मित्रा प्रो वाइस चांसलर सीवी रमन विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय सिंह रहे। आइक्यूएसी प्रभारी डॉ दीपक चक्रवर्ती विशिष्ट अतिथि रहे इस समारोह में आईआईटी खड़कपुर के विशेषज्ञ डॉ संबित सरकार विषय विशेषज्ञ के रूप में आधुनिक जीवन शैली में रसायन शास्त्र का योगदान एवं रसायन शास्त्र में कंप्यूटर का अनुप्रयोग विषय पर अपना अनुभव उपस्थित प्रतिभागी छात्रों के समक्ष रखें। इस कार्यशाला के संयोजक डॉ श्रीमती हर्षा शर्मा विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र ने बताया की ग्लोबल वार्मिंग एवं आधुनिक जीवन शैली के कारण उत्पन्न विकट परिस्थितियों में रसायन शास्त्र की अहम भूमिका है। इस कार्यशाला का आयोजन छात्र हित में किया गया इस कार्यशाला में आईक्यूएसी प्रभारी डॉक्टर दीपक चक्रवर्ती डॉक्टर पी एल चंद्राकर विनीत नायर डॉक्टर के के शुक्ला विभा सिंह ठाकुर डा एस पावनी डॉक्टर स्मृति पांडे सहित विभाग के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस कार्यशाला के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पंडित संजय दुबे अध्यक्ष शासी निकाय ने अपने आशीर्वचन में कहा कि रसायन शास्त्र के क्षेत्र में कार्य करने वाले छात्रों का भविष्य सुनहरा है हमारे महाविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशाला की सुविधा उपलब्ध है यह कार्यशाला छात्रों को ज्ञान देने के लिए आयोजित किया गया है।छात्र इसका लाभ उठाकर आगे बढ़े उन्होंने नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान किया।

## आठ पुलिस अधिकारी व कर्मचारी कॉप ऑफ द मंथ

### अवैध शराब बरामद करने के लिये एसआई श्याम लाल गढ़ेवाल चुने गये कॉप ऑफ द मंथ



**बिलासपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह द्वारा पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी को प्रोत्साहित करने हेतु ''कॉप ऑफ द मंथ'' पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। इस कड़ी में माह जुलाई 2023 में पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक बिलासपुर शसंतोष सिंह के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आज कॉप ऑफ द मंथ सम्मान से सम्मानित किया गया है। वाहन शाखा के कार्यों का लगन एवं परिश्रम से निष्पादन करने हेतु एसआई (एम.टी.) राज सिंह, व्यवस्थित यातायात हेतु मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करने पर एएसआई राम प्रताप यादव, सैकड़ों गुम मोबाईल की पतासाजी एवं बरामदगी में विशेष भूमिका हेतु आर. सतीश भारद्वाज, यातायात व्यवस्था में लगन एवं परिश्रम से कार्य करने हेतु महिला आर उमा ध्रुव, रात्रि चेकिंग में मुस्तैदी व उठाईगिरी के प्रकरण के निकाल हेतु थाना सिटी कोतवाली के आर. प्रेम लाल सूर्यवंशी, थाना सिविल लाईन में बड़ी संख्या में समंस/वारंटों के निकाल हेतु म.आर. छन्दा वैष्णव एवं उच्च न्यायालय संबंधी कार्यों को लगन से पूरा करने हेतु एएसआई (एम) रश्मि पन्ना को कॉप ऑफ मंथ सम्मान से सम्मानित किया गया है। चुने गए कर्मचारियों को नगद इनाम एवं गुड सर्विस एंट्री व प्रशंसापत्र के साथ ही उनका फोटो समस्त पुलिस कार्यालयों और सभी थाना व चौकी के नोटिस बोर्ड पर पूरे माह के लिए लगा रहेगा। इससे दूसरे पुलिसकर्मी भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जनता से अच्छा व्यवहार जिम्मेदारी एवम निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को हमेशा सम्मानित किया जाएगा वही अवैध काम में लिप्त व अनुशासनहीन आचरण करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जाएगा। इस अवसर राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवम् कार्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## युवाओं को अपनी क्षमता पर विश्वास करना होगा-कुलपति

### सीयू और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के बीच एमओयू



**बिलासपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के बीच आज केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रो. सच्चिनंद शुक्ल के मध्य समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान हुआ। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के फार्मेसी विभाग के सभागार में आयोजित इनिशिएटिव ऑफ पर्सनालिटी डेवेलपमेंट- लीडरशिप, सॉफ्ट स्किल्स एंड मैनेजमेंट स्किल्स विषय पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। जिसके मुख्य वक्ता कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल रहे।

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रो. सच्चिनंद शुक्ल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुआ यह समझौता ज्ञापन शिक्षा के विभिन्न आयामों में विकास के पथ को प्रकाशित करते हुए नये युग का प्रारंभ करेगा। उन्होंने कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रो. चक्रवाल ने व्यक्तित्व विकास एवं प्रबंध के क्षेत्र में नये मानक गढ़े हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ का सबसे पुराना व प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है जिसने विभिन्न अकादमिक क्षेत्रों में अपनी श्रेष्ठा प्रदर्शित की है। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय मानकों पर एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालयों के साथ करने योगदान की नीति को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे रहा है। छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा देने के लिए यह समझौता ज्ञापन एक मील का पत्थर साबित होगा। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने इनिशिएटिव ऑफ पर्सनालिटी डेवेलपमेंट- लीडरशिप, सॉफ्ट स्किल्स एंड मैनेजमेंट स्किल्स विषय पर अपने व्याख्यान में कहा कि युवाओं को अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना होगा। हमें किसी की नकल करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि हम अद्वितीय हैं। उन्होंने युवाओं को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि जो व्यक्ति विचारशील होता है वो समाधान को खोजने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि सही व्यक्तित्व का विकास तभी संभव है जबकि आप निरंतर अपने किये गये कार्यों का विश्लेषण करते रहें। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना युवाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास पर आधारित है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालय साथ मिलकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, विकास रोजगार के समुचित अवसर, स्टार्ट अप के लिए प्रेरित करना, शोध एवं नवाचार और उद्यमिता के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को दृष्टिगत रखते हुए क्रियान्वियत करने के लिए विज्ञान और तकनीकी के माध्यम से समेकित प्रयास करेंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर सरस्वती वंदना एवं विश्वविद्यालय कुलगीत की गायन हुआ। अतिथियों का नन्हें पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। मंचस्थ अतिथियों में प्रो. पी.के बाजपेयी, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर, डॉ. शैलेन्द्र पटेल, कुलसचिव, प्रो. केशव कांत साहू एवं प्रो. कलोल घोष, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर उपस्थित रहे। व्याख्यान के अंत में सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिये। अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. कलोल घोष रायपुर ने दिया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सुदूर वनांचल में ग्रामीणों को अटल ने बांटे छाते

### भूपेश सरकार की योजनाओं को ग्रामीणों से किया साझा



**बिलासपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। सुदूर वनांचल मे रह रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचे छत्तीसगढ़ राज्य मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव लगातार हो रही बरसात से ग्रामीण जनों को खेत खलियान के कार्यों में सहयोगात्मक राहत पहुंचाने हेतु हजारों की संख्या में छाते बांटे गए। कोटा विधानसभा के सुदूर वनांचल कुरदूर जो ऊंची पहाड़ियों पर स्थित हैं यहां बड़ी संख्या में बैगा आदिवासी रहते हैं आज हाट बाजार के दिन बड़ी संख्या में पहुंचे आसपास के बैगा आदिवासियों एवं अन्य ग्रामीण जनों के बीच पहुंचकर अटल श्रीवास्तव ने खेती किसानी से लेकर वन उपज संबंधित चर्चा कर भूपेश सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर विचार विमर्श किया आदिवासियों गरीब मजदूर किसान महिलाएं नवजवानों की हितैषी सरकार है भूपेश सरकार हर वर्ग के लिए किए जा रहे कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर कोटा मंडी के अध्यक्ष संदीप शुकला एवं उनकी पूरी टीम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय नारायण राय प्रदेश सचिव महेश दुबे जिला कांग्रेस कमेटी शहरी के महामंत्री समीर अहमद बबला भी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### मणिपुर में हिस्सा और अत्याचार पर एटक ने किया प्रदर्शन



**कोरबा,** 05 अगस्त (देशबन्धु)। मणिपुर में हो रही हिंसा और आदिवासी महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में एल्युमिनियम एम्प्लाइज यूनियन एटक के द्वारा तानसेन चौक में एक दिवसीय विशाल धरना देकर संयुक्त कलेक्टर के मायम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर राज्य के महासचिव हरिनाथ सिंह ने कहा कि मणिपुर में जिस तरह से महिलाओं पर अत्याचार हुए हैं वह पूरे विश्व भर में भारत देश को शर्मसार कर दिया है यह बहुत ही जघन्य अपराध है। देश में पहली बार हुआ होगा कि महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया गया है और उनके साथ बलात्कार किया गया। महिलाओं के साथ जिन लोगों ने भी घटिया काम किया है उनको फांसी दे देना चाहिए। एल्युमिनियम एम्प्लाइज यूनियन के अध्यक्ष एसके सिंह और महासचिव सुनील सिंह ने कहा कि मणिपुर में जो हिंसा फैली हुई है उसे केन्द्र और राज्य सरकार को कड़ा कदम उठाकर हिंसा पर रोक लगाना चाहिए। आदिवासी महिलाओं पर जिन लोगों के द्वारा अत्याचार किया जा रहा है उनको कड़ी से कड़ी सजा देना चाहिए लेकिन सरकार मौन है। धरना प्रदर्शन में महासचिव सुनील सिंह, संगठन मंत्री धर्मेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, पी के वर्मा, अविनाश सिंह, अनूप सिंह, अवधेश सिंह, घनश्याम पटेल, धर्मेंद्र, संजय यादव, नरेश खुटे, मुकेश, रामायण यादव, मनोज प्रजापति, संतोषी बरेठ, इंद्राणी श्रीवास, बबली बरेठ, राम्भा, बुधवारिन, विजयलक्ष्मी चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

### कूर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति की बैठक आज

**कोरबा,** 05 अगस्त (देशबन्धु)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति संस्थान कोरबा में कूर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति की बैठक 6 अगस्त को शाम 4 बजे रखी गई है। कूर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति के अध्यक्ष रामकुमार वर्मा ने समाज के समस्त पदाधिकारीगण व सदस्यों को उपस्थित होने आग्रह किया है।

### राहुल की सांसद सदस्यता बहाली पर युवा कांग्रेस ने मनाया जश्न



कोरबा, 05 अगस्त (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी के विरूद्ध चल रहे प्रकरण में सजा पर रोक लगाने के साथ ही सदस्यता संबंधी मामले में निचली अदालत के आदेश पर रोक के कारण सांसद सदस्यता बहाल होने से कांग्रेस खेमे में खुशियां व्याप्त है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बांकीमोंगरा मुख्य चौक में आतिशबाजी कर मिठाई बांटकर जश्न मनाया।

युवा कांग्रेस द्वारा जिला महासचिव मधुसूदन दास के नेतृत्व में आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटी गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, महासचिव नवल किशोर पंडित ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने केंद्र सरकार सरकार की सिर्फ़ और सिर्फ़ बदले के भाव से किए कृत्य की पोल खुल गई है। मधुसूदन दास ने कहा कि यह निर्णय एक तरह से देश में महंगाई, बेरोज़गारी एवं जातीय हिंसा में झोंक कर रखने वाली सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले राहुल गांधी की आवाज को दबाने वालों को करारा जवाब है। इस अवसर पर संजय विश्वास, मनीराम देवांगन, इंटक महासचिव संदीप राय, किसन सागर, संजय आज़ाद, मोहन लदेर, पूजा महंत, महिला कांग्रेस पदाधिकारी छतबाई चौहान, सावित्री, टीकाराम मनहर, अमरूदास, राजेश मानिकपुरी, छतराम जांगड़े, गीता बड़ा, पुष्पा चौहान, दीपेश यादव, शुभम महन्त, आदिल खान, घनश्याम साहू, गुलसंदीप, सुमेश भगत, रुद्र साहू, जयप्रकाश, हरीश, गीता मौर्य, संगीत मनहर, सरिता, प्रेमबाई, पाला बाई, इतवारा बाई, सावित्री कुर्रे, सावित्री बाई, भगवती जांगड़े, सुलेखा, सरिता, कौसलिया उपस्थित थे।

### सेवा करने वाले सभी संस्था श्रेष्ठ : डी लाल



**कोरबा,** 05 अगस्त (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ पावरसिटी जमनीपाली के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विकास खंड शिक्षा अधिकारी डी. लाल ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी क्लब बेस्ट होते हैं। वह ऐसे जगह समाज सेवा देते हैं जिनको कोई नहीं ध्यान दे पाता। समाज सेवा करना ही सच्ची श्रद्धा है। सीएसईबी वेस्ट के इरेक्टर हास्टल में रोटरी क्लब ऑफ पावरसिटी जमनीपाली शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। अथितियों का स्वागत पश्चात निवृतमान अध्यक्ष सुधीर जैन ने अपना पदभार वर्तमान अध्यक्ष डॉ. रितेश सुनहरे को सौंपा। सचिव संदीप शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। सुधीर जैन ने अपने कार्यकाल के बारे में बताया। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के असिस्टेंट गवर्नर संजय अग्रवाल (शपथ अधिकारी) ने विगत वर्ष क्लब द्वारा किए गए कार्यों को सराहा और नई टीम को शुभकामनाएं दी। प्रेरित कया कि हमेशा गरीब एवं जरूरतमंद की सहायता करें। कार्यक्रम में पार्षद रोपा तिर्की, रोटरी चेयरमैन संजय बुधिया, मनीष अग्रवाल, सविता लाल, मंजूषा नायर, अनिल द्विवेदी, सुचिता शर्मा, प्रताप सिंह, डीडी अग्रवाल, वीर साय, संदीप शर्मा, आशीष अग्रवाल, देवी दयाल तिवारी, बिसाऊ राम, अर्चना साहू, अनिमा भट्टाचार्य, सत्येंद्र सिंह, सुरेश राठोर, शिव शंकर भारती, रजनीश कौशल, रीता रॉय, के सी सुनहरे आदि उपस्थित थे।

# आपसी रंजिश में भिड़े सुरक्षाकर्मी, कत्ता, रॉड, डंडा से हमला

### दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज

कोरबा-बालकोनगर, 05 अगस्त (देशबन्धु)। पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में बालको प्लांट के सुरक्षाकर्मियों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की यह घटना उनके निवास स्थान पर हुई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बालको प्लांट अंतर्गत जी-4 एस में जितेन्द्र शर्मा पिता श्रीनिवास शर्मा 25 वर्ष निवासी सेक्टर-4/2/ए/1003 के साथ 4 अगस्त को रात करीब 10.30 बजे उसके निवास पर पहुंचे संतोष सिंह, संजय झा, सुनील बिंद, अविनाश त्रिपाठी ने मारपीट कर चोट पहुंचाया। रिपोर्ट में बताया गया कि बालको के चोटिया खदान में पूर्व में हुए विवाद को लेकर उपरोक्त लोगों ने गाली-गलौच करते हुए उसके मकान में घुसकर हाथ-मुक्का से मारपीट किया। जान से मारने की नीयत से संतोष ने लोहे के रॉड से सिर के पीछे 2-3 बार वार किया। डंडे से सुनील कुमार बिंद ने मुंह पर हमला किया जिससे 2 दांत टूट गया। संजय झा ने घर पर मौजूद चिकन, मटन काटने वाले धारदार कत्ता से सिर में मार कर चोट पहुंचाया व अविनाश त्रिपाठी ने धारदार चाकू से गला काटकर फेंक देने की धमकी देते हुए मारने के लिए दौड़ाया। पीड़ित जितेन्द्र के घर व किचन के घरेलू सामानों को तोड़-फोड़ कर क्षति पहुंचाया गया। किसी तरह भाग कर जितेन्द्र ने अपनी जान बचाई। बीच-बचाव करने के दौरान पहुंचे गीतराज नेताम के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 307, 323, 326, 34, 427, 458, 506 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया है। इसी तरह दूसरे पक्ष से संतोष सिंह पिता स्व. धनेश्वर सिंह 46 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि रात 10.40 बजे महेश शर्मा, शरद मिश्रा, जितेन्द्र शर्मा ने पुराने विवाद को लेकर बालको टाउन के सामने गाली-गलौच करते हुए रॉड, डंडा से एकाएक मारपीट किया। शरद ने डंडा, जितेन्द्र ने रॉड और महेश ने चाकू से हमला कर चोट पहुंचाया है। बाएं कान से उसे सुनाई नहीं पड़ रहा और कमर में चोट लगी है। बीच-बचाव करने पहुंचे सुनील मिंज व संजय झा से भी मारपीट किया गया। इस रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 34, 506 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### आधी रात ट्रेलर चालकों से लूटपाट, जुर्म दर्ज

कोरबा-उरगा, 05 अगस्त (देशबन्धु)। खराब मौसम और खराब रास्ते के कारण सड़क किनारे ट्रेलर खड़ी कर आराम कर रहे 2 चालकों से आधी रात लूटपाट को अंजाम दिया गया। इस मामले के पीड़ित भूपेन्द्र कुमार मरावी पिता मोतीराम 26 वर्ष निवासी ग्राम बकसाही पाली ने बताया कि 2 अगस्त को कुसमुंडा से वह और राहुल अपने-अपने ट्रेलर में कोयला लोड कर कोथारी जा रहे थे। रास्ता खराब होने तथा अधिक बारिश के कारण मड़वारानी के पास रात करीब 11 बजे ट्रेलर क्रमांक सीजी-12बीजी-6400 व राहुल कुमार सिरसो की ट्रेलर क्रमांक सीजी-12बीजी-5900 को खड़ी किया था। दोनों भूपेन्द्र के ट्रेलर में आराम कर रहे थे। रात करीब 1 बजे 4-5 व्यक्ति पहुंचे और डरा-धमका कर पैसा मांगा और पर्स में रखे 4500 रुपए एवं दोनों का मोबाइल लूट लिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 34, 392 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक में शराब निर्माण, एक की मौत

### रखे गए महुआ लाहन को निकालने गया एक और युवक गंभीर

### महुआ लाहन की गंध और गैस बनी मौत की वजह, जांच जारी



**कोरबा,** 05 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत इमलीडुग्गू के नहर किनारे बसे पोखरीपारा मोहल्ले में पिछली रात हादसा हो गया। यहां अवैध रूप से शराब निर्माण करने वाले एक परिवार के युवक की मौत हो गई जबकि उसे देखने और निकालने के चक्कर में एक अन्य युवक बेहोश हो गया। उसका उपचार अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार पोखरीपारा में नरेन्द्र सहिस के द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माणाधीन मकान में सेप्टिक टैंक का भी निर्माण कराया गया है लेकिन इस सेप्टिक टैंक को अवैध शराब निर्माण का ठिकाना बनाया गया था। भीतर बड़े पैमाने पर महुआ लाहन रखा गया था और शराब निर्माण में लगने वाली सामग्री भी यहां मौजूद थी। शुक्रवार रात लगभग 10 बजे महुआ लाहन निकालने के लिए 30 वर्षीय नरेन्द्र सहिस सेप्टिक टैंक में उतरा और काफी देर तक जब वापस ऊपर नहीं लौटा तो कृष्णा और बिहारी यादव भी नीचे उतरे। इन्होंने पाया कि भीतर नरेन्द्र सहिस बेहोश हालत में पड़ा है। उसे निकालने के प्रयास में लगे दोनों युवकों में से एक युवक भी बेहोश होकर गिर पड़ा। बिहारी यादव भी खुद को बाहर नहीं निकाल पाया। काफी देर तक इन्हें बाहर न निकलता देख अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन में इन्हें बाहर निकाल कर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया जहां नरेन्द्र सहिस को मृत घोषित कर दिया गया। कृष्णा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले की सूचना रात लगभग 10.30 बजे कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों को जप्त कराया। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि महुआ लाहन और शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के जहरीले दुष्प्रभाव के कारण यह घटना हुई है।

### निगम आयुक्त के निर्देश पर हुई पड़ताल, मकान का निर्माण अवैध

नगर पालिक निगम के वार्ड क्र. 7 अंतर्गत पोखरीपारा मोहल्ले में हुए घटना को आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने गंभीरता से लिया। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी को स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जानकारी देने के निर्देश दिये। संजय तिवारी ने स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत बताया कि अवैध रूप से उक्त मकान का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें एक अंडरग्राउण्ड टैंक भी बनाया गया है, जिसका भविष्य में उपयोग सेप्टिक टैंक के रूप् में किया जा सकता है किन्तु वर्तमान में अभी उक्त सेप्टिक टैंक अभी चालू नहीं है। उक्त टैंक में कंटेनरों में अवैध शराब का भण्डारण किया गया था तथा टैंक के अंदर भी शराब बनाने की जानकारी भी मौके पर मिली। इसी के परिणाम स्वरूप उक्त् घटना घटित हुई है।

### लायंस क्लब के सुरेश व महेश अध्यक्ष बने



**कोरबा,** 05 अगस्त (देशबन्धु)। लायंस क्लब कोरबा विद्युत नगर एवं लायंस क्लब एनटीपीसी जमनीपाली का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। क्लब विद्युत नगर से अध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, सचिव दशरथ शर्मा एवं कोषाध्यक्ष जसपाल सिंह, लायंस क्लब एनटीपीसी जमनीपाली से अध्यक्ष महेश अग्रवाल, सचिव मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष एस एन मुखर्जी मनोनीत हुए एवं अपने पद की शपथ ली। इस अवसर पर दोनों क्लबों के सभी पदाधिकारियों ने भी शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमजेएफ विजय अग्रवाल, गेस्ट ऑफ़ आनर पीएमसीसीएम जेएफ जय प्रकाश अग्रवाल, शपथ अधिकारी रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ पवन शर्मा, विशिष्ठ अतिथि पीएमसीसी एमजेएफ राजेंद्र तिवारी, पूर्व डिस्ट्रिक गर्वनर एमजेएफ एम डी मखीजा, बी के मिश्रा एवं जोन चेयरपर्सन घनश्याम शर्मा रहे। उपस्थित लायंस क्लब ऑफ कोरबा, बालको नगर, कटघोरा छुरी, कोरबा वेस्ट, उर्जा सिटी, लायंस क्लब कोरबा विद्युत नगर एवं लायंस क्लब एनटीपीसी जमनीपाली से आए सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शराबी वृद्ध दंपत्ति की घर में मिली सड़ी-गली लाश



### महिला के सिर और वृद्ध के मुंह पर चोट के निशान

**कोरबा-पसान,** 05 अगस्त (देशबन्धु)। एक शराबी वृद्ध दंपत्ति की उनके ही घर में लाश बरामद हुई। पुलिस ने दोनों शवों को पंचनामा बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शव लगभग 3 दिन पुराना बताया जा रहा है जिससे दुर्गंध उठ रही थी। दोनों के शरीर में चोट के निशान मिले हैं। पुलिस मामले में विवेचना कर रही है।

जानकारी के अनुसार जिले के दूरस्थ पसान थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत लैंगा के आश्रित ग्राम छेरका बांध मोहल्ले में प्रधानमंत्री आवास में सुनाराम धनवार 55 वर्ष पत्नी शुकवारिन के साथ निवासरत था। शुक्रवार की शाम इनके घर के पास से गुजर रहे लोगों को भीतर से दुर्गंध आने का आभास हुआ। यह चर्चा मोहल्ले में फैली और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीतर से औंधे हुए दरवाजे को खोलकर प्रवेश किया तो यहां वृद्ध दंपत्ति की लाश मिली जो धीरे-धीरे सड़ रही थी। पुलिस ने कमरे को सील करने के पश्चात आज सुबह पंचनामा आदि की कार्यवाही पूर्ण कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि वृद्ध दंपत्ति शराब पीने के आदी थे और इन्हें आखिरी बार 2 अगस्त को शराब के नशे में ग्रामवासियों ने मोहल्ले में घूमते हुए देखा था। इसके बाद से दोनों नजर नहीं आए। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि शराब के नशे में ही दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ होगा और एक-दूसरे के साथ मारपीट अथवा किसी वस्तु से हमला कर चोट पहुंचाई। समय पर उपचार नहीं मिल पाने के कारण दोनों की जान चली गई। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच में मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### दिव्यांग नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा,** 05 अगस्त (देशबन्धु)। एक दिव्यांग नाबालिग से उसके घर आकर छेड़छाड़ करने के आरोपी को पुलिस ने रिपोर्ट के कुछ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया है। मामला पुलिस चौकी सीएसईबी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा का है। यहां रहने वाली प्रार्थिया काम करने के लिए घर से बाहर गई हुई थी कि इस दौरान आरोपी मोहम्मद मुस्तफा निवासी ढोढ़ीपारा मेन रोड ने उसके घर आकर नाबालिग दिव्यांग पुत्री 13 साल के साथ छेड़छाड़ किया। पीड़िता की मांग की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 354 भादवि तथा पाक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नवीन पटेल द्वारा मातहत स्टाफ के सहयोग से त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी मोहम्मद मुस्तफा पिता अमीर हसन 39 साल निवासी मुजफ्फरपुर बिहार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने युवा कार्यकर्ता सक्रियता से काम करें : लाम्बा



**कोरबा-पाली,** 05 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी पाली मंडल की आवश्यक कामकाजी बैठक महामाया मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लाम्बा ने कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना में कसावट कैसे लाएं, इस पर चर्चा करते हुए कहा कि मंडल की टीम शक्ति केंद्रों तथा बूथों में बैठक करें। बूथों की बैठक में लाभार्थियों को बुलाकर उनसे चर्चा करें तथा अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी दें। 31 अगस्त तक नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने के लिए खासकर युवा टीम को सक्रिय होने कहा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को आम जनों तक पहुंचाने का मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जेमरा (बगदरा) क्षेत्र की श्रीमती सावित्री नागवंशी को महिला मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में संजय भावनानी, चिंटू राजपाल, रोशन सिंह ठाकुर, विवेक कौशिक,कमल राज,भास्कर कश्यप, प्रयाग नारायण सांडिल्य, विजय बहादुर जगत, कीर्ति कश्यप, गुरुदयाल सिंह गंभीर, दीपक शर्मा, विक्की अग्रवाल, चंद्रशेखर पटेल, हरीश चावड़ा, रामविलास जायसवाल,सुरेश निषाद ,सुनील कश्यप ,रामायण सिंह, दिलीप पटेल, तारकेश्वर पटवा, विशाल मोटवानी,जितेंद्र माटे आदि उपस्थित रहे।

# सड़क के किनारे एसईसीएल फिकवा रहा कालोनियों का कचरा

## परेशान ग्रामवासियों ने दी 3 दिन की मोहलत, फिर प्रदर्शन और खदान बंदी





**कोरबा,** 05 अगस्त (देशबन्धु)। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के मानिकपुर प्रबंधन द्वारा ग्राम दादर खुर्द जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे कचरा डाला जा रहा है। कचरा एवं मरे हुए जानवर यहां फेंक देने के कारण आने-जाने वाले ग्रामवासियों व अन्य लोगों को दुर्गंध से गुजरना पड़ता है।

एसईसीएल के इस रवैय्ये से जिला प्रशासन व निगम प्रशासन द्वारा लगातार स्वच्छता को बढ़ावा देने वाली कार्यवाही को पलीता लग रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मानिकपुर से दादर खुर्द की ओर जाने वाला यह मुख्य रास्ता है। रास्ते के दोनों ओर प्रबंधन द्वारा अपने कॉलोनी से निकलने वाले कचरों के साथ-साथ मृत जानवर को भी फेंका जा रहा है। प्लास्टिक एवं अन्य तरह के जितने भी कचरे कालोनी में निस्तारित होते हैं, एसईसीएल का सफाई अमला उसे इकट्ठा कर यहां फेंक जाता है। बताया गया कि उक्त मार्ग के किनारे कचरा संग्रहण केन्द्र भी बनाया गया है जिसमें ताला लटक रहा है। यहां की गतिविधियां शून्य होने के कारण इसके निर्माण व उपयोगिता पर भी सवाल उठे हैं। यदि यह कचरा संग्रहण केन्द्र सुचारू रूप से संचालित होता तो संभवत: सड़क के किनारों पर गंदगी का ढेर नजर नहीं आता और आने-जाने वाले लोगों को कठिनाईयों के दौर से गुजरना नहीं पड़ता। बरसात के मौसम में यह कचरे पानी के साथ बहकर सड़क पर आ जाते हैं और इन्हीं गंदगियों के बीच से गुजरना लोगों की मजबूरी बन जाती है। वैसे भी इस क्षेत्र के सड़क अपनी बदहाली के आंसू रो रही है। दूसरी ओर स्वच्छता के मामले में एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बरती जा रही लापरवाही लोगों के लिए मुसीबत की वजह बनती जा रही है।

ग्राम वासियों के द्वारा कई बार निवेदन करने पर भी प्रबन्धन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। ग्राम दादरखुर्द विकास समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार द्विवेदी ने कहा है कि 3 दिन के अन्दर अगर प्रबंधन अपनी गलती नहीं सुधारता है और इन कचरों का यहां से उठाव नहीं कराता है तो उग्र आंदोलन कर ग्रामवासी खदान बंद करेंगे एवं उसी स्थान पर बैठकर हड़ताल करेंगे।

## सार-संक्षेप

### फसल बीमा प्रचार रथ रवाना



**अम्बिकापुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को फसल बीमा योजना हेतु प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, ताकि क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी ऋणी-अऋणी किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठा सकें। रथ जिले के विभिन्न ग्रामों में बीमा की जानकारी के साथ बीमा कराने हेतु आवश्यक तकनीकी जानकारी किसानों को सुविधा मुहैया कराएगी। फसल बीमा की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2023 है। भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा खरीफ 2023 एवं रबी 2023-24 में संचालित की जा रही है। पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत उद्यानिकी अधिसूचित खरीफ फसल टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद है। किसानों द्वारा आधार कार्ड, राजस्व अभिलेख, बैंक खाता की प्रति के साथ लोक सेवा केन्द्र, प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति, ऑलाईन पंजीयन, बैंक, विभागीय मैदानी अमला या बीमा कम्पनी अभिकर्ता के मार्गदर्शन से अपनी फसल का बीमा करा सकेंगें। फसल बीमा अंतर्गत रथ रवाना के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर एएल ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत नूतन कुमार कंवर, उपसंचालक कृषि विभाग पीएस दीवान, एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### महानदी की बाढ़ में, ऐतिहासिक पोरथ शिव मंदिर डूबा



**रायगढ़** 05 अगस्त (देशबन्धु)। पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश जारी है। इससे प्रदेश के नदी-नाले ऊफान पर है। रायगढ़ जिले में स्थित महानदी में भी लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। महानदी में पानी का फ्लो बढने के कारण पोरथ में स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर भी डूब गया है। नदी में जलस्तर बढने के कारण तटीय इलाके के गांवों में जलभराव की स्थिति बन चुकी है। गांवों के खेत खलिहान डूब चुके हैं। वहीं एक दर्जन से अधिक गांवों में आवागमन बंद होने की स्थिति हो चुकी है। नदी में अगर तीन से चार फीट पानी बढने से गांवों को खाली कराने की नौबत आन पड़ेगी।

महानदी में लगातार जलस्तर बढ़ रहा। इससे महानदी के किनारे बसे गांव चंद्रपुर, बरगांव, नौघटा, लिप्ति, पिहरा, नदीगांव, सुरसी, सूरजगढ़, रानीडीह, कोर्रा, पोरथ, तोरा, ठेंगागुड़ी, बोरिदा, लुकापारा के गांवों के खेतों में पानी घुस चुका हैं। इससे किसानों को भारी भरकम नुकसान होगा। वहीं लगातार पानी बढने के कारण अब ये गांव भी डूबने की कगार पर आ चुके हैं।

### राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में रायगढ़ के खिलाड़ियों का चयन



**रायगढ़** 05 अगस्त (देशबन्धु)। 2 अगस्त को संभागीय स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित की गई थी। इसमें रायगढ़ जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग दिया। राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में कार्मेल कान्वेंट रायगढ़ की छात्रा यशस्वी महाले एवं संत माइकल विद्यालय की छात्रा प्रिंसी यादव का चयन हुआ है। दोनों ही खिलाड़ियों के चयन के पीछे उनके कोच शम्मी पुरसेठ जिन्हें खेल के सम्मानीय पुरस्कार शहीद विक्रम पंकज अलंकरण अवार्ड से सम्मानित किया गया है ,एवं कई बार राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल प्राप्त कोच का मार्गदर्शन ,मेहनत एवं विशेष योगदान रहा है। दोनों खिलाड़ियों ने इनके मार्गदर्शन में रायगढ स्विमिंग पूल में रोज शाम को 3 से 4 घंटे कठिन मेहनत एवं लगन से अभ्यास किया है, जिसके परिणाम स्वरूप इनका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। आगामी होने वाले राज्य स्तर प्रतियोगिता में अभी से अपने कोच के मार्गदर्शन में तैयारी में लगे है। कार्मेल कान्वेंट रायगढ की खिलाड़ी छात्रा यशस्वी महाले का चयन प्ैब्म् बोर्ड की तैराकी प्रतियोगिता में भी हुआ है। यह प्रतियोगिता राजकुमार कॉलेज रायपुर में 5 से 7 अगस्त तक खेली जा रही है। आशा है आने वाली प्रतियोगिता में भी दोनों खिलाड़ी बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### जमीन विवाद में छोटे भाई का किया सिर कलम

**रायगढ़** 05 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव नरकालो में गुरूवार की दोपहर जमीन विवाद को लेकर दो भाईयों के लिये ऐसा विवाद छिड़ा की देखते ही देखते बड़े भाई ने अपने ही सगे छोटे भाई की धारदार टांगी गर्दन में वार करके सर धड़ से अलग कर दिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची धरमजयगढ़ पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए आरोपी को गिरफ्तार करके पूछताछ कर रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नरकालो गांव में गुरूवार की दोपहर जमीन विवाद के चलते बड़े भाई धीरसाय राठिया 41 साल का अपने ही छोटे भाई अमीर साय राठिया 40 साल की धारदार हथियार से गर्दन में वार करके सर धड से अलग कर दिया।

# जिला चिकित्सालय चौबीसों घंटे सीजेरियन प्रसव की सुविधा

## स्वास्थ्य सुविधाओं का हुआ विस्तार

**बैकुण्ठपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में स्वास्थ्य सुविधा अंतर्गत विगत वर्षो से गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन प्रसव हेतु निश्चेतना विशेषज्ञ न होने से कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत कुल गर्भवती महिलाओं में से 15 से 20 प्रतिशत हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एच.आर.पी.) प्रकरण में सिजेरियन प्रसव अनिवार्य है। जिससे मातृ-मृत्यु एवं शिशु-मृत्यु दर का कम किया जा सकता है। जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में 100 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय भवन में जिला कोरिया के अतिरिक्त पड़ोसी जिले सूरजपुर एवं कोरबा की गर्भवती महिलाए प्रसव हेतु पहुँचतें है। पूर्व में निश्चेतना विशेषज्ञ की अनुपलब्धता का कारण जरूरतमंद एवं गरीब परिवार के गर्भवती महिलाओं को सिजेरियन प्रसव हेतु निजी संस्था या अन्य शहर प्रसव पीड़ा में जाना पड़ता था। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के निश्चेतना विज्ञान एवं दर्द निवारण



विभाग से लाइफ सेविंग एनिथिसिया स्किल (सैै) का प्रशिक्षण डॉ. प्रियंका पाण्डेय के द्वारा पूर्ण कर जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में निश्चेतना की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रयास से शीघ्र सीटी स्कैन मशीन की भी सुविधा आम जनता को उपलब्ध कराई जायेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत, सिजेरियन प्रसव एवं निश्चेतना हेतु निजी क्षेत्रों से विशेषज्ञों की सेवा उपलब्ध कराने हेतु बजट का प्रावधान है। जिले की गर्भवती महिलाओं को अब जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में 24ग्7 सामान्य के साथ-साथ सिजेरियन प्रसव की सुविधा भी

## सी.टी स्कैन की भी सुविधा शीघ्र

**बैकुण्ठपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में विगत वर्षो से आम जनता हेतु डायग्नोस्टिक के क्षेत्र में सीटी स्कैन मशीन की बहूप्रतीक्षित मांग जिला प्रशासन के सकारात्मक प्रयास से शीघ्र पूर्ण होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य का आदिवासी बाहूल्य सुदूर वनांचल जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में 100 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय भवन में जिला-कोरिया के अतिरिक्त पड़ोसी जिले सूरजपुर एवं कोरबा के मरीज ईलाज हेतु पहूँचते है। रेडियोलॉजी विभाग में जांच हेतु केवल डिजीटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध थी। सड़क दुर्घटना एवं अन्य जटिल बीमारियों में सीटी स्कैन हेतु जरूरत मंद एवं गरीब मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटर या अन्य शहर जाना पड़ता था। जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सीटी स्कैन जांच की सुविधा आम जनता हेतु वरदान साबित होगा। साउथ ईस्टर्न कोल फिल्डस लिमिटेड (एस.ई.सी.एल.) के द्वारा सी.एस.आर. मद से जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सीटी स्कैन मशीन की अनुपलब्धता के कारण गंभीर बीमारियों के आंकलन में कठिनाई की आवश्यकता के आधार पर 64 स्लाईस सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हेतु जून 2021 में 359.00 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान किया गया। एस.ई.सी.एल. बिलासपुर द्वारा जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर, में सी.एस.आर. मद अंतर्गत सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने हेतु नियम एवं शर्तो के अनुरूप् क्रय समिति का गठन कर प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। क्रय समिति के तकनीकी सदस्यों के अनुमोदन उपरांत छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेस कॉपोरेशन लिमिटेड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2022) नियमों का पालन करते हुए जेम के माध्यम से उपकरण क्रय करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई।



सीटी स्कैन मशीन के स्थापना के संबंध में वर्क स्टेशन, आवश्यक मानव संसाधन, अधोसंरचना एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामानांतर रूप से किया जा रहा है। लोकनिर्माण विभाग (भ/स) के द्वारा अधोसंरचना एवं लोक निर्माण विभाग (वि.यॉ.) के द्वारा विद्युत कार्य पूर्ण किया जा रहा है। उक्त अधोसंरचना एवं विद्युत कार्य पूर्ण होते ही शीघ्र सीटी स्कैन मशीन की स्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया जावेगा। सीटी स्कैन के संचालन हेतु 02 रेडियोग्रॉफर का प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल रायपुर एवं डी.के.एस. सूपरस्पेर्शिलटी हॉस्पिटल रायपुर में कराया गया है। सीटी स्कैन का रिर्पोटिंग रेडियोलॉजिस्ट के द्वारा टेली रेडियोलॉजी के माध्यम से कराया जायेगा। सीटी स्कैन मशीन के सूचारू एवं सफल संचालन हेतु पॉवर बैकअप अंतर्गत डीजी सेट (जैनरेटर) की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। सीटी स्कैन मशीन के साथ 03 वर्ष का वॉरंटी के अतिरिक्त 03 वर्ष का सी.एम.सी. की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे मशीन में यदि कोई भी तकनीकी दिक्कत आने से तत्काल समय सीमा के भीतर स्पेयर सहित मेटनेंस कराया जा सके। जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में स्थापित होने वाला सीटी स्कैन मशीन भारत सरकार परमाणु ऊर्जा नियामक परिसर विकिरण संरक्षा प्रभाग (एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड, रेडियोलॉजिकल सेफ्टी डिवीजन) से अनुमोदित है। विगत वर्षो में भारत देश के विभिन्न राज्यों के शहरों में यह सीटी स्कैन मशीन स्थापित किया गया है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में शीघ्र सीटी स्कैन मशीन चालू होगा।

# अऋणी किसानों को शत-प्रतिशत बीमा का लाभ दिलायें

**बलरामपुर** 5 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से राज्य और केंद्र पोषित योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने विभाग में संचालित योजनाओं जैसे- किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, गोधन न्याय योजना आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मौजूदा खरीफ वर्ष 2023-24 के लिए बीज लक्ष्य, भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की।



बैठक में कलेक्टर ने वर्षा की स्थिति को देखते हुए मौजूदा खरीफ वर्ष 2023-24 के लिए कृषि विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि यह समय खेती-किसानी के लिए महत्वपूर्ण है। जिले में वर्षा की स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग को सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए जिले में ऋणी और अऋणी किसानों की जानकारी ली। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी अऋणी किसानों को शत-प्रतिशत बीमा का लाभ प्रदान करें। कलेक्टर श्री एक्का ने बीमा अधिकारियों द्वारा समय पर किसानों को फसल बीमा के लिए निर्धारित प्रारूप में फॉर्म उपलब्ध न करवाने की लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त की और लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र फॉर्म आबंटन के निर्देश दिए। गौरतलब है कि खरीफ वर्ष 2023-24 के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 अगस्त निर्धारित है परन्तु बीमा अधिकारियों द्वारा लक्ष्य से बेहद कम स्तर पर फॉर्म आबंटन किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर ने अऋणी किसानों के शत-प्रतिशत बीमा कराने के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य आवंटन करने एवं विशेष मॉनिटरिंग प्रणाली के तहत दायित्व निर्वहन कराने के लिए उप संचालक कृषि एवं अधिनस्थ कृषि अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया।

इसके अलावा कलेक्टर श्री एक्का ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए किसानों का ई-केवाईसी, लैण्ड सीडिंग एवं आधार सीडिंग पूर्ण कराने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए। साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों से किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड निर्माण हेतु कुल प्रेषित प्रकरणों के विरुद्ध स्वीकृत प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने जिले में उर्वरक लक्ष्य भण्डारण, स्वाईल हेल्थ कार्ड, बीज (मिनी कीट) लक्ष्य एवं भण्डारण की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति व मिलेट मिशन योजना के तहत लघु धान्य फसल के प्रस्तावित क्षेत्राच्छादन की जानकारी ली। उन्होंने सौर सुजला योजना के लक्ष्य के प्रगति की जानकारी लेते हुए लक्ष्य प्राप्ति हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शशि चौधरी, उप संचालक कृषि एस.के. प्रसाद, सहायक संचालक उद्यानिकी पतराम सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर के निर्देश पर क्षतिग्रस्त पुलिया सुधार कर आवागमन बहाल



**अम्बिकापुर** 5 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखंड बतौली में जूनापारा से करदना बागपानी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 9 किमी सड़क आवागमन के लिए बनी हुई है जिसमें अत्याधिक वर्षा एवं भारी वाहनों के आवागमन के कारण आरडी 5300 मी. में पुलिया क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने त्वरित संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करते हुए आवागमन सुचारू रूप से संचालित कराने निर्देशित किया गया। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में विभाग द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में क्षतिग्रस्त पुलिया स्थल पर आवश्यक सुधार कार्य कर ग्रामीणों की सुविधा हेतु वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण वर्ष 2007-08 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत किया गया था एवं वर्ष 2017-18 में नवीनीकरण कार्य किया गया। अत्याधिक वर्षा एवं भारी वाहनों के आवागमन के कारण उक्त पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें ग्रामीणों की आवागमन में मदद हेतु कार्यवाही करते क्षतिग्रस्त पुलिया के मलबे को हटाकर पुनः ह्यूम पाइप को दो रो लगाकर एवं उसपर मुरुम कर आवागमन शुरू किया जा रहा है।

## प्रेमिका से कथित बलात्कार के मामले में जेल में बंद प्रेमी ने उसी से रचाई शादी

**रायगढ़** 05 अगस्त (देशबन्धु)। जिला जेल में दुष्कर्म के मामले में कैद युवक की शादी जेल में कराया गया। आरोपी युवक बीते 3 महीनों से दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद था ,जिसकी आज धूमधाम से जिला जेल में शादी कराई गई। रायगढ़ जिला जेल के इतिहास में पहली बार किसी कैदी की जेल में शादी हुई है।

दरअसल उत्तर प्रदेश के गोंडा जिला के रहने वाले सूर्य प्रकाश तिवारी का परिचय खरसिया के रहने वाले युवती प्रिया मिश्रा ( बदला हुआ नाम) से हुआ, जिसके बाद युवती से शादी का झांसा देकर युवक ने उससे दुष्कर्म किया, जिस पर युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का शिकायत खरसिया थाने में दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को उत्तर प्रदेश



के गोंडा जिले से गिरफ्तार कर रायगढ़ जिला जेल भेज दिया था। लेकिन अब दोनों पक्षों को अपनी गलती का एहसास हुआ और आपसी मनमुटाव को परिजनों ने बात विचार से सुलह कर ली, और जिला न्यायालय में शादी करने की अर्जी लगाई थी ,जिस पर न्यायालय ने युवक-युवती को शादी कराने का आदेश दिया था। रायगढ़ जेल के प्रभारी को दोनों युवक-युवती के शादी विधि-विधान पूर्वक संपन्न कराया गया।

# भाजपा नेताओं ने रायगढ़ में डाला डेरा

### पीएम मोदी के दौरे की तैयारी

**रायगढ़** 05 अगस्त (देशबन्धु)। जीत पक्की करने के लिये जोर शोर से तैयारी में लग गई है राजधानी रायपुर, बिलासपुर के बाद अब रायगढ़ जिले में कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करते हुए उनको विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ उतरने के लिये रिचार्ज किया गया इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक मोटर सायकल रैली निकालकर भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव का जोरदार स्वागत करते हुए भाजपा कार्यालय तक लाया। वहां ढोल व मादर की थाप पर हुए स्वागत से अभिभूत होकर खुद ओम माथुर व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव ने भी उनके साथ मांदर बजाते हुए थिरकते हुए



आगे बढ़े। इसके बाद कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें विधानसभा चुनाव में तैयार रहने के साथ-साथ जीत के टिप्स भी दिये।

विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही भाजपा ने अपनी पूरी ताकत जिलों में झोंक दी है और इसी के लिये आज रायगढ़ जिले की चार विधानसभा सीट में जीत तय करने के लिये प्रदेश प्रभारी ओम माथुर तथा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव ने भाजपा नेताओं से चर्चा करते हुए विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर भी गंभीर चर्चा की। उसके बाद पत्रकार वार्ता के दौरान केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार को घेरते हुए भ्रष्टाचार संबंधी मामलों को लेकर जमकर कोसा। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि जो वादे जनता के साथ किये थे वह आज तक पूरे नही हुए। ऐसे में जनता उन्हें सबक सिखायेगी और आने वाली सरकार भाजपा की ही होगी। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच जा कर जीत पक्की कैसे हो उसके लिये चर्चा की जा रही है और जनता भी पूर्व के 15 साल भाजपा के और वर्तमान में भूपेश बघेल सरकार के कामकाज को भी परखा है और वादा खिलाफी करने वाले सरकार को इस बार जनता नकार रही है।

पत्रकार वार्ता में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव से भी जब विधानसभा चुनाव के दौरान क्षेत्रीय पार्टियों से गठबंधन करने संबंधी सवाल पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा अकेले ही छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। बहरहाल केन्द्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया और प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं में वो चेहरे सबसे ज्यादा सक्रिय दिखे जिन्हें टिकट लेने के लिये पूरा जोर लगा दिया है।

# लायंस क्लब ने स्कूली बालिकाओं की विशेष समस्याओं पर आयोजित किया सेमिनार

**मनेन्द्रगढ़,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में बालिकाओं की आम एवं विशेष समस्याओं पर सेमिनार का आयोजन किया गया कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सेमिनार का आरम्भ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में संस्था की शिक्षिका सुश्री पूनम सोरेन के द्वारा कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों एवं सदस्यों का परिचय दिया गया। संस्था की प्रधानपाठिका श्रीमती कनक सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि ला0 एम0 करन एवं अध्यक्षा ला0 सिमी जैन का स्वागत संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अरूणिमा सिंह के द्वारा तिलक एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। अन्य सभी सदस्यों का स्वागत संस्था के विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर कर किया।

लायन्स क्लब मनेन्द्रगढ़ के द्वारा बालिकाओं के द्वारा सामना किये जाने वाले विभिन्न प्रकार की मानसिक एवं शारीरिक समस्याओं को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चियों को उनके जीवन में आने वाली विभिन्न प्रकार की




शरीरिक एवं मानसिक समस्याओं की जानकारी देते हुए उनसे किस प्रकार बचा जा सके इस पर बच्चियों को विशेष जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ला0 एम0 करन ने बच्चियों को जानकारी देते हुए बताया कि उन विशेष दिनों को लेकर कोई गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए यह एक सामान्य शरीरिक प्रक्रिया है पर इन दिनों अपने स्वास्थ्य एवं अपने खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं से व्यक्तिगत रूप से उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी भी ली। उन्होनें विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चियों से कहा कि यदि आपलोगों को इस प्रकार की कोई भी शारीरिक समस्या होती है तो आप बेहिचक मुझसे सम्पर्क कर सकती हैं।

सचिव ला0 ममता राणा ने कहा कि एक दौर था जब हम अपनी समस्याओं को किसी से बता नहीं सकते थे और मानसिक रूप से परेशान रहते थे, लेकिन आज का समय इतना विकसित हो चुका है कि हम अपनी समस्याओं को आपस में साझा कर सकते हैं और इस प्रकार से कार्यक्रम से हम सभी को सहयोग भी मिलती है। आप सभी बच्चियॉं आज के इस सेमिनार में दी गयी जानकारियों का पालन कीजिए।

अध्यक्षा ला0 सिमी जैन ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लायन्स क्लब मनेन्द्रगढ़ के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित करने में विद्यालय ने जो रूचि दिखाई और सहयोग दिया उसके लिए विद्यालय परिवार व विद्यालय प्रबंधन प्रसंशा का पात्र है। उन्होनें भी बच्चियों को किसी भी प्रकार की शारीरिक व मानसिक परेशानी के कारण हीन भावना से ग्रसित होने की बजाय अपनी शिक्षिकाओं, माताओं, बड़ी बहनों को उससे अवगत कराने की बात कही और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की बात कही। साथ ही बच्चियों को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की बात कही। लायन्स क्लब मनेन्द्रगढ़ के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ला0 एम0 करन, अध्यक्ष ला0 सिमी जैन, सचिव ला0 ममता राणा, ला0 पूजा श्रीवास्तव, ला0 सोमा आचार्या, ला0 संगीता शर्मा, ला0 अंशु अग्रवाल, ला0 अल्पा अग्रवाल, ला0 प्रियंका अग्रवाल, ला0 मित्ती रैना, ला0 सुधा सोनी उपस्थित रहे।

# कैप्सूल वाहन और ट्रक की जोरदार टक्कर, दोनों चालक की हालत गंभीर

## हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़े



**जांजगीर**, 05 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में 2 वाहनों की भीषण टक्कर हो गई। शिवरीनारायण थाना इलाके के केरा रोड में यह हादसा हुआ जहां कैप्सूल वाहन और ट्रकी की आमने-सामने भिड़ंत हुई। जिसके चलते कुछ देर रायगढ़-बिलासपुर मार्ग भी बाधित रहा। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि, एक विक्षिप्त महिला जो सड़क में पैदल चल रही थी जिसे ट्रक चालक ने बचा लिया। लेकिन सामने से आ रही कैप्सूल वाहन से ट्रक भिड़ गई। हादसा इतना भीषण था कि, दोनो वाहनों के ड्राइवर केबिन में ही फंसे रहे। जिन्हें निकालकर सिम्स रेफर किया गया है।

ग्रामीणों ने इसकी पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से केबिन में फंसे ड्राइवरों को बाहर निकाला। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनो चालकों को बिलासपुर के सिम्स रेफर किया गया है। कैप्सूल वाहन क्रमांक सीजी 22 एक्स 8122 का ड्राइवर अस्तउल मुस्तफा वाहन लेकर बिलासपुर से रायगढ़ की ओर जा रहा था। वहीं ट्रक ड्राइवर खिरो लाल जांगड़े (37) ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 9155 जिसमें कोयला भी लोड था, रायगढ़ की ओर से बिलासपुर जा रहा था। तभी केरा रोड में यह हादसा हो गया। जिससे दोनों वाहन चालक के केबिन के परखच्चे उड़ गए। पुलिस की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से हटाया गया जिसके बाद आवाजाही शुरू की गई। शिवरीनारायण पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।


# पहले देवी के सामने हाथ जोड़े फिर आभूषण निकालकर चंपत

## मंदिर में चोरी का फुटेज सामने आया, तलाश में जुटी पुलिस

**जांजगीर**, 05 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के बिर्रा थाना इलाके के घिवरा गांव स्थित डोकरी दाई मंदिर में लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात की चोरी की गई है। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। पूरा जानकारी के मुताबिक, घिवरा गांव के डोकरी दाई मंदिर में बीती रात करीब 1 से 2 बजे चोरी हुई है। मंदिर के सामने शटर में लगे ताले को तोड़ कर आरोपी मंदिर के अंदर घुसा। सुबह 6 बजे जब पुजारी मंदिर में आरती करने पहुंचा तो तब इसका खुलासा हुआ। चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। बताया जा रहा कि मंदिर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी चोरी करते दिख रहा है। जिसमें 1 बजकर 42 मिनट पर आरोपी सबसे पहले घुसकर हाथ जोड़ता है फिर नीचे झुककर भी माता की प्रतिमा को प्रणाम करता है। हाथ जोड़ने के बाद आरोपी प्रतिमा में लगा हार और सोने-चांदी के बाकी जेवरात भी निकालने लगता है। आरोपी सबसे पहले एक बड़ा सा हार निकालकर जेब में डालता है। जिसके बाद एक-एककर बाकी जेवरात भी निकालकर मौके से फरार हो गया। आरोपी ने अपने चेहरे पर गमछा भी बांधा हुआ था। जिससे उसकी पहचान ना हो सके।







### पुलिस ले रही डॉग स्कॉड की मदद

पुजारी ने फोन के जरिए पुलिस को सूचना दी जिसके बाद बिर्रा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही डॉग स्कॉड की मदद से भी जांच-पड़ताल की जा रही है। मंदिर में चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए एसपी विजय अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। एसपी ने भी मंदिर परिसर का जायजा लिया और टीम को भी निर्देशित किया। मंदिर में चोरी की घटना सुनते ही परिसर में भी ग्रामीणों की भीड़ लग गई है। किसी तरह ग्रामीणों को वहां से हटाकर पुलिस ने मौके की जांच की है। साइबर सेल की टीम और पुलिस चोर की तलाश में जुटी हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोकतंत्र की जीतः देवांगन

**चांपा**, 05 अगस्त (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मोदी उपनाम टिप्पणी मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत की निचली अदालत एवं गुजरात हाईकोर्ट द्वारा दी गई सजा पर शुक्रवार को रोक लगाये जाने के निर्णय पर अपनी प्रतिक्रिया में जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस विधायक एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य मोतीलाल देवांगन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोकतंत्र की जीत है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराने संबंधी केन्द्र की भाजपा सरकार की सभी साजिशें विफल हो गयी है। केन्द्र सरकार चाहती थी कि राहुल गांधी संसद से दूर रहे क्योंकि वह जनता के हित में सवाल करते है। देवांगन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे यह भी सिद्ध होता है कि सत्य परेशान तो हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। यह फैसला बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। देवांगन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के पश्चात केन्द्र सरकार एवं लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराने और उन्हें सरकारी आवास से बेदखल किये जाने की ही तरह त्वरित निर्णय लेकर उनकी संसद की सदस्यता तथा सरकारी आवास की सुविधा बहाल करें।



## 5 करोड़ 85 लाख की लागत से होगा सड़क का निर्माण



**डभरा**, 05 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मौहापाली में आजादी के इतने साल बाद भी गांव में पक्की सड़क एवं पहुंच मार्ग नहीं था गांव में पक्की सड़क एवं पहुंच मार्ग नहीं होने के कारण गांव की विकास नहीं हो पा रहा था, परंतु क्षेत्रीय विधायक रामकुमार यादव के प्रयास से मेन रोड सपोस से मौहापाली तक सड़क निर्माण कार्य के लिए 5 करोड़ 85 लाख 35 हजार रूपये लागत राशि से सड़क का निर्माण होगा।

बता दें कि क्षेत्रीय विधायक राम कुमार यादव जनसंपर्क के दौरान ग्राम मौहापाली पहुंचे जहां ग्रामीणों से समस्याओं के बारे में रूबरू हुए एवं साथी शासन से मिलने वाली सुविधाओं की हकीकत को जानने का प्रयास किया, उन्होंने ग्रामीणों को शासन की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं लाभ लेने की बात कही साथ ही उन्होंने कहा कि मौहापाली में इतने सालों बाद भूपेश सरकार द्वारा ग्राम सपोस से मौहापाली तक पक्की सड़क के लिए द्वारा राशि स्वीकृति किया जा चुका है। जनसंपर्क के दौरान विधायक यादव ने सरपंच नेतराम पटेल सहित आम जनता से मुलाकात कर समस्याओं से रूबरू हुए। ब्लॉक डभरा क्षेत्र की ग्राम मौहापाली में गांव के आने-जाने के लिए पक्की सड़क मार्ग नहीं था ग्रामीण नहर पार एवं पगडंडी रास्ते से आना-जाना करते थे। ग्रामीणों द्वारा विधायक रामकुमार यादव को अपनी समस्याओ से अवगत कराया इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय विधायक रामकुमार यादव ने शासन से सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा 5 करोड़ 85 लाख 35 हजार प्रशासकीय स्वीकृति दिलायी है। इस अवसर पर सरपंच संघ के अध्यक्ष नेतराम पटेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष बुद्धेश्वर यादव, भूपेंद्र खूंटे सरपंच ग्राम पंचायत मेड़ापाली,,हेमंत पटेल, नगर पंचायत चंद्रपुर के विधायक प्रतिनिधि आयुष अग्रवाल, चंद्रपुर के विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर माली, पंकज नंदे विशेष रूप से उपस्थित थे।

# ज्ञानदीप के छात्राओं ने सीएटीसी शिविर में लिया हिस्सा



**जांजगीर**, 04 अगस्त (देशबन्धु)। ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के एनसीसी की छात्रा ईकाई के द्वारा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में 7 सीजी बटालियन द्वारा आयोजित सीएटीसी 10 दिवसीय शिविर में भाग लिया।

उक्त शिविर में कैडेटों ने सामूहिक नृत्य में वैदेही कश्यप, अस्मि पांडेय और साथी ,वाद विवाद प्रतियोगिता अनन्या राठौर, अंकिता राठौर, समूह चर्चा अनन्या राठौर,ड्रील प्रशिक्षण में सीनियर कैडेट वैदेही कश्यप के साथ सभी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिसमें सभी कैडेटों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। 10 दिवसीय शिविर में पीआई स्टाफ द्वारा कैडेटों को शस्त्र प्रशिक्षण, शारीरिक प्रशिक्षण, अनुशासन ,योगाभ्यास ,व्यायाम आदि का प्रशिक्षण दिया गया । जिसमें सभी कैडेटों ने अपनी सहभागिता बढ़ चढ़कर दी एवं समस्त अभ्यासों का पूर्ण लाभ उठाया। कैम्प की समाप्ति के दौरान कैडेटों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि आर्मी आफिसर के द्वारा शस्त्र प्रशिक्षण,ड्रिल प्रशिक्षण दिया गया और 7 सी जी बटालियन के कमान अधिकारी अमिताभ श्रीवास्तव के द्वारा कैडेटों के लिए बहुत अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। यह कार्य कैडेटों के पालको के द्वारा ही सराहनीय रहा। ज्ञानदीप के प्राचार्य अखिलेश कटकवार ने केयरटेकर श्रीमती माया तिवारी एवं एनसीसी कैडेटों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 3 उर्वरक प्रतिष्ठान सील, दो प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस

**जांजगीर**, 05 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में उप संचालक कृषि के द्वारा जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है। निरीक्षण दल द्वारा 04 अगस्त को अनुज्ञप्ति धारी विक्रेताओं के 12 प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें मेसर्स के यहाँ अनियमितता पाये जाने पर 03 उर्वरक प्रतिष्ठान को सील बंद कर विक्रय प्रतिबंध की कार्यवाही की गई और 02 प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसमें विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम किरीत में मेसर्स रिपुसुदन सोनी के द्वारा खाद्य पदार्थ के साथ उर्वरक भण्डारण कर विक्रय करते पाया गया एवं रोशन सोनी द्वारा अनुज्ञप्ति में दिये गये अनुमति के अलावा अन्यत्र स्थल पर उर्वरक का भण्डारण पाया गया। ग्राम खैरताल के मेसर्स कृषि सेवा केन्द्र प्रोपाईटर अमित अग्रवाल के यहाँ भी अनुज्ञप्ति में दिये गये अनुमति के अलावा अन्यत्र स्थल पर उर्वरक का भण्डारण पाया गया। जो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के अनुरूप नही है। इसलिए संबंधित प्रष्ठिानों को सील बंद करते हुए विक्रय प्रतिबंध की कार्यवाही गई ।



## शिव दर्शन के कार्यक्रम में शामिल होंगे राजेश्री महन्त



**जांजगीर**, 05 अगस्त (देशबन्धु)। अधिमास श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी 7 अगस्त को महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास शिव दर्शन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस सिलसिले में प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 1 बजे नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम तुस्मा पहुंचकर बंजारी तालाब के समीप स्थापित भगवान शिव के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अपरान्ह 3 बजे उनका आगमन जिला मुख्यालय जांजगीर होगा यहां वे अनेक स्थानों पर विराजित शिव जी के दर्शन पूजन के कार्यक्रम में भाग लेंगे। रात्रि विश्राम शिवरीनारायण मठ में होगा।

## विजय यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**जांजगीर**, 05 अगस्त (देशबन्धु)। डाइट जांजगीर में पिछले 11-12 वर्षों से कार्य कर रहे स्व. विजय यादव के आकस्मिक निधन पर उनके दशगात्र दिवस संस्था के प्राचार्य बीपी साहू, उप प्राचार्य एलके पाण्डेय, सभी अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्य, द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में विजय के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य बीपी साहू ने उसे कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार कर्मचारी बताते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# चार अलग-अलग लोगों के कब्जे से चोरी की 1190 लीटर डीजल बरामद

## डीजल चोरी की घटनाएं बढ़ी

जांजगीर, 05 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदा क्षेत्र में आए दिन डीजल चोरी के मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है। अभी फिर से बलौदा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने डीजल चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने चार लोगों को धरदबोचा। उनके कब्जे से चोरी की 1190 लीटर डीजल बरामद की गई है।

बलौदा के मेन रोड में बड़े वाहनों से डीजल चोरी की वारदात लगातार हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए बलौदा पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने अलग-अलग मामले में डीजल चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।





टीम ने आरोपी कृष्ण कुमार उम्र 45 वर्ष निवासी बुडगहन डिहारिन मंदिर के पास बलौदा के कब्जे से 350 लीटर डीजल बरामद किया। इसकी कीमती करीब 33 हजार रुपए बताई गई है। इसी तरह संतोष उम्र 38 वर्ष निवासी पनोरापारा डिहारिन मंदिर के पास बलौदा के कब्जे से 260 लीटर डीजल जब्त किया गया, जिसकी कीमत 25 हजार रुपए बताई गई है। शत्रुहन उम्र 26 वर्ष निवासी पनोरापारा डिहारिन मंदिर के पास बलौदा के कब्जे से 28 हजार मूल्य के 280 लीटर डीजल और विनोद कुमार उम्र 34 साल निवासी बुडगहन सिंघरीपारा थाना बलौदा के कब्जे से 300 लीटर डीजल जब्त हुआ। इसकी कीमत 28 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपियों के खिलाफ चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर सभी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है।

# सार-संक्षेप

## एनएसए के स्वयंसेवकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



सारंगढ़, 5 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के सबसे बड़े स्कूल स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल सारंगढ़ में राष्टीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जांगड़े के मार्गदर्शन में एनएसए के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं नए मतदाताओं को जागरूक करने स्लोगन, कविता, निबंध आदि का आयोजन किया गया जिसमें स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए अपील किया गया। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता अभय बैरागी, बसंती भगत, तुलसी देवांगन, नेहा सिंह, सरिता कुजुर, बसंत दुबे, खेमराज महुवाकर, रवि पटेल, पीला दाऊ वारे, राधेश्याम साव, प्रकाश जायसवाल, राजेश देवांगन एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने सारबिला कोचिंग के शिक्षकों की बैठक ली

**सारंगढ़**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निशुल्क सारबिला कोचिंग सारंगढ़, बरमकेला, भटगांव के शिक्षकों और स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक ली। कलेक्टर ने कोचिंग के संचालन से जुड़े गतिविधियों के बारे में चर्चा की और शिक्षकों ने कलेक्टर को कोचिंग से जुड़े मांग, सुझाव की जानकारी दी। डॉ सिद्दीकी ने सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े को निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ स्निग्धा तिवारी, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के नोडल अधिकारी चौहान, सारबिला कोचिंग के समन्वयक सत्येंद्र बसंत उपस्थित थे।



## छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री का पुतला दहन





**सारंगढ़**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू के निर्देश व प्रदेश महासचिव प्रभारी बिलासपुर संभाग अरुण गुड्डू यादव के मार्गदर्शन तथा दयाराम साहू जिलाध्यक्ष सारंगढ़ बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के कुशल नेतृत्व में केंद्र शासन की नीति के विरुद्ध प्रत्येक जिला मुख्यालयों में कृषि कार्य से संबंधित चीजों पर 12 प्रतिशत से 28प्रतिशत तक जीएसटी टैक्स को हटाने एवं किसानों को दिए गए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि को वापस वसूली करने के केंद्र शासन के आदेश को निरस्त करने की मांग को लेकर आज सारंगढ के भारतमाता चौक में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के विरुद्ध दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धरना प्रदर्शन किया एवं केंद्र सरकार का पुतला दहन किया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, युवा कांग्रेसी, एनएसयूआई, सेवा दल, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस एवं सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित दयाराम साहू जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस,गणपत जांगड़े, सूरज तिवारी,अरुण मालाकार,इंद्रजीत मेहर,सुनील रावत,गोल्डी नायक,राजकलम अग्रवाल, प्रमुख रूप से शामिल थे।

## श्रीमद्भागवत कथा में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव


**सारंगढ़**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। विगत कुछ दिनों से स्थानीय केशरवानी भवन में प्रसिद्ध श्रीमद्भागवत कथा वाचक पं गिरधारी लाल तिवारी जी के मुखारविन्द से भव्य श्रीमद्भागवत कथा की बयार दोपहर तीन बजे से संध्या छह बजे तक बह रही है तथा पुरूषोत्तम मास में चूंकि श्रीमद्भागवत कथा का महत्व और भी बढ जाता है इसी कारण इस कथा के श्रवण के लिए भक्तों की भीड उमड रही है तथा इसी तारतम्य में आज की कथा में भव्य श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया वहीं कथा स्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित श्री साक्षी गोपाल मंदिर के शिवालय में तिवारी महाराज द्वारा पार्थिव शिवलिंग बनवाकर भक्तगण रूद्राभिषेक भी करवा रहे हैं जिससे नगर का माहौल पूर्ण भक्तिमय हो गया है।

## यूजीसी नेट फेलोशिप में उज्ज्वला का हुआ चयन



जांजगीर, 05 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय एमएमआर महाविद्यालय चाम्पा में पदस्थ वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी एचआर पटेल की बेटी उज्ज्वला पटेल का चयन केमिकल साइंस सीएसआईआर यूजीसी नेट फेलोशिप के लिए हुआ है। उज्जवला पटेल बचपन से मेघावी छात्रा रही है। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा लायंस इंग्लिश स्कूल चांपा में, 6 वीं से लेकर 10 वीं तक की पढ़ाई डीपीएस स्कूल जांजगीर चांपा, 11 वीं 12 वीं की पढ़ाई शिव ज्योति इंटरनेशनल स्कूल कोटा से की है। उज्जवला पटेल ने केमिकल साइंस में 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स एमएससी की पढ़ाई की।

## श्रीमती सुमन जैन का निधन



**जांजगीर**, 05 अगस्त (देशबन्धु)। अकलतरा नगर के प्रतिष्ठित नागरिक थाना रोड में निवासरत सुनील जैन की धर्मपत्नी श्रीमति सुमन जैन का आज आकस्मिक निधन हो गया, अंतिम संस्कार कॉलेज रोड में स्थित मुक्तिधाम में किया गया, वे साकेत जैन एवं समिधा जैन की माँ थी।

## स्वीडन गोलीबारी में एक युवक की मौत, एक घायल

**स्टॉकहोम।** स्वीडन में स्टॉकहोम के दक्षिणी शहर हैंडेन में गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। आफ्टनब्लाडेट अखबार की रिपोर्ट के अनुसार शहर में एक सड़क पर दो युवकों के गोली लगने से घायल पाया गया। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक युवक की मौत हो गयी जबकि एक अन्य का इलाज जारी है। दोनों की उम्र लगभग 20 साल है। एसवीटी ब्रॉडकास्टर के अनुसार फरार संदिग्ध की तलाश जारी है।

# देश विदेश

### इमरान ने गिरफ्तारी से पहले कश्मीर पर किया था ट्वीट

# भारत सरकार पर लगाए थे युद्ध अपराध के आरोप

**इस्लामाबाद,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान शनिवार को भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में फिर गिरफ्तार किए गए हैं। इस्लामाबाद की ट्रायल कोर्ट ने उन्हें तोशाखाना मामले में 3 साल की सजा सुनाई है। इससे ठीक 12 घंटे पहले इमरान ने कश्मीर पर ट्वीट किया।

इसमें उन्होंने जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा हटने के चार साल पूरे होने पर भारत सरकार पर युद्ध अपराध के आरोप लगाए। इमरान ने कश्मीर पर अपने पुराने ट्वीट को शेयर करते हुए लिखा कि मैंने कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा छीनने पर मोदी सरकार के गैर कानूनी एक्शन का हमेशा विरोध किया है। भारत ने न सिर्फ अंतरराष्टीय कानून का उल्लंघन किया, बल्कि कश्मीर में युद्ध अपराध भी किए हैं। कश्मीर मामले में भारत की आलोचना न किए जाने को लेकर इमरान ने दुनिया के ताकतवर देशों पर निष्पक्ष न होने के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने लिखा कि त्रासदी यह है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ताकतवर हिस्सा मानवाधिकारों के मामले में भेदभाव कर रहा है। इमरान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मानवाधिकार उल्लंघन की



- ट्रायल कोर्ट ने तोशाखाना मामले में सुनाई है सजा
- ताकतवर देशों पर निष्पक्ष न होने के भी आरोप लगाए

ऐसी स्वीकार्यता हिटलर को खुश करने जैसी है। मैं हर जगह भारत के मानवाधिकार उल्लंघन पर आवाज उठाता रहूंगा और कश्मीरियों के संघर्ष का समर्थन करता रहूंगा। दरअसल, भारत सरकार ने जब जम्मू-कश्मीर को दिया गया विशेष राज्य का दर्जा हटाया था, तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ही थे। खान ने मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी के सदस्य देशों सऊदी अरब और यूएई से भारत के एक्शन की आलोचना करने की मांग की थी। हालांकि, श्व और सऊदी ने भारत के खिलाफ कुछ भी कहने से इनकार कर दिया था।

सिर्फ इमरान खान ही नहीं बल्कि आर्टिकल 370 हटने के चार साल पूरे होने पर पूरे पाकिस्तान में आज के दिन को यौम-ए-इस्तेशाल (शोषण का दिन) के तौर पर मनाया गया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा- पिछले 4 सालों में कश्मीर में मानवाधिकारों का सबसे ज्यादा उल्लंघन हुआ है। वहां इंटरनेट बंद किया गया, लोगों को जानकारी से दूर रखा गया। हर तरह से कश्मीर की लीडरशिप को कैद किया गया। शाहबाज ने कहा- भारत ने 370 खत्म कर कश्मीर की डेमोग्राफी को बदलने की कोशिश की है। पाकिस्तान की सेना ने भी कश्मीर में घुसपैठ करने वालों को शहीद बताया। पाक सेना ने कहा कि हम आजादी की लड़ाई में कश्मीर का साथ देते रहेंगे।

## भारत सरकार ने 2019 में हटाया था अनुच्छेद 370

संविधान का अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर को एक विशेष राज्य का दर्जा देता था। 370 के प्रावधानों के अनुसार संसद को जम्मू-कश्मीर के बारे में रक्षा, विदेश मामले और संचार के विषय में कानून बनाने का अधिकार था, लेकिन अन्य मामलों से संबंधित कानून को लागू कराने के लिए केंद्र को राज्य का अनुमोदन चाहिए होता था। केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा दिया था। इसके बाद सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। मामले की सुनवाई अभी जारी है।

## नाइजर में नए चीफ ऑफ स्टाफ की नियुक्ति

**नियामी,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अफ्रीकी देश नाइजर में नये अधिकारियों ने अमेरिका में प्रशिक्षित ब्रिगेडियर जनरल मौसा सलाउ बरमौ को सशस्त्र बलों का नया चीफ ऑफ जनरल स्टाफ नियुक्त किया है। मीडिया ने शनिवार को यह रिपोर्ट दी है।

एक्टुनिगर समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार श्री बरमौ नेशनल काउंसिल फॉर द सेफगार्ड ऑफ द होमलैंड के कार्यवाहक सदस्य हैं और वह पहले नाइजर की सेना के विशेष बलों के प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई को नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड ने राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को अपदस्थ करके हिरासत में ले लिया गया था। राष्ट्रपति गार्ड के कमांडर जनरल अब्दुर्रहमान त्वियानी ने खुद को सीएनएसपी का अंतरिम नेता और अध्यक्ष घोषित किया था।

## सुडोकू 6278

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6278

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. पतली कमर वाली
४. हारा हुआ
६. कमल
७. शाही दरबार या अदालत, आस्थान मंडप, राजा या बादशाह की बैठक, पुलिस-सिपाहियों का उप-नायक, वह पुस्तक जिसमें गलजें संगृहीत हो (उर्दू)
८. घोर युद्ध, भयानक मारकाट
१०. धोखा, छल, बनावटी व्यवहार
११. आसानी
१३. पाठ, अध्याय, सीख (उर्दू)
१४. पेशगी, आगामी
१५. पूजा, अर्चना
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. दोस्ती
२१. कमल
२२. पैरों की धूल
२४. अपने नाम के अनुरूप

**ऊपर से नीचे:-**

१. परिवर्तित (उर्दू)
२. दृष्टिगत (उर्दू)
३. विशिष्ट ढंग या दृष्टिकोण से सोचने की आदत
४. पानी भरने का घाट
५. जानने की इच्छा
९. पदचिह्न (उर्दू)
११. आश्रय, आलंब, टेक
१२. शर्माना
१३. काल, अवसर
१४. किसी और जगह, दूसरी जगह
१५. जोड़ना, इकट्ठा करना, प्रबंध, तैयारी
१६. अर्जुन
१८. सेवा, सुश्रुषा, हिफाजत (उर्दू)
१९. मेल होना, मुलाकात होना
२०. गर्मी, उष्णता
२३. विश्व, दुनिया, संसार

### वर्ग पहेली-6277

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | हि | त | क | र | ■ | अ | भि | क | र्ता |
| टे | ■ | क | ■ | छ | म | ना | ■ | ले | ■ |
| त | र | फ | ■ | वा | ■ | मि | थ्या | वा | दी |
| न | ■ | दा | ■ | ह | ल | का | ■ | ■ | प |
| ■ | भ | र | स | क | ■ | ■ | त | र्जु | मा |
| ■ | ला | ■ | हा | ■ | ग | रि | मा | ■ | लि |
| भा | ई | चा | रा | ■ | ग | ■ | म | लि | का |
| ग्य | ■ | ट्ट | ■ | अ | न | ल | ■ | पि | ■ |
| वा | टि | का | ■ | र्च | ■ | ल | ट | क | ना |
| न | ■ | र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6278 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 6 अगस्त , 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 4**

### राशिफल

मेष -आज दिनभर प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। व्यर्थ खर्च की मात्रा भी बढ़ेगी। पूंजी-निवेश मेंध्यान रखें।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए आनंद से भरा है। व्यापार के साथ ही आय वृद्धि भी बेहतर रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ वातावरण आनंदमय रहेगा। नए संपर्क और परिचय व्यापार के क्षेत्र में लाभप्रद रहेंगे।

मिथुन -आज शारीरिक और मानसिक सुख बना रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में आपके काम की प्रशंसा होगी। व्यापारियों अपने व्यापार की वृद्धि कर सकेंगे। इससे आप अधिक प्रोत्साहित होंगे। पदोन्नति का योग है।

कर्क -आज आपकी भाग्य वृद्धि के साथ आकस्मिक धन लाभ होगा। विदेश जाने के इच्छुक लोगों के प्रयास सफल होंगे। विदेश से अच्छे समाचार आएंगे। धार्मिक काम या यात्रा के पीछे धन खर्च होगा।

सिंह -आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना रहेगा। तबीयत के पीछे धन खर्च होने की संभावना है। निषेधात्मक विचार आपको गलत मार्ग पर न ले जाए, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा।

कन्या -आज आप दांपत्यजीवन के सुखद क्षणों का अनुभव करेंगे। सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में आप ख्याति और प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। मनोरंजक प्रवृत्तियों में भाग लेंगे। वस्त्राभूषण और वाहन की खरीदी होगी।

तुला -सामान्य रूप से आज स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति की भी तबीयत में सुधार होगा। घर में सुख- शांति के वातावरण में आप समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलने से उत्साह बढ़ेगा।

वृश्चिक -आपका दिन मध्यम फलदायी हैं। विद्यार्थियों को अभ्यास में सफलता मिल सकती है। नए काम की शुरुआत आज ना करें। आर्थिक आयोजन के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

धनु -आज मन में उदासीनता छाई रहेगी। शरीर में ताजगी तथा मन में खुशी का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ बातचीत में तनाव हो सकता है। आपका स्वभिमान भंग न हो, इसका ध्यान रखें। धन हानि का योग है।

मकर -आज का दिन नए काम का आरंभ करने के लिए शुभ है। नौकरी, व्यापार तथा दैनिक काम में अनुकूलता बनी रहेगी। इससे मन खुश रहेगा। भाई-बंधुओं से लाभ तथा सहयोग मिलेगा। आर्थिक लाभ के योग हैं।

कुंभ -आज किसी से भी विवाद ना करें, अन्यथा मानहानि हो सकती है। धार्मिक काम में खर्च हो सकता है। पारिवारिक वातावरण बिगड़ सकता है। काम में असफलता से मन में असंतोष तथा निराशा की भावना रहेगी।

मीन -आज का दिन शुभ फलदायी है। उत्साह बना रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए के लिए दिन अच्छा है। परिवार के सदस्यों तथा मित्रों के साथ भोजन का अवसर मिलेगा। धनलाभ होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## खाड़ी देशों और जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे एर्दोगन

**अंकारा,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन अगस्त में खाड़ी के दूसरे दौरे पर जाने वाले हैं और सितंबर में जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे। सीएनएन तुर्क ब्रॉडकास्टर ने शनिवार को सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। श्री एर्दोगन के कार्यक्रम में बहरीन, ओमान, कुवैत और इराक की यात्रा शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में तुर्की के राष्ट्रपति जर्मनी की आधिकारिक यात्रा करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक श्री एर्दोगन 9-10 सितंबर तक भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन और 18-19 सितंबर तक अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी भाग लेंगे। इससे पहले जुलाई में श्री एर्दोगन ने सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा किया। यात्राओं के दौरान कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमें तुर्की और यूएई के बीच कुल 50.7 अरब डॉलर के 13 समझौते शामिल हैं। इसके अलावा दौरे के परिणामस्वरूप तुर्की ड्रोन डेवलपर बायकर, जो अपने बेकरटार लड़ाकू ड्रोन के लिए जाना जाता है, ने सऊदी रक्षा मंत्रालय के साथ एक सहयोग समझौते और अधिग्रहण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

## कंबोडिया में संसदीय चुनावों में सत्तारूढ़ सीपीपी जीती

### 125 संसदीय सीटों में से 120 पर जीत हासिल की

**नोम पेन्ह,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। कंबोडिया में प्रधानमंत्री सैमडेक टेको हुन सेन के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ कंबोडियन पीपुल्स पार्टी (सीपीपी) ने हाल के आम चुनाव में 125 संसदीय सीटों में से 120 पर जीत हासिल की है। राष्ट्रीय चुनाव समिति (एनईसी) ने शनिवार को आधिकारिक नतीजों जारी करते हुये यह जानकारी दी। कंबोडिया के सरकारी राष्ट्रीय टेलीविजन पर घोषित परिणामों के अनुसार प्रिंस नोरोडोम चक्रवुथ की फनसिनपेक पार्टी ने शेष पांच सीटें हासिल कीं। एनईसी के सदस्य और प्रवक्ता डिम सोवन्नारोम ने कहा , हां, आधिकारिक नतीजों से संकेत मिलता है कि सीपीपी ने 23 जुलाई के आम चुनाव में 120 संसदीय सीटें जीतीं और फनसिनपेक पार्टी ने पांच सीटें अर्जित कीं। सातवें आम चुनाव में अट्ठारह राजनीतिक दलों ने चुनाव लड़ा। एनईसी ने कहा कि सीपीपी को कुल वैध वोटों में से लगभग 6 करोड़ 40लाख वोट या 82.3 प्रतिशत वोट मिले और फनसिनपेक पार्टी को 716,490 वोट



या 9.2 प्रतिशत वोट मिले। अड़तीस वर्षों से अधिक समय तक कंबोडिया के प्रधान मंत्री के रूप में कार्य करने वाले हुन सेन ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वह पद छोड़ देंगे और अपने बड़े बेटे हुन मानेट को पद सौंप देंगे। हालाँकि, 70 वर्षीय नेता ने कहा कि वह सीपीपी के अध्यक्ष बने रहेंगे और अगले वर्ष 25 फरवरी को सीनेट चुनाव के बाद सीनेट के अध्यक्ष का पद भी संभालेंगे हुन सेन ने कहा कि नवनिर्वाचित नेशनल असेंबली 21 अगस्त को अपना पहला सत्र बुलाएगी और हुन मानेट के नेतृत्व में पांच साल की नई सरकार 22 अगस्त को शपथ लेगी।

## अमेरिका में गर्भपात प्रतिबंध पर अस्थाई निषेधाज्ञा जारी

**वाशिंगटन,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में टेक्सास प्रांत के एक न्यायाधीश ने यहां गर्भपात प्रतिबंध पर शुक्रवार को एक अस्थायी निषेधाज्ञा जारी करते हुए फैसला सुनाया कि यह गर्भावस्था के दौरान गंभीर जटिलताओं वाली महिलाओं के लिए प्रतिबंध के अनुकूल है। ट्रैविस काउंटी की जिला न्यायाधीश जेसिका मैंग्रम ने भी मुकदमे को खारिज करने के टेक्सास सरकार के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। यह प्रांत में गर्भपात पर लगे प्रतिबंध से प्रभावित महिलाओं द्वारा दायर किया गया पहला मुकदमा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल रो बनाम वेड को पलट दिया था, जिससे महिलाओं के लिए गर्भपात अधिकार की संवैधानिक सुरक्षा समाप्त हो गई थी। प्रांतीय अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के प्रवक्ता पेगे विली को एक ईमेल में यह कहते हुए उद्धृत किया गया, ट्रायल कोर्ट का निषेधाज्ञा अप्रभावी है, और यथास्थिति प्रभावी बनी हुई है। टेक्सास के कानून के अनुसार गर्भावस्था के छह सप्ताह के बाद चिकित्सीय आपात स्थितियों को छोड़कर सभी तरह के गर्भपात पर रोक है। जिन्हें राज्य कानून परिभाषित नहीं करते हैं। टेक्सास में गर्भपात कराना या प्रयास करना दूसरे दर्जे का अपराध है, जिसके लिए आजीवन कारावास और 10 हजार अमेरिकी डॉलर तक का जुर्माना हो सकता है। मैंग्रम ने फैसला सुनाया कि आपराधिक आरोपों के खतरे से डरने वाले डॉक्टरों को टेक्सास में गर्भवती महिलाओं को गर्भपात देखभाल के प्रावधान को रोकने या देरी करने के लिए मजबूर किया जा सकता है।



## जुलाई में विश्व में गेहूं की कीमतें बढ़ीं : एफएओ

**रोम,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार, जुलाई में नौ महीनों में पहली बार विश्व में गेहूं की कीमतें बढ़ीं और वनस्पति तेल की कीमतों में भी नाटकीय वृद्धि देखी गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एफएओ ने कहा कि जुलाई में गेहूं की कीमतें 1.6 प्रतिशत अधिक थीं, जो अक्टूबर 2022 के बाद पहली वृद्धि थी, और चावल की कीमतें भी जुलाई में बढ़ीं, जो सितंबर 2011 के बाद से 2.8 प्रतिशत बढ़कर अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। फिर भी, अनाज के लिए समग्र एफएओ उप-सूचकांक जुलाई में थोड़ा फिसल गया, गेहूं और चावल के लिए कोटेशन में वृद्धि के बावजूद 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई। अनाज के लिए उप-सूचकांक एफएओ के व्यापक खाद्य मूल्य सूचकांक में सबसे बड़ा घटक है, जो पिछले महीने की तुलना में जुलाई में 1.3 प्रतिशत अधिक था। मार्च 2022 में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद से सूचकांक पिछले 16 महीनों में से केवल दो में चढ़ा है। सूचकांक में सबसे बड़ा प्रेरक वनस्पति तेलों का उप-सूचकांक है, जो सात महीने की गिरावट के बाद 12.1 प्रतिशत चढ़ गया।

## आज का इतिहास

1821 -ब्रुसेल्स में 'कौरियर ऑफ पेज बास' अखबार का प्रथम संस्करण प्रकाशित।
1825 -बोलीविया ने पेरू से स्वतंत्रता हासिल की।
1862 -मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना की गई।
1906 -प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने मिलकर 'वंदेमातरम' समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया।
1914 -ऑस्ट्रिया ने रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1945 -अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराए।
1960 -क्यूबा ने देश के सभी प्रॉपर्टी का राष्टीयकरण किया।
1962 - जमैका में यूनाइटेड किंगडम का सम्राज्य समाप्त हुआ और उसे स्वतंत्रता मिली।
1964 -अमेरिका के नेवादा में विश्व के सबसे प्राचीन वृक्ष प्रोमेथस को काटा गया।
1996 -नासा ने मंगल पर जीवन होने की संभावना जताई।
2001 -भारत व ऑस्ट्रेलिया में आर्थिक समझौता।
2002 -भारत और पाकिस्तान में तनाव के कारण ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान से अपने नागरिकों को वापस बुलाया।
2004 -वर्ष 2000 में फिजी के प्रधानमंत्री महेन्द्र चौधरी के ख़िलाफ़ तख्तापलट के मामले में उपराष्ट्रपति जोपे सेनीलोली को 4 वर्ष की जेल।
2005 -दोनों देश सीमा पर साझा गस्त तेज करने पर सहमत।
2007 -मध्य त्रिनिदाद में एक पुराने हिन्दू मन्दिर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

**प्रस्ताव** *संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने दी जानकारी*

## अफगानिस्तान में राहत में भारी कटौती को होना पड़ रहा मजबूर

**संयुक्त राष्ट्र, 5 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने कहा कि फंड की कमी के कारण अफगानिस्तान में 21 मिलियन से अधिक लोगों के राहत में कमी करने को मजबूर होना पड़ रहा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के हवाले से कहा गया कि साल के आधे से अधिक समय बीतने के साथ अफगानिस्तान में लगभग आधी आबादी के लिए 3.2 बिलियन डॉलर सहायता की अपील की तुलना में 25 प्रतिशत से भी कम राशि मिली है।**

### 3.2 बिलियन डॉलर सहायता की अपील की तुलना में 25 प्रतिशत से भी कम राशि मिली

ओसीएचए ने कहा, हमें 1.3 अरब डॉलर की फंडिंग कमी का सामना करना पड़ रहा है, अपर्याप्त संसाधनों के कारण कई कार्यक्रम पहले ही समाप्त हो चुके हैं या काफी हद तक कम हो गए हैं। अफगानिस्तान में चार दशकों से अधिक के संघर्ष और अस्थिरता के बाद अफगान - महिलाओं और लड़कियों सहित आबादी के दो-तिहाई हिस्से को मानवीय और सुरक्षा सहायता की आवश्यकता है। 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से 1.6 मिलियन से अधिक अफगान देश छोड़कर भाग गए हैं, इससे पड़ोसी देशों में अफगानों की कुल संख्या 8.2



मिलियन हो गई है, जो दुनिया में सबसे बड़ी शरणार्थी स्थितियों में से एक है। कम से कम 32 लाख अफगानी अपने ही देश में विस्थापित हैं। इस बीच, युद्धग्रस्त देश की दो-तिहाई आबादी खाद्य असुरक्षित है, इसमें 8 लाख 75 हजार बच्चे गंभीर कुपोषण का सामना कर रहे हैं।

### निर्माण कार्य के कारण अफगानिस्तान का मुख्य राजमार्ग बंद

**काबुल।** अफगानिस्तान का सलांग दर्रा, राजधानी काबुल को नौ उत्तरी प्रांतों से लेकर मध्य एशियाई देशों तक जोड़ने वाला मुख्य राजमार्ग शनिवार से पुनर्निर्माण के कारण बंद रहेगा। निजी टेलीविजन चैनल टोलोन्यूज ने यह रिपार्ट दी है। न्यूज चैनल की यहां जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि 2.7 किलोमीटर लंबी सालंग सुरंग के पुनर्निर्माण का कार्य पांच अगस्त से शुरू हुआ। एक महीने के लिए रात में ट्रकों को इसे पार करने की अनुमति है।

## दुनिया को जानें

### क्वींसलैंड में सिख छात्रों को स्कूल में कृपाण ले जाने की इजाजत

**मेलबर्न**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड प्रांत में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल के मैदान में सिखों के कृपाण ले जाने पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून को असंवैधानिक बताते हुए पलट दिया है। प्रांत की सर्वोच्च अदालत का फैसला तब आया जब कमलजीत कौर अठवाल ने पिछले साल स्थानीय सरकार को अदालत में घसीटा था, जिसमें दावा किया गया था कि प्रतिबंध कृपाण के साथ भेदभाव करता है - जो सिखों के पांच धार्मिक प्रतीकों में से एक है, जिसे सिखों को हर समय अपने साथ रखना चाहिए। एबीसी न्यूज की गुरुवार की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की सर्वोच्च अदालत ने अठवाल के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कानून को नस्लीय भेदभाव अधिनियम के तहत असंवैधानिक पाया। पिछले साल एक प्रारंभिक अदालत के फैसले ने इस सुझाव को खारिज कर दिया था कि कृपाण ले जाने पर प्रतिबंध भेदभावपूर्ण था। लेकिन इस सप्ताह, अपील न्यायालय के तीन न्यायाधीशों ने पाया कि क्वींसलैंड हथियार अधिनियम 1990 की एक धारा जो सार्वजनिक स्थानों और स्कूलों में चाकू ले जाने पर प्रतिबंध लगाती है राष्ट्रमंडल नस्लीय भेदभाव अधिनियम 1975 की धारा 10 के साथ असंगत है।

# खेल जगत

## विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं अदिति

**बर्लिन,** 5 अगस्त (एजेंसियां) युवा भारतीय तीरंदाज़ अदिति स्वामी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाज़ी चैंपियनशिप की महिला कंपाउंड एकल प्रतियोगिता में शनिवार को क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किए। पिछले महीने जूनियर विश्व चैंपियन बनने वाली अदिति फाइनल में मेक्सिको की आंद्रेया बेकेरा को 149-147 से हराकर सीनियर विश्व चैंपियनशिप में एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयीं। इससे पूर्व, 17 वर्षीय अदिति ने सेमीफाइनल में अपनी हमवतन ज्योति को 149-145 से हराया। ज्योति ने हालांकि इस हार से शानदार तरीके से उभरते हुए कांस्य पदक मैच में तुर्कीये की इपेक तोमरुक को 150-146 से मात दी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अदिति, ज्योति और परनीत कौर की भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण जीता था।



## वापसी के लिए भारत का लक्ष्य बल्लेबाजी विभाग में करना होगा बेहतर प्रदर्शन



जॉर्जटाउन (गयाना), 5 अगस्त (एजेंसियां)। त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज से टी-20 सीरीज के पहले मैच में चार रन से हार के बाद, भारत जब दूसरे टी-20 मैच में रविवार को यहां प्रोविडेंस स्टेडियम में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा तो उसका लक्ष्य बल्लेबाजी विभाग में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। त्रिनिदाद में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में पिच धीमी थी और बल्लेबाजी करना आसान नहीं था, लेकिन युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने पदार्पण पर ही चमक बिखेरी। आईपीएल 2022 और 2023 के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिली, वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहली तीन गेंदों का सामना करते हुए दो खूबसूरत छक्के लगाए।

शुभमन गिल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी शुरुआती टी20 में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रहे थे, ऐसे में वर्मा ने युवाओं की निडरता दिखाई और अपनी 22 गेंदों में 39 रन की पारी के दौरान सहज दिखे, जिससे भविष्य के लिए एक अच्छी झलक मिलती है। पहले टी20 में, कोई यह तर्क दे सकता है कि भारत के पास निचले क्रम में बाउंड्री मारने वाले खिलाड़ी नहीं होने के कारण उन्हें लाइन पार करने में असमर्थता का सामना करना पड़ा, खासकर आठवें नंबर से शुरू होने वाले पुछल्ले बल्लेबाजों के कारण अंतिम एकादश का संतुलन बिगड़ गया।

वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के लिए 12 महीने से भी कम समय बचा है, इस श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम के विभिन्न खिलाड़ियों का प्रदर्शन सबसे कम समय में मेगा इवेंट के लिए चुने जाने पर बहुत महत्व रखता है। गयाना की पिचें धीमी हैं, जिसका मतलब है कि धीमी गेंदों वाले स्पिनरों और तेज गेंदबाजों का महत्व बढ़ गया है, हालांकि रविवार के मुकाबले में छिटपुट तूफान के कारण व्यवधान उत्पन्न होने की भविष्यवाणी की गई है। वेस्टइंडीज, जो मुख्य रूप से जेसन होल्डर के 2-19 के शानदार स्पैल और अंतिम ओवर में रोमारियो शेफर्ड के 10 रनों के बचाव के कारण जीत हासिल करने में सफल रहा, अकील होसेन का समर्थन करने के लिए एक और स्पिनर को जोड़ने पर विचार कर सकता है। बल्ले से, वे निकोलस पूरन और कप्तान रोवमैन पॉवेल को पर्याप्त समर्थन देने के लिए दूसरों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे, जो पहले टी20 में उनके लिए शीर्ष दो रन-स्कोरर थे और वर्तमान 1-0 श्रृंखला स्कोरलाइन में एक और जीत जोड़ देंगे।

**भारत :** इशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (उप-कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (कप्तान), अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, आवेश खान, मुकेश कुमार

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मेयर्स (उप-कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, शिमरॉन हेटमाएर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, ओबेड मैकॉय, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, ओशेन थॉमस

## पीसीबी वनडे विश्व कप में दबाव से निपटने के लिए टीम के साथ भेज सकता है मनोवैज्ञानिक



**लाहौर,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में होने वाले आगामी 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के दबाव से निपटने के लिए बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम के साथ एक मनोवैज्ञानिक भेजने पर विचार कर रहा है। क्रिकेट पाकिस्तान की एक रिपोर्ट के अनुसार, मेगा इवेंट से पहले टीम के साथ एक मनोवैज्ञानिक रखने का कदम मुख्य रूप से अधिकांश मौजूदा खिलाड़ियों के पास भारत में क्रिकेट खेलने का अनुभव नहीं होने के साथ-साथ मीडिया प्रचार और जनता के कारण है। उम्मीदें खिलाड़ियों पर दबाव डाल रही हैं।

इसलिए, एक मनोवैज्ञानिक की नियुक्ति पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। वह टीम के साथ पड़ोसी देश में जाएंगे और महत्वपूर्ण क्षणों में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में मदद करेंगे, उन्हें किसी भी डर से बचाएंगे।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप के लिए एक मनोवैज्ञानिक को नियुक्त करने के विकल्प तलाशे जा रहे हैं, जिसमें मेगा इवेंट के लिए टीम के प्रस्थान से पहले खिलाड़ियों के साथ सत्र होने की संभावना है। 2012 में, जब पाकिस्तान ने द्विपक्षीय सफेद गेंद श्रृंखला के लिए भारत का दौरा किया, तो मकबूल बाबरी टीम के खेल मनोवैज्ञानिक थे। पाकिस्तान और भारत के बीच टी20 सीरीज़ 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई, जबकि पाकिस्तान ने वनडे सीरीज़ 2-1 से जीती।

सलमान बट और मोहम्मद आसिफ के साथ 2010 स्पॉट फिक्सिंग घोटाले में शामिल होने और यूनाइटेड किंगडम में जेल की सजा काटने के बाद पाकिस्तान लौटने पर बाबरी मोहम्मद आमिर के परामर्श सत्र के लिए खेल मनोवैज्ञानिक भी थे। विश्व कप में टीम की भागीदारी पर रिपोर्ट में कहा गया है, पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) को चैनलों के माध्यम से सकारात्मक संकेत मिले हैं। एक बार सुरक्षा मंजूरी मिल जाने के बाद, टीम सीमा पार यात्रा करेगी। मौजूदा स्थिति का आकलन करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजने की भी संभावना है। इसमें यह भी कहा गया है कि केंद्रीय अनुबंधों के लिए पर्याप्त वेतन वृद्धि का भी प्रस्ताव किया गया है, पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ, जो 2012 में इस भूमिका में थे, लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) से लौटने के बाद टीम से जुड़े मामलों पर बाबर आजम से मिलने के लिए तैयार हैं।

## जापान महिला विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में



**वेलिंगटन,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। जापान ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के प्री-क्वार्टरफाइनल में शनिवार को नॉर्वे को 3-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में इंग्रिड सिर्स्टान एन्जेन ने 15वें मिनट में गोल जमाकर जापान को बढ़त दिलाई, हालांकि नॉर्वे ने 20वें मिनट में गुरो रेइटेन के गोल से बराबरी कर ली। पहले हाफ में स्कोर बराबर रहा लेकिन दूसरे हाफ में रिसा शिमिज़ू (50वां मिनट) और हिनाटा मियाज़ावा (81वां मिनट) के गोलों की मदद से जापान ने जीत हासिल कर ली।

जापान के लिये 50वें मिनट में बढ़त लेना मुश्किल हो सकता था लेकिन शिमिज़ू ने नॉर्वे के बॉक्स में एक खराब पास दिशा दिखाकर गोल में तब्दील किया। नॉर्वे ने 2-1 से पिछड़ने के बाद आखिरी 15 मिनटों में वापसी करनी चाही लेकिन इससे उसका डिफेंस कमज़ोर पड़ गया। मियाज़ावा ने इस कमज़ोरी का फायदा उठाया और आओबा फुजीनो की मदद से जापान का तीसरा गोल कर दिया। मियाज़ावा इस गोल के साथ जर्मनी की कप्तान एलेक्जेंड्रा पॉप को पीछे छोड़कर विश्व कप 2023 में सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बन गयीं। साल 1995 की विश्व चैंपियन नॉर्वे नौ विश्व कप अभियानों में केवल तीसरी बार क्वार्टरफाइनल से पहले टूर्नामेंट से बाहर हुई है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये जापान को स्वीडन या अमेरिका में से किसी एक का सामना करना होगा।

## भारत द्विपक्षीय मीडिया अधिकार बोली में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला शीर्ष ड्रा में शामिल : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारत द्विपक्षीय मीडिया अधिकार बोली के तहत आने वाले लगभग आधे अंतरराष्ट्रीय मैच, जिनकी निविदा 2 अगस्त को जारी की गई थी, सितंबर 2023 से मार्च 2027 तक के चक्र में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाएंगे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, आगामी प्रसारण चक्र के तहत आने वाले मैचों में भारत को घरेलू मैदान पर 88 मैच खेलने हैं, जिनमें से 39 मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ होंगे।



भारतीय मीडिया अधिकार प्रसारण चक्र, जिसमें घरेलू कैलेंडर भी शामिल है, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ मैचों के साथ शुरू होता है - इस साल सितंबर में तीन वनडे और नवंबर में पांच टी20। तीन वनडे मैच 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले 2023 पुरुष वनडे विश्व कप से पहले हैं, जबकि पांच टी20 मैच 19 नवंबर को मेगा इवेंट के समापन के बाद होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया जनवरी-मार्च 2027 में पांच टेस्ट मैचों के लिए भारत आएगा, साथ ही उसी साल नवंबर-दिसंबर में तीन वनडे और पांच टी20 मैच भी खेलेगा। दूसरी ओर, इंग्लैंड 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच खेलने आएगा, जिसके आयोजन स्थल हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला हैं।

वे 2025 के जनवरी और फरवरी में आठ सफेद गेंद मैचों - तीन एकदिवसीय और पांच टी 20 में भाग लेने के लिए 12 महीने बाद भारत लौटते हैं। प्रसारण चक्र 2028 के जनवरी से मार्च में इंग्लैंड द्वारा भारत में पांच टेस्ट खेलने के साथ समाप्त होता है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ मैचों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एक सकारात्मक पहलू है, और पूरे चक्र में उनका वितरण अच्छी तरह से प्रबंधित किया गया है। हालांकि, आठ ऑस्ट्रेलिया मैचों के समय के साथ चुनौती उत्पन्न होती है, जो कि विश्व कप से ठीक पहले या तुरंत बाद में होंगे। रिपोर्ट में बोली प्रक्रिया में शामिल एक ब्रॉडकास्टर के हवाले से कहा गया है, इन मैचों से कमाई करना चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है, क्योंकि कॉरपोरेट आमतौर पर विश्व कप के लिए धन आवंटित करते हैं या हो सकता है कि उनका बजट पहले ही खत्म हो चुका हो। यह मुश्किल हिस्सा है।

श्रीलंका दिसंबर 2026 में भारत में केवल एक श्रृंखला खेलेगा, जिसमें तीन वनडे और इतनी ही संख्या में टी20 मैच होंगे, कोई टेस्ट नहीं होगा। अफगानिस्तान को जून 2026 में एक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलने हैं, इसके अलावा भारत में 11, 14 और 17 जनवरी को मोहाली, इंदौर और बेंगलुरु में तीन टी20 मैच खेलने हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण अफ्रीका नवंबर और दिसंबर 2025 में भारत में दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगा। न्यूजीलैंड क्रमशः 2024 के उत्तरार्ध और 2026 की शुरुआत में तीन टेस्ट और आठ सफेद गेंद मैच खेलने के लिए भारत आएगा। .

## ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में प्रणय

**सिडनी,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अनुभवी भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने शनिवार को अपने युवा हमवतन प्रियांशु राजावत को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में कदम रख लिया।




विश्व रैंकिंग में नौंवे स्थान पर काबिज़ प्रणय ने 43 मिनट चले सेमीफाइनल में 31वीं रैंकिंग वाले प्रियांशु को 21-18, 21-12 से मात दी। प्रियांशु के खिलाफ दो मुकाबलों में यह प्रणय की दूसरी जीत है। इस साल अपने दूसरे फाइनल में प्रणय चीन के वेंग होंग यांग का सामना करेंगे जो सेमीफाइनल में मलेशिया के ली ज़ी जिया को हराकर आ रहे हैं।

पहले गेम में दोनों भारतीयों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, हालांकि छठी वरीयता प्राप्त प्रणय ब्रेक तक 11-8 से आगे रहे। प्रियांशु ने अपनी प्रतिस्पर्धी ऊर्जा के साथ गेम को 18-18 पर बराबर किया लेकिन प्रणय ने अगले तीन पॉइंट स्कोर कर मैच में 1-0 की बढ़त ले ली।

दूसरे गेम में प्रणय ने तेज़ी के साथ 7-3 की बढ़त ली और अपने जुझारू प्रदर्शन के बावजूद प्रियांशु बाकी के गेम में आगे नहीं निकल सके। प्रणय 11-7 की बढ़त के साथ ब्रेक में गये और गेम के दूसरे हिस्से में प्रियांशु पर अपना वर्चस्व कायम करते हुए 43 मिनट में मैच जीत लिया।

इस साल मलेशिया मास्टर्स के रूप में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले प्रणय ने फाइनल में पहुंचने पर कहा, सच कहूं तो यह बहुत सैटिस्फाइंग है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 10 के खिलाफ खेलना हमेशा मुश्किल होता है। मेरे लिये पिछले दो साल बहुत अच्छे रहे हैं और मैं नियमित रूप से मुकाबले जीतने में सक्षम रहा हूं। उम्मीद है कि मैंने जो मलेशिया में किया था उस जैसा कुछ कर सकूंगा।

गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये बैडमिंटन की क्वालीफिकेशन खिड़की एक मई को खुल चुकी है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के नतीजे ओलंपिक के लिये क्वालीफाइंग रैंकिंग को प्रभावित करेंगे।

## स्विट्ज़रलैंड को हरा पहली बार क्वार्टरफाइनल में पहुंचा स्पेन

**ऑकलैंड,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। ऐताना बोनमती के दो गोलों से प्रेरित स्पेन ने शनिवार को फीफा महिला विश्व कप 2023 के सुपर-16 चरण में स्विट्ज़रलैंड को 5-1 से हराकर पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

ईडन पार्क आउटर ओवल पर मिडफील्डर बोनमती (पांचवां, 36वां मिनट) ने दो गोल किये, जबकि एल्बा रेडोंडो (17वां मिनट), लाइया कोडिना (45वां मिनट) और जेनिफर हर्मोसो (70वां मिनट) ने स्पेन की जीत में एक-एक गोल का योगदान दिया। लाइया कोडिना (11वां मिनट) ने एक आत्मघाती गोल दागकर स्विट्ज़रलैंड का खाता भी खोला।



इस एकतरफा मुकाबले में बोनमती ने पांचवें मिनट में ही गोल जमाकर स्पेन का खाता खोल दिया। स्विट्ज़रलैंड का कोई खिलाड़ी गेंद को नेट में नहीं पहुंचा सका, हालांकि 11वें मिनट में स्पेन की डिफेंडर कोडीना का पास गोलकीपर कैटा कोल के पार जाने के कारण स्विट्ज़रलैंड का खाता खुला। इसके बाद हालांकि स्पेन ने डिफेंस में कोई गलती नहीं की।

## सार संक्षेप

### आईसीसी की सलाह, विश्वकप से पहले इकाना की पिच पर खूब प्रैक्टिस मैच करायें

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम पहुंच कर विश्वकप की तैयारियों का जायजा लिया और विश्वकप से पहले ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस मैच कराने का सुझाव इकाना प्रशासन को दिया। इकाना स्टेडियम पर विश्वकप के पांच मैच खेले जाने है जिसमें आस्ट्रेलिया और भारत के बीच मैच भी शामिल है। आईसीसी और बीसीसीआई की एक संयुक्त टीम आज दोपहर बाद इकाना स्टेडियम पहुंची। टीम के सदस्यों ने इकाना के खूबसूरत मैदान पर सुविधाओं का जायजा लिया और वर्ल्डकप की तैयारियों पर अपनी संतुष्टि जाहिर की। साथ ही उन्होने इकाना की पिच पर विश्वकप से पहले अधिक से अधिक प्रैक्टिस मैच कराने की सलाह दी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसियेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकित चटर्जी ने बताया कि आईसीसी और बीसीसीआई के अधिकारियों ने आउटफील्ड,पिच आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम के सदस्य विश्वकप की तैयारियों से खासे संतुष्ट है हालांकि उन्होने पिच में चले निर्माण कार्य के मद्देनजर अधिक से अधिक प्रैक्टिस मैच कराने का सुझाव दिया ताकि पिच के व्यवहार का आकलन कर उसमें रही सही गुंजाइश की भी पूर्ति की जा सके।

### चीन ने विश्व कप बर्लिन सुपर फ़ाइनल में चार लयबद्ध गोताखोरी स्वर्ण पदक जीते

**बर्लिन।** चीनी गोताखोरी टीम ने यहां 2023 विश्व एक्वेटिक्स विश्व कप बर्लिन सुपर फाइनल में सभी चार लयबद्ध गोताखोरी स्वर्ण जीते। टूर्नामेंट की पहली स्पर्धा, महिलाओं की सिंक्रो 10 मीटर में चीनी जोड़ी चेन युक्सी और क्वान होंगचान प्रत्येक राउंड के बाद आगे रहीं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दो बार की विश्व चैंपियन ने तीन डाइव लगाईं, जिससे दोनों ने 80 से अधिक अंक अर्जित किए, जिससे उनका स्कोर 362.76 अंक हो गया, जो कि उपविजेता कनाडा की कैली मैके और केट मिलर से 74.76 अंक आगे था। चेन ने क्वान के साथ जोड़ी बनाकर दो बार सिंक्रोनाइज्ड प्लेटफॉर्म पर विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीता और कई मौकों पर विश्व कप का स्वर्ण जीता, लेकिन दोनों ने अभी तक एक साथ ओलंपिक स्वर्ण पदक नहीं जीता है। चेन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि क्वान और मैं पेरिस ओलंपिक में सिंक्रोनाइज्ड 10 मीटर में एक साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे और उम्मीद है कि हम खिताब जीत सकते हैं।

## हरमनप्रीत के गोल से भारत ने पिछड़ने के बाद जापान से मैच ड्रॉ कराया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**चेन्नै,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के तीसरे क्वॉर्टर में दसवें पेनल्टी कॉर्नर पर दागे एकमात्र गोल की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पिछले उपविजेता जापान को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी ,चेन्नै 2023 में अपने दूसरे राउंड रॉबिन लीग मैच में एक-एक गोल की बराबरी पर रोक अंक बांटने पर मजबूत कर दिया। भारत ने इस साल राउरकेला में विश्व कप में जापान को 8-0 से हरा नौवां स्थान पाया था। केन नाकायाशी ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर जापान को 1-0 से आगे भारत को चौंका दिया। भारत को मैच में 15 पेनल्टी कॉर्नर मिले और इनमें से दर्जन भर अकेले उसके तुरुप के ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने लिए लेकिन इनमें से दस पर जापान के %रशर% राइकी फुजीशिमा ने तेज फर्राटा लगा अपनी स्टिक पर ले रोक कर नाकाम कर दिया। भारत इस मैच के ड्रॉ रहने का कारण उसके हरमनप्रीत सिंह का %अपने' प्रमुख अस्त्र पर पेनल्टी कॉर्नर पर एक निशाना सही लगा पाने के साथ अग्रिम पंक्ति गुरजंट सिंह, मनदीप सिंह और आकाशदीप, सुखजीत सिंह ने आक्रामक सेंटर हाफ उपकप्तान हार्दिक सिंह और मनप्रीत सिंह द्वारा आगे बढ़ाई गेंद पद जापान की डी में गोल पर पहुंचने के बावजूद तेज शॉट गोल पर लगाने की बजाय केवल पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने पर ध्यान लगाने के कारण ही जिस मैच को भारत को जीतना चाहिए था और उसे ड्रॉ करने पर मजबूर होना पड़ा। भारत के अब दो मैचों से चार अंक हैं जबकि जापान के दो मैचों से मात्र एक अंक हैं।

भारत की अग्रिम पंक्ति में गुरजंट सिंह, मनदीप सिंह और आकाशदीप ने आक्रामक सेंटर हाफ उपकप्तान हार्दिक सिंह और मनप्रीत सिंह द्वारा बढ़ाई आगे बढ़ाई गेंद पद जापान के गोल पर हमले बोले और पहले क्वॉर्टर में सात पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन इन पर ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के पांच फ्लिक को जापान के %रशर राइकी फुजीशिमा ने तेज दौड़ लगा रोक कर उन्हें गोल करने और अपनी टीम को बढ़त दिलाने से रोक दिया। भारत के स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह और गुरजंट सिंह ने डी में पहुंचने के बाद शॉट लेने की बजाय पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के फेर में मैदानी गोल करने की कोशिश करते ही नहीं नजर आए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अंततः दसवें पेनल्टी कॉर्नर पर सटीक जमीनी फ्लिक से तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से पहले गोल भारत को एक-एक की बराबरी दिला दी। भारत ने दो पेनल्टी कॉर्नर इनडायरेक्ट भी गोल करने के कोशिश की लेकिन इस पर गेंद ही ठीक से नहीं रुकी। नवोदित स्ट्राइकर कार्ति सेल्वम भी पहले क्वॉर्टर के आखिर में गेंद को लेकर डी में पहुंच लेकिन खुद गोल करने के फेर में चूके और भारत के हाथ आया बढ़त लेने का मौका चूके शमशेर और मनदीप भी गेंद को कब्जे के जापान के गोल पर शॉट लेने से चूकते रहे। भारत की रक्षापंक्ति में अमित रोहिदास ने अकेले ही बेहद मुस्तैदी दिखाते हुए भारत के किले की बढिया चौकसी की। केन नागायाशी ने मैच के 28 वें मिनट में गोल कर जापान का खाता खोला। पिछली उपविजेता जापान ने हाफ टाइम तक नगायाशी के गोल से 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने तीसरा क्वॉर्टर होने से दो मिनट पहले दसवें पेनल्टी कॉर्नर गोल कर अंततः भारत को एक-एक की बराबरी दिला दी। भारत ने इसके बाद पांच और पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन इनको गोल में बदलने में नाकाम रहने के साथ सुखजीत सिंह ने आखिरी पांच मिनट में मैदानी गोल करने के दो मौके गंवाए और इससे ही जीत से चूक गया।

■ 15 में से एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने से जीत भारत के हाथ से फिसली

■ जापान के रशर फुजीशिमा ने बेहतरीन पूर्वानुमान से रोके हरमन के ड्रैग फ्लिक



# देश

उवाच "

मणिपुर से लेकर हरियाणा तक भाजपा शासित राज्य जल रहे हैं। बरेली में दंगा कराने की साजिश हुई भाजपा सरकार दंगाइयों को शह देती है और कानून व्यवस्था बनाने वाले अधिकारियों को दंडित करती है।

-अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.0 | 28.0 |
| मुंबई | 30.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 29.0 |

# कर्नाटक में दो सौ यूनिट तक बिजली फ्री

## मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने चुनावी वादा किया पूरा

**कलबुर्गी/कर्नाटक**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार ने अपना चुनावी वादा पूरा करते हुए 200 यूनिट तक फ्री बिजली देने का ऐलान

■ गृह ज्योति मुफ्त बिजली योजना से 2.14 करोड़ परिवारों को मिलेगा फायदा

किया है। सरकार ने शनिवार को कलबुर्गी शहर में गृह ज्योति मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की। सरकार की इस योजना से करीब 2.14 करोड़ परिवारों को फायदा मिलेगा। कांग्रेस सरकार ने कहा कि गृह ज्योति योजना से करीब 2.14 करोड़ परिवार मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठा सकेंगे। इस योजना के लिए लगभग 1.41 करोड़ लोग पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं। यह योजना एक जुलाई को लागू की गई थी। राज्य में हर घर के लिए 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने की योजना शुरू करने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अब वह भाजपा शासित राज्यों में मुफ्त योजनाओं को लागू करे। कलबुर्गी में एक विशाल सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि लोग गुजरात मॉडल के बारे में बहुत बात करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें



**हमें गुजरात मॉडल की जरूरत नहीं है, हमने कर्नाटक मॉडल शुरू किया है : सिद्धारमैया**

गुजरात मॉडल की जरूरत नहीं है। हमने कर्नाटक मॉडल शुरू किया है। पांचों गारंटी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। विपक्ष अफवाह फैला रहा है। पीएम ने कहा था कि अगर गारंटी योजनाएं लागू की गईं तो राज्य दिवालिया हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने शक्ति योजना शुरू की है, जिससे महिलाएं पूरे राज्य में सरकारी स्वामित्व वाली बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि गृह लक्ष्मी योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके तहत बीपीएल परिवारों की सभी महिला मुखिया को 2,000 रुपये भत्ता दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा निधि योजना के लिए भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके तहत स्नातक और डिप्लोमा धारकों को दो साल के लिए 3,000 रुपये और 1,500 रुपए भत्ता दिया जाएगा। सरकार ने अन्न भाग्य योजना भी शुरू की है।

### 24 अगस्त से शुरू की जाएगी गृह लक्ष्मी योजना

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने यह भी घोषणा की है कि 24 अगस्त से गृह लक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के 1.28 परिवारों को इस योजना के तहत 2,000 रुपए का भत्ता मिलेगा। वहीं, उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने कहा है कि अगर हम मुफ्त योजनाएं लागू करेंगे तो राज्य दिवालिया हो जाएगा। शिवकुमार ने सवाल किया, मैं पीएम मोदी से पूछना चाहता हूं।

### मोदी ने देश को दिवालिया कर दिया है : सिद्धारमैया

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पीएम मोदी ने इस देश को दिवालिया कर दिया है। वहीं, वादे पूरे करने के बाद भी कर्नाटक मजबूत स्थिति में है। जब भाजपा सत्ता में आई तो उन्होंने संसाधनों को लूट लिया और बेरोजगारी बढ़ा दी। उन्होंने गरीबों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के साथ घोर अन्याय किया है। उन्होंने कहा, गरीब विरोधी केंद्र सरकार ने पहले अन्न भाग्य योजना में चावल देने का वादा किया और बाद में चावल देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी महंगाई के जरिए लोगों का पैसा लूट रहे हैं। सीएम ने कहा कि बीजेपी के वरिष्ठ नेता एल.के. आडवाणी ने कहा कि कल्याण कर्नाटक क्षेत्र में आर्टिकल 371 लागू करना असंभव है। लेकिन, कांग्रेस ने इसे लागू किया और उन्हें गलत साबित कर दिया।

## 370 हटाने की बरसी पर अमरनाथ यात्रा स्थगित

**जम्मू**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को जम्मू के बेस कैंप से अमरनाथ श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ गुफा की ओर रवाना नहीं किया गया है। बताया गया जम्मू के जिला आयुक्त ने इस संबंध में देर रात को आदेश तो दिया था पर रातभर सरकारी प्रवक्ता ऐसा कोई आदेश जारी होने से इनकार करते रहे।

इतना जरूर था कि श्रीनगर से बालटाल और पहलगाम के लिए अमरनाथ श्रद्धालुओं को आगे जाने दिया गया था। 5 अगस्त 2019 को राज्य के दो टुकड़े करने और उसकी पहचान खत्म किए जाने की कवायद के बाद यह दूसरा अवसर था कि अनुच्छेद-370 हटाए जाने की बरसी पर प्रशासन ऐसे कदम उठाने पर मजबूर हुआ था। हालांकि पिछले साल उसने खराब मौसम का बहाना लगा 4 अगस्त को ही यात्रा को गैर सरकारी तौर पर खत्म कर दिया था।



जबकि वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना के कारण अमरनाथ यात्रा संपन्न ही नहीं हो पाई थी। अमरनाथ यात्रा को विभिन्न कारणों से स्थगित करने का सिलसिला कोई नया नहीं है। वर्ष 2008 में यह सिलसिला तब आरंभ हुआ था जब अमरनाथ भूमि विवाद के चलते पूरे राज्य में फैली हिंसा के चलते इसे कई कई दिनों तक रोके रखा गया था और वर्ष 2016 की 8 जुलाई को हिज्बुल मुजाहिदीन के पोस्टर ब्याय बुरहान वानी की मौत का 'डर' इतना था कि वर्ष 2018 तक उसकी बरसी पर लगातार कई दिनों तक यात्रा को स्थगित रखा जाता रहा है। यात्रा स्थगन में 13 जुलाई का दिन भी हर साल अक्सर जुड़ जाया करता था जब कश्मीर के वर्ष 1931 के शहीदों की याद में सरकारी समारोह मनाया जाता रहा था।

# बुनियादी ढांचा का विकास केंद्र सरकार का मुख्य फोकस : शाह

**भुवनेश्वर**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान बुनियादी ढांचे का विकास मोदी सरकार का मुख्य फोकस रहा है।

शाह ने यहां केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की मौजूदगी में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास के बिना देश में कोई भी विकास संभव नहीं है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि 2022-2023 के दौरान हर दिन 22 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क बिछाई जाएगी जबकि 2014-15 के दौरान महज 12 किमी सड़कों का निर्माण होता था। ओडिशा के कामख्यानगर और दुबुरी को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 53 पर 51 किलोमीटर लंबे 4-लेन खंड का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह सड़क ओडिशा के खनिज समृद्ध अंगुल एवं ढेंकनाल जिलों को राष्ट्रीय राजमार्गों तथा देश से जोड़ेगी जिससे राज्य की



■ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा राष्ट्रीय राजमार्ग का 51 किलोमीटर लंबा 4-लेन वाला हिस्सा 761 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है और इसमें दो प्रमुख पुल, सात छोटे पुल, सात अंडरपास, दो पशु अंडरपास तथा 1.73 किलोमीटर लंबा बाईपास है।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री की प्रशंसा की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार द्वारा किए गए बुनियादी ढांचे के विकास का हमेशा समर्थन करने और राज्य में नक्सली खतरे से निपटने में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 9 वर्षों के दौरान ओडिशा को 23,83,000 लाख करोड़ रुपए प्रदान किए हैं जबकि 2004 से 2014 के दौरान यूपीए सरकार ने केवल 2,93,000 लाख करोड़ प्रदान किए थे।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में आए भूकंप के हल्के झटके

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में शनिवार को एक के बाद एक भूकंप के दो हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप का पहला झटका सुबह आठ बजकर 36 मिनट पर महसूस किया गया जिसका केंद्र पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शांगला में दर्ज किया गया। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग से 184 किमी दूर पश्चिमोत्तर में 35.46 आक्षांश और 73.32 देशांतर पर सतह से 129 किमी की गहराई पर था। दूसरा झटका 10 बजकर 24 मिनट पर आया जिसका केंद्र अफगानिस्तान में था। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 मापी गई।

### असम में 30 किलो गांजा जब्त, तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने शनिवार को गुवाहाटी में तीन संदिग्ध ड्रग डीलरों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 30 किलोग्राम गांजा जब्त किया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, एक विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और पुलिस टीम ने शहर के खानापारा इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया। अधिकारी ने कहा कि जब्त ड्रग्स की कीमत विदेशी बाजार में लगभग 15 लाख रुपए है।

### उप्र के औरैया में स्कूल बस पलटी, 25 बच्चे चोटिल

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के फफूंद क्षेत्र में शनिवार को एक स्कूली बस के पलटने से उसमें सवार करीब 25 बच्चे चोटिल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के कस्बा अछल्दा स्थित मार्शल हेराल्ड पब्लिक स्कूल की बस सुबह बच्चों को लेने गांव जा रही थी। बस फफूंद थाने के गांव भैंसोल के पास पहुंची कि अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी। हादसे के चलते बच्चों की चीख पुकार मच गई। ग्रामीण दौड़े और कड़ी मशक्कत कर बच्चों को बाहर निकाला। इस बीच बस का चालक मौके से भाग निकला।

### श्रीरंगम मंदिर के पूर्वी प्रवेश द्वार की टॉवर की दीवार गिरी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विश्व प्रसिद्ध श्रीरंगम श्री रंगनाथस्वामी मंदिर के पूर्वी प्रवेश स्तम्भ की दीवार का एक हिस्सा शनिवार सुबह ढह गया। यहां प्राप्त सूचनाओं में कहा गया है कि सुबह करीब दो बजे हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पूर्वी तरफ के प्रवेश द्वार की पहले और दूसरे स्तर की परिसर की दीवारों में दरारें आने के बाद मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान पहले स्तर की दीवार का एक हिस्सा ढह गया। इस घटना से आज सुबह मंदिर में जमा हुये भक्तों में हड़कंप मच गया। शनिवार का दिन वैष्णव देवताओं के लिए शुभ माना जाता है।

# लालू-राहुल की भेंट जदयू को किनारे लगाने के संकेत : सुशील

**पटना**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की भेंट, बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को किनारे लगाने का संकेत है। मोदी ने बयान जारी कर कहा कि मोदी सरनेम वाले सभी व्यक्तियों को चोर बताने वाली गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी के कारण राहुल गांधी की सजा पर सर्वोच्च न्यायालय ने सिर्फ रोक लगाई है, उन्हें दोषमुक्त नहीं किया है।



इससे उन्हें मिली तात्कालिक राहत पर लालू प्रसाद सबसे ज्यादा खुश और नीतीश कुमार सबसे ज्यादा दुखी होंगे। उन्होंने कहा कि कोर्ट के फैसले के बाद राहुल गांधी ने सबसे पहले सिर्फ लालू प्रसाद से भेंट की और जदयू को दरकिनार रखा। भाजपा सांसद ने कहा कि उत्साहित कांग्रेस अब राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के अघोषित उम्मीदवार के रूप में खुल कर प्रोजेक्ट करेगी। उसके बढ़ते प्रभाव वाले गठबंधन में नीतीश कुमार, शरद पवार और ममता बनर्जी को ज्यादा तरजीह क्यों मिलेगी। बेंगलुरु बैठक में ही जब कांग्रेस ने नीतीश कुमार की उपेक्षा शुरू कर दी थी, तब मुम्बई बैठक में विपक्षी गठबंधन का संयोजक पद ऐसे व्यक्ति को मिलना मुश्किल है, जो स्वयं दूल्हा बनना चाहता हो। राहुल गांधी और लालू प्रसाद मिलकर जब संसदीय चुनाव के लिए टिकट का बंटवारा करेंगे, तब जदयू को किनारे ही लगायेंगे। कानून की नजर में राहुल गांधी अब भी मानहानि के मामले में सजायाफ्ता हैं, यह अलग बात है कि सजा पर रोक लगने से फिलहाल उनकी संसद-सदस्यता बहाल हो सकती है।

# मप्र की जनता पूछेगी चुनी सरकार कितने में गिराई गई : कमलनाथ

**भोपाल**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी चुनाव घोषणा पत्र बनाने जनता से सुझाव लेगी। इसके लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से जनता से सुझाव लिए जाएंगे। इसके लिए चुनाव घोषणा पत्र का अभियान शुरू करेगी। इस पर पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने निशाना साधा है। कमलनाथ ने शनिवार को ट्वीट किया कि भाजपा अपने घोषणा पत्र के लिए विधानसभाओं में सुझाव पेटी लेकर जा रही है। भाजपा से जनता से पूछेगी कि चुनी हुई सरकार कितने में गिराई। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा भाजपा अपने घोषणापत्र के लिए विधानसभाओं में 'सुझाव पेटी' लेकर जा रही है। जनता सुझाव देने की जगह भाजपा से ये 'सवाल' पूछेगी कि सौदेबाजी कर आपने जनता की चुनी सरकार को क्यों गिराया। कमलनाथ ने कहा कि जनता भाजपा को कुछ सुझाव तो ये देगी कि देश को और न बांटें। नफरत और डर फैलाने का एजेंडा बंद करें। महिलाओं का अब और अपमान न करें। नौकरी-परीक्षा के घोटालों से जन्मी बेरोजगारी से युवाओं को बचाएं। गरीबों, किसानों, मजदूरों का शोषण रोकें।



■ प्रदेश में आदिवासियों पर बढ़ते उत्पीड़न को लेकर साधा निशाना

काम-कारोबार व विकास को भ्रष्ट नीतियों से न मारें। आदिवासियों-दलितों का उत्पीड़न-शोषण न करें। मुनाफाखोरों से कमीशन खाकर महंगाई न बढ़ाएं। मप्र को भाजपाई भ्रष्टाचार का मॉडल न बनाएं।

मतलब हमारे 'चुनाव-सुझाव' के रूप में चुनी हुई सरकार को क्यों गिराया और ये भी कि कितने में गिराया, और खर्चा किया हुआ पैसा फिर कहां-कहां से कमाया? उन्होंने आगे कहा कि आज जब जनता का भाजपा पर ही विश्वास नहीं रहा है तो उसके घोषणापत्र पर क्या होगा।

## बिहार में स्वर्ण आभूषण कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**पटना/गोपालगंज**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक स्वर्ण आभूषण कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी और आसानी से चलते बने। इस मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस ने बताया कि नरैनिया मोहल्ले के रहने वाले कारोबारी प्रिंस कुमार शनिवार को घर से कुछ आभूषण लेकर अपनी मोटरसाइकिल से निकले थे। इसी दौरान जिगना ढाला के पास अपराधियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक एक बाइक पर सवार होकर तीन लोग आए थे और घटना को अंजाम देकर निकल गए। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। घटना के बाद से व्यवसायियों में आक्रोश है। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि घटना के बाद से ही अपराधियों की गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है। पूरे मामले की जांच और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हथुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।



■ अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित

# कावेरी जल के लिए सिद्धारमैया से बात करें स्टॉलिन : पलानीस्वामी

**चेन्नई**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। अन्नाद्रमुक महासचिव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के.पलानीस्वामी (ईपीएस) ने शनिवार को मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को सलाह दी कि वह कावेरी नदी से आवश्यक पानी तुरंत छोड़ने के लिए कर्नाटक सरकार से आग्रह करें ताकि तमिलनाडु डेल्टा के किसानों को लाभ मिल सके। अन्नाद्रमुक नेता ने कहा कि वर्तमान में कर्नाटक के जलाशय में 80 प्रतिशत पानी है और इसलिए मुख्यमंत्री स्टालिन को अपने समकक्ष से मिलने और पानी की छोड़ना सुनिश्चित करने के लिए बेंगलुरु जाना चाहिए। ईपीएस ने कहा कि कर्नाटक ने जून, जुलाई और अगस्त 2023 में पानी नहीं छोड़ा है।

अगर कावेरी का पानी ठीक से और समय पर छोड़ा गया तो 3.5 लाख एकड़ डेल्टा क्षेत्र की फसलें बच सकती हैं। उन्होंने कहा कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस कर्नाटक में सत्ता में है जो कावेरी जल छोड़ने में दिक्कतें पैदा कर रही है। ईपीएस ने कहा कि जब तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक सरकार सत्ता में थी तो उसने कर्नाटक से कावेरी जल की उचित और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की थी। ईपीएस, जो



■ अन्नाद्रमुक ने उठाए कई सवाल
■ पानी समय पर छोड़ा गया तो 3.5 लाख एकड़ डेल्टा क्षेत्र की फसलें बच सकती हैं

वर्तमान में राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं, ने कहा कि कर्नाटक सरकार कावेरी जल प्रबंधन बोर्ड के फैसले को मानने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री एस. दुरईमुरुगन ने हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह चौहान से मुलाकात की थी और कहा था कि कावेरी जल प्रबंधन बोर्ड ने कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के लिए तुरंत पानी छोड़ने का निर्देश दिया है।

## न्यायालय ने भाजपा को कड़ा सबक सिखाया : कांग्रेस

**गुवाहाटी**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। मोदी उपनाम मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को मिली राहत के बाद असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने शनिवार को भाजपा पर तीखा हमला बोला। बोरा ने कहा कि मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर कोर्ट के स्थगन आदेश ने भगवा पार्टी को करारा सबक सिखाया है। असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने दावा किया कि राहुल गांधी ने बहुचर्चित उद्योगपति गौतम अडानी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच सांठगांठ का भंडाफोड़ किया था और इससे भाजपा उन्हें संसद से बाहर करने के लिए बेचैन हो गई थी। भूपेन बोरा ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि भाजपा राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रच रही थी। जब हमारे नेता ने संसद में अडानी मुद्दे पर बात की तो भाजपा बहुत असहज और भयभीत थी। सत्तारूढ़ दल ने राहुल गांधी को सच बोलने से रोकने के लिए हर हथकंडे का इस्तेमाल किया है। ईडी ने उनसे 62 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। असम कांग्रेस नेता के मुताबिक कोर्ट के फैसले ने बीजेपी को कड़ा सबक सिखाया है। इस बीच, असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने कहा कि हमने शुरू से कहा है कि भाजपा ने राहुल गांधी को संसद से दूर रखने के लिए उनके खिलाफ साजिश रची है।

■ मोदी उपनाम मामले में भाजपा पर साधा निशाना

# गौरीकुंड में भूस्खलन में लापता लोगों की संख्या बढ़कर 23 हुई

**रुद्रप्रयाग/देहरादून**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ मंदिर जाने के अंतिम पड़ाव गौरीकुंड में गुरुवार देर रात भूस्खलन के बाद लापता व्यक्तियों की पुष्ट संख्या शनिवार को 23 हो गई है। इनमें तीन के शव शुक्रवार को बरामद कर लिए गए, जबकि अभी 20 लोगों की तलाश तीसरे दिन भी जारी रही। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने शनिवार शाम बताया कि गौरीकुंड भू-स्खलन से लापता/ मृत व्यक्तियों की संख्या 23 हो गई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय व्यक्तियों द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर, उक्त लापता व्यक्तियों में नेपाल मूल के 17, जनपद रुद्रप्रयाग के चार, अन्य राज्य के दो लोगों सहित कुल संख्या 23 है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जो तीन लोगों के शव बरामद हुए हैं, उनके नाम पूर्व जारी सूची में शामिल नहीं थे। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों द्वारा की गई शिनाख्त के अनुसार तीनों व्यक्ति नेपाल मूल के हैं। जिनमें देवी बहादुर, टेक बहादुर व प्रकाश टम्टा शामिल हैं। रजवार ने बताया कि अभी भी अन्य 20 लापता व्यक्तियों में आशु उम्र 23 साल निवासी जलई, प्रियांशु चमोला पुत्र कमलेश चमोला, 18 साल, निवासी तिलवाड़ा, रणबीर सिंह, 28 साल, निवासी बस्ती, अमर बोहरा पुत्र मान बहादुर बोहरा, निवासी नेपाल, अनिता बोहरा पत्नी अमर बोहरा, उम्र 26 साल, निवासी नेपाल आदि हैं।



■ 20 लोगों की तलाश तीसरे दिन भी रही जारी

**प्रयास** *कश्मीरी पंडितों को अपने घरों में वापस लौटाने में अक्षम साबित हुई सरकार*


# 33 सालों के बाद भी सुरक्षित क्षेत्रों में फ्लैट्स का सहारा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कश्मीर से पलायन करने के 33 सालों के बाद भी कश्मीरी पंडितों की कश्मीर वापसी के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं उन्हें सुरक्षित क्षेत्रों में फ्लैट्स का ही सहारा है। अर्थात अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद शांति लौट आने के दावों के बावजूद उनकी वापसी कहीं नहीं दिख रही है।**

ऐसा इसलिए है क्योंकि कश्मीर अभी भी हिंसा से जूझ रहा है जिसमें औसतन एक मौत प्रतिदिन आतंकी हिंसा में हो रही है। कश्मीर में विस्थापित कश्मीरी पंडितों, सरकारी कर्मचारियों और अन्य नागरिकों की समस्या काफी पुरानी है।

लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं कि इन लोगों को फिर से कश्मीर में बसाया जाए। सरकार के मुताबिक, इन लोगों के लिए सरकार की ओर से फ्लैट्स भी बनाए जा रहे हैं। दो



■ अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद शांति लौट आने के दावे बेअसर

दिन पहले सरकार ने संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा है कि पिछले 3 सालों में 880 फ्लैट्स तैयार भी हो गए हैं। हालांकि फ्लैट्स उन कश्मीरी पंडितों को दिए जा रहे हैं जिनमें से अधिकतर कश्मीर में सरकारी नौकरी करने को राजी हैं। पर यह बात अलग है कि पिछले कुछ सालों में कश्मीरी पंडितों को टारगेट बना किए जाने वाले हमलों के कारण कश्मीरी पंडित इन फ्लैट्स में भी अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं। दरअसल, कश्मीर घाटी में 1990 में हुई हिंसा के चलते हजारों लोगों को घाटी छोड़नी पड़ी थी। इसमें से ज्यादातर लोग कश्मीरी पंडित थे। बाद में केंद्र सरकार ने इन कश्मीरी पंडितों को वापस बसाने के लिए प्रधानमंत्री पुनर्वास योजना के तहत सरकारी नौकरी देनी शुरू की। इन नौकरियों के तहत आए लोगों को काफी दिनों तक शेयरिंग वाले रूम और खराब सुविधाओं के साथ रहना पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रांजिट हाउस योजना शुरू की गई। कश्मीर में विस्थापित कश्मीरी पंडितों, सरकारी कर्मचारियों और अन्य नागरिकों की समस्या काफी पुरानी है। लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं कि इन लोगों को फिर से कश्मीर में बसाया जाए।

कश्मीरी पंडितों के संगठन पनुन कश्मीर के नेताओं के बकौल, कश्मीर अभी भी असुरक्षित है। दावे चाहे जितने भी करें सुरक्षित माहौल नहीं दिख रहा है। हालांकि वे वितस्ता अर्थात जेहलम के किनारे एक अन्य केंद्र शासित प्रदेश स्थापित कने की मांग लंबे अरसे से कर रहे हैं ताकि वे उसमें सुरक्षित तौर पर रह सकें। पर सरकारी फ्लैट्स में भी अब भयभीत होने वाले कश्मीरी पंडितों को लगता नहीं है कि उनके लिए बसाए जाने वाला अलग शहर भी सुरक्षित हो पाएगा।

कश्मीर घाटी में सुरक्षा के हालात में सुधार के दावों के बावजूद सरकार कश्मीरी पंडितों को उनके घरों में वापस लौटाने में अक्षम साबित हुई तो उसने 6000 ट्रांजिट हाउस बनाने का काम शुरू किया है।

# परसापानी में 45 लोगों की मलेरिया जांच,एक पॉजिटिव

## सर्वे कराने सीएमएचओ खुद पहुंचे गांव

## गांव में है 18 घर, कुल आबादी 97, जुलाई में दी गई थी सभी घरों में मच्छरदानी, दवा वितरण के साथ कराया गया स्प्रे




**बिलासपुर**,5 अगस्त ( देशबन्धु) ।कोटा क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरिया के आश्रित ग्राम परसा पानी में शुक्रवार को मलेरिया के चार मरीज मिले थे जिसमें 18 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई है।

शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश शुक्ला मलेरिया विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को लेकर के परसा पानी गांव पहुंचे।

जहां सभी घरों का सर्वे कराया गया।45 लोगों का रक्त पट्टिका से मलेरिया का जांच हुआ जिसमें एक का रिपोर्ट पॉजिटिव आया है। सीएमएचओ डॉ शुक्ला ने बताया कि मलेरिया पॉजिटिव को घर में ही रखकर दवाई दी गई है।गांव में कैंप भी लगाया गया है।

गांव में कुल 18 घर हैं, जिसकी कुल आबादी 97 है।सभी घरों में सर्वे के साथ ही स्प्रे भी कराया गया है। हाल ही में जुलाई महीने में सभी घरों में दो-दो मच्छरदानी यों का भी वितरण किया गया था। मलेरिया के मामले सामने आने के बाद अब पूरे गांव में स्प्रे कराया गया है। लोगों को मलेरिया से बचाव के तरीके भी बताए गए हैं। इस दौरान डीईओ डॉ मनोज सेमुअल, डीपीएम प्यूली मजूमदार, बीपीएम श्वेता सिंह, कृष्ण कुमारी, नौसाद अहमद, सहित मलेरिया विभाग और समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा के स्टाफ मौजूद रहे।

### 5 लोगों का सीएचसी रतनपुर में चल रहा इलाज

सीएमएचओ डॉ राजेश शुक्ला ने बताया कि परसा पानी गांव के तीन और कूपा बांधा के दो मलेरिया पॉजिटिव मरीज को उपचार के लिए रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां मरीजों का उपचार डॉक्टर द्वारा किया जा रहा है। सभी मरीज ठीक हैं जल्द ही इन्हें डिस्चार्ज भी कर दिया जाएगा।परसा पानी में डॉक्टरों की ड्यूटी लगा कर शिविर लगाई गई है।

### प्रतिदिन रिपोर्टिंग और मुख्यालय में रहने के निर्देश

सीएमएचओ डॉ राजेश शुक्ला ने कोटा ब्लॉक के समस्त वर्करों से कहा कि मुख्यालय में रहकर ही कार्य करें समस्त गांव का सर्वे करते रहे प्रतिदिन सीएमएचओ कार्यालय में इसकी रिपोर्टिंग भी करें इसके साथ ही सीएमएचओ डॉ शुक्ला रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां मलेरिया पीड़ितों से चर्चा करते हुए उनकी हालचाल जाना साथ ही सीएससी प्रभारी डॉ अविनाश सिंह बेहतर उपचार के निर्देश दिए।

### मलेरिया के साथ डायरिया से भी बचाव के लिए लोगों को किया जागरूक

सीएमएचओ डॉ शुक्ला और अफसरों ने गांव में सर्वे के दौरान लोगों को मलेरिया के साथ ही डायरिया से भी बचाव के लिए जागरूक किया। बासी भोजन ना करने की सलाह दी, पानी उबालकर पीने को कहा, क्लोरीन की दवा भाटी साथ ही गांव में शिविर लगाकर 77 लोगों की जांच भी की है।

# कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल

**बिलासपुर** , 5 अगस्त (देशबन्धु) ।हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम भादुडी, कार्यपालक अध्यक्ष छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर के द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम हेतु सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को आवश्यक निर्देश जारी किये गए हैं। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियाल ने बताया कि कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देशानुसार सालसा द्वारा इस संबंध में एक उपयुक्त प्रशिक्षण मॉडयूल एवं एसओपी तैयार कर सभी जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को इस निर्देश के साथ प्रसारित किया गया है कि वे अपने जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर इस संबंध में कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। जिसमें संबंधित नियमों के बारे मे आवश्यक जानकारी प्रदान की जावेगी। जिससे कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोका जा सके और महिला कर्मचारी भयमुक्त होकर एवं सम्मानपूर्वक अपना कार्य कर सके। उपरोक्त कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम में सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अशासकीय कार्यालय के प्रमुख एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स को शामिल किया जावेगा।



श्री वारियाल ने बताया कि कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय एवं अन्य स्थानों पर जहां नियोक्ता एवं कर्मचारी,अधिकारी कार्यरत हों तो ऐसे स्थानों पर यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने एवं सख्ती से पालन किये जाने हेतु सभी कार्यालयों में एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाये, जिससे प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

# सार-संक्षेप

## जीवन की नित नयी प्राप्तियों को याद रखें तो खुशी कम नही होगी-बीके मंजू



**बिलासपुर** ,5 अगस्त (देशबन्धु) ।शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर मे परमात्मा को सतगुरु के संबंध से याद कर खुशी हर पल एडवांस कोर्स के पाचवे दिन की शुरूआत हुई।मंजू दीदी ने कहा कि परमात्मा सतगुरु मुक्ति, जीवन मुक्ति दाता है। परमात्मा हमे नित्य वरदानो से भरपूर करते है। विशेष परमात्मा महावाक्य सुनाते हुए दीदी ने कहा की पावरफुल मन की निशानी है सेकंड में जहां चाहे वहां पहुंच जाए, इसके लिए सदा अपने भाग्य के गीत गाते उड़ते रहो।ब्रह्म मुहूर्त से भाग्य की नई-नई बातें स्मृति में लाओ।कभी किसी प्राप्ति को सामने रखो कभी किसी को तो पुरुषार्थ में रमणीणता आ जाएगी। बोर नहीं होंगे नवीनता का अनुभव करेंगे। आगे कहा कि मनुष्य अक्सर अप्राप्तियो को स्मरण कर दुखी रहता है। अगर प्राप्तियो को याद करे तो मन की स्थिति दुरूस्त रहेगी। हम सभी परमात्मा के द्वारा एडाप्टेड बच्चे है।परमात्मा हमारे लिये स्वर्ग की स्थापना कर रहे है तो भविष्य के सुख के आगे वर्तमान परिस्थिति कुछ भी नही है। परस्थिति का सामना करने के लिए हर कर्म को सोच समझकर करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

## रेल्वे स्टेशनों का होगा कायाकल्प प्रधानमंत्री करेंगे शिलान्यास



**बिलासपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु) । अमृत भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 अगस्त को देश की 508 रेल्वे स्टेशनो का पुनर्विकास वाली योजना का आधारशीला रखेंगे जिसमे छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रायपुर सहित कुल सात रेलवे स्टेशन शामिल है। इस अवसर का साक्षी बनने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने जिले के विभिन्न मंडलों में निवासरत कार्यकताओं व नागरिक बंधुओं को बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने की अपील की है रेलवे मंत्रालय द्वारा आयोजित इस समारोह में प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रविवार की सुबह 9.30 बजे इस परियोजना का शिलान्यास करेंगे योजना में शामिल बिलासपुर समेत देश के सभी रेलवे स्टेशनों में इस कार्यक्रम के सीधा प्रसारण की व्यवस्था की गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, मस्तूरी विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, बेलतरा विधायक रजनीश कुमार सिंह, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय इस कार्यक्रम में शरीक होंगे। 244470 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना से छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अकलतरा, भिलाई पावर हाउस, तिल्दा - नेवरा सहित कुल सात रेल्वे स्टेशनो का कायाकल्प किया जाना है। श्री कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेशनों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से लैस किए जायेंगे बढ़ती हुई यात्री संख्या की दृष्टि से स्टेशनों का विस्तार किया जाना उल्लेखनीय कदम है इसमें रोजगार की संभावनाए भी बढ़ेंगी।

## सेंदरी स्कूल में मतदाताओं को जागरूक करने क्वीज प्रतियोगिता




**बिलासपुर** , 5 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सेंदरी में आज कक्षा नवीं से बारहवीं तक के बच्चों के बीच मतदाता जागरूकता क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई ।संस्था की प्राचार्य श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव ने सभी बच्चों को समान रूप से चार ग्रुपों में बांटकर प्रतियोगिता कराई। ग्रुप के नाम छत्तीसगढ़ की चार प्रमुख नदियों के नाम पर रखे गए ।इस प्रतियोगिता में आगामी विधानसभा/ लोकसभा के चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए क्वीज के माध्यम से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त ग्ररुप के बच्चों को पुरुस्कृत किया जाएगा। जागरूक मतदाता बनाने के लिए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सेंदरी में आज क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई ।नवीं से बारहवीं तक के बच्चों को प्रमुख नदियों के नाम से चार ग्ररुप बनाए गए . सभी ग्रुप में दो - दो व्याख्याताओं को प्रभारी बनाया गया .निर्णायक मंडल में भी दो व्याख्याता मनोनीत किए गए।

# तिफरा में होलसेल मार्केट की मांग उठी

**बिलासपुर**, 5 अगस्त ( देशबन्धु) ।छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने जिले के नवनियुक्त जिलाधीश से सौजन्य भेट कर उनका स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर नवदीप सिंह अरोरा एवम प्रदेश मंत्री अनिल एल वाधवानी के नेतृत्व में चैंबर के बिलासपुर इकाई के पदाधिकारियों ने कलेक्टर संजीव कुमार झा से उनके कार्यालय में मुलाकात की। स्वागत अभिनंदन के साथ ही उनके साथ जिले में व्यापार से संबंधित योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। जिसमे मुख्य रूप से यदुनंदन नगर स्थित सेक्टर डी में सीएसआईडीसी की आरक्षित भूमि में राज्य सरकार की होलसेल कॉरिडोर की योजना के तर्ज पर विभिन्न व्यापार हेतु योजनाबद्ध तरीके से जमीन उपलब्ध करा के वहा बसा के एक होलसेल मार्केट बनाने के संबंध में उनसे जानकारी साझा की गई। कलेक्टर ने इस विषय में जल्द ही उचित कदम उठाने एवम भविष्य में चैंबर के साथ मिल के अन्य दूसरी योजनाओं पे भी कार्य करने हेतु आशा व्यक्त की। इस दौरान उद्योग चैंबर अध्यक्ष नवदीप सिंह छाबड़ा, हर्षदीप सिंह होरा, कुलदीप साहू एवम अन्य भी उपस्थित रहे।



# अरब सागर से आ रही नमी युक्त हवा,बिलासपुर में छाए रहेंगे बादल

## 8 अगस्त से मानसूनी गतिविधियां फिर तेज होने की संभावना

## आज भी हुई बारिश

बिलासपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। न्यायधानी में मानसूनी गतिविधियां सक्रिय है। नॉनस्टॉप तीन दिनों की झड़ी के बाद अब वर्षा का सिलसिला कम हो चुका है। शुक्रवार को भू अभिलेख शाखा ने पांच मिलीमीटर वर्षा दर्ज किया है। इसके पहले 48 घंटों में 150 मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई हैं। फिलहाल अरब सागर से नमी युक्त हवा आ रही है। जिस वजह से बिलासपुर में अभी बादल छाए रहेंगे।

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डॉ एच पी चंद्रा के मुताबिक एक कम दबाव का क्षेत्र उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर भटिंडा,



जिंद, मेरठ, हरदोई, निम्न दाब के केंद्र, शांतिनिकेतन और मिजोरम पार करते हुए बांग्लादेश तक स्थित है।

प्रदेश में आज अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात भी होने की संभावना है।

अरब सागर से वातावरण के निम्न स्तर पर बहुत अधिक मात्रा में नमी आ रही है जिसके कारण प्रदेश में सामान्यत: आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। बता दें कि अभी अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास है वहीं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के करीब है। यानी दिन और रात के तापमान में सिर्फ दो डिग्री सेल्सियस का अंतर है।

बिलासपुर के अलावा पहाड़ी क्षेत्र पेंड्रा रोड में भी मौसम लगभग ऐसा ही बना हुआ है। मौसम को देखकर पर्यटक भी खुश हैं। शहर में संडे को घूमने फिरने अभी से प्लानिंग करने लगे हैं। ताकि आज और कल अवकाश का लाभ उठाया जा सके। दो दिन की झड़ी के बाद वातावरण में ठंडक महसूस होने लगी है गर्मी का असर लगभग खत्म हो गया है उमस भी कम हुआ है।

# अमानक खाद के मुद्दे पर क्लेटोरेट घेरेंगे भाजपा के किसान नेता

**बिलासपुर** , 5 अगस्त (देशबन्धु)।प्रदेश में बर्मी कंपोस्ट खाद के मुद्दे को लेकर विपक्षी भाजपा सरकार पर लगातार हमलावर रही है।

भारतीय जनता पार्टी चुनावी वर्ष में सरकार की नाकामियों को भुनाने के लिए कोई अवसर छोड़ना नहीं चाहती बर्मी कंपोस्ट खाद भी एक ऐसा मुद्दा जिसके गुणवत्ता को लेकर प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा सरकार को सड़क से लेकर सदन तक घेरते आ रही है। इसी तारतम्य में आज जिले के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भाजपा के किसान नेताओं ने जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत की उपस्थिति में मोर्चा जिलाध्यक्षों की एक बैठक कर 8 अगस्त दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे कलेटोरेट का घेराव करने निर्णय लिया है।घेराव कार्यक्रम में जिले के प्रत्येक विधानसभाओं से भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावे भारी संख्या में क्षेत्र के किसानों की भी शामिल होने का अनुमान है।भाजपा के किसान नेता जिला मोर्चा के अध्यक्ष दुर्गा कश्यप ने बताया कि सरकार द्वारा अमानक स्तर के खाद को दबाव पूर्वक किसानों को बेंची जा रही है, बर्मी कंपोस्ट के नाम पर धूल मिट्टी मुरूम को बेचा जा रहा है सरकार के इस तुगलकी फरमान के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी किसानों के हित में अनवरत लड़ाई लड़ रही है इस परिप्रेक्ष्य में आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाते हुए कलेक्टोरेट घेरने की योजना बनी है, पार्टी की तैयारियों को देख कर इस बार जिला मुख्यालय में एक बहुत ही बड़ा प्रदर्शन होने के आसार हैं इस निमित्त बैठक में किसान मोर्चा के साथ सभी मोर्चा प्रमुखों को भी बुलाया गया।



# कांग्रेस ने बेलतरा में मनाया जश्न

**बिलासपुर**, 5 अगस्त ( देशबन्धु) । कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता सांसद राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत व उनके सांसद पद पर बहाली पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलतरा द्वारा हर्ष व्याप्त व बधाई दी है।ब्लॉक अध्यक्ष झगर राम सूर्यवंशी बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के छाया विधायक राजेंद्र साहू ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी को बेवजह फसाया जा रहा है। वहीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव व पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेई, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष साखन दर्वे, जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने राहुल गांधी की बहाली को सत्य की जीत बताया है।सत्य मेव जयते का नारा लगाते हुए सभी को एक दूसरे ने मिठाई खिलाई और बधाई दी ।इस अवसर पर इंजीनियर लक्ष्मी कुमार गहवई, अशोक शुक्ला, अनील यादव, सभापति संध्या तिवारी, शिल्पी तिवारी, महेंद्र गढ़ेवाल, भूपेंद्र भारद्वाज, टी आर लहरें, टीकम सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, छोटकु साहू, किशन पटेल, सुजित यादव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# सलवा जुडुम, नक्सलियों के सामने सीना तानकर खड़े होते थे कर्मा

## शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती मनाई गई

**बिलासपुर** 5 अगस्त (देशबन्धु) ।जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन में शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती मनाई गई और उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि बस्तर टाइगर के नाम से जिनकी पहचान थी, महेंद्र कर्मा जी सच्चा आदिवासियों के रक्षक थे, जिन्होंने नक्सलियों के सामने सीने तानकर खड़े होने वाले महेंद्र कर्मा ने सलवा जुडूम के माध्यम से लगभग नक्सलियों के प्रसार को रोक दिए थे, इस से नक्सली इतने हताश और बखौलाहट में थे कि उनके जान के दुश्मन बन गए और 2013 की परिवर्तन यात्रा में नक्सली हमले में महेंद्र कर्मा जी शहीद हो गए ।



**NECC**

| 06.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.05 | 55 | 150 |
| चिल्हर | 5.00 | 70 | 175 |
| डिलीवरी | 4.20 | सैकड़ा | |

दर्जन अंडा 60 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

# देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की आपूर्ति में एसईसीएल की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रसाद

## कोल इंडिया चेयरमैन ने गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट्स का लिया जायजा

**कोरबा**, 05 अगस्त (देशबन्धु)।कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद शनिवार को कोरबा जिले में संचालित एसईसीएल की तीन मेगा प्रोजेक्ट्स गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा का दौरा किया। यहां की खनन गतिविधियों का जायज़ा लिया और शत-प्रतिशत योगदान करते हुए उत्पादन के वार्षिक लक्ष्य को हासिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की आपूर्ति के लिए एसईसीएल की भूमिका महत्वपूर्ण है।



चेयरमैन पीएम प्रसाद ने इससे पहले शुक्रवार रात गेवरा हाउस में एसईसीएल के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मेगा प्रोजेक्ट्स व कोरबा महाप्रबंधक उपस्थित रहे वहीं शेष एरिया महाप्रबंधक वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में एसईसीएल के कार्यनिष्पादन व इस वित्तीय वर्ष में अब तक हासिल लक्ष्यों के सम्बंध में वृहत प्रस्तुति दी गई । चेयरमैन कोल इण्डिया ने सभी एरिया के महाप्रबन्धकों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके लक्ष्य व चुनौतियों के बारे में बात की।

दौरे के अगले दिन आज श्री प्रसाद तड़के कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट के निरीक्षण पर पहुँचे। वे व्यू प्वाइंट गये तथा खनन गतिविधियों का निरीक्षण किया। कुसमुंडा टीम ने पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के ज़रिए क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी दी। कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट इस वित्तीय वर्ष 50 एमटी उत्पादन, 52 एमटी डिस्पैच व 60 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।इस वर्ष अब तक एरिया ने गत वर्ष की तुलना में कोयला उत्पादन में 49 प्रतिशत, ओबीआर में 44 प्रतिशत व डिस्पैच में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। प्रस्तुति के दौरान, एसईसीएल के तीन मेगा प्रोजेक्ट्स में लागू डिजीकोल परियोजना की चर्चा करते हुए बताया गया कि कोल इण्डिया में पहली बार, कुसमुंडा से सटे खोडरी गाँव में भूमि अधिग्रहण में डिजिटाइजेशन का पूर्ण प्रयोग हो रहा है।परियोजना में लगे ड्रोन की मदद से खदान के हॉल रोड के ग्रेडिएंट को सुधारने में मदद मिली है। चेयरमैन ने गेवरा एरिया में हाल हीं में उद्घाटित रैपिड रेल लोड आऊट सिस्टम का अवलोकन किया।डिस्पैच की इस आधुनिक व्यवस्था की क्षमता 20 एमटीवाई है।

### गेवरा के ग्राउण्ड जीरो पर पहुंचे चेयरमैन

चेयरमैन श्री प्रसाद ने गेवरा मेगा प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया।व्यू प्वाइंट से माईन प्लान की जानकारी लेने के उपरांत वे कोल फ़ेस गये तथा ग्राउंड-जीरो पहुँचकर खदान के विस्तार, वार्षिक लक्ष्य प्राप्ति आदि बिंदुओं पर चर्चा की।वे गेवरा के नये पब्लिक साइलो गये एवं कार्य के प्रगति की समीक्षा की। वे साइलो के व्यू प्वाइंट तक गये तथा रेल रेक की उपलब्धता , कोल स्टॉक , कोयला प्रेषण की रणनीति आदि बिंदुओं पर चर्चा किया।चेयरमैन दीपका मेगा प्रोजेक्ट भी गए तथा मलगाँव, सुआभोंडी आदि समीपवर्ती गाँवों के भूमि-अधिग्रहण की जानकारी ली।दौरे के दौरान एसईसीएल सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा, कम्पनी निदेशक मंडल से निदेशक तकनीकी (संचालन) एस के पाल, निदेशक (वित्त) जी श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एसएन कापरी, निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्या, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कुसमुंडा संजय मिश्रा एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक गेवरा एवं दीपका एस के मोहंती भी साथ थे।

प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188